e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 65

**सुविचार**
सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है!

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
07.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**रोजा का समय**
इफ्तार (07.03.25) : शाम 5.56 बजे
सेहरी (08.03.25) : सुबह 4.42 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

# भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए बाबूलाल मरांडी

## सभी विधायकों ने बाबूलाल मरांडी के नाम पर जताई सहमति

**मरांडी ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी ताकत से निभाऊंगा और विधायकों के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा.**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया. भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विधायक दल के नेता की बैठक में इस पर सहमति बनी. बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाए जाने की घोषणा पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने की. उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों की राय जानने के बाद सभी ने उनके नाम पर सहमति जताई है.विधायक दल का नेता बनाए जाने के बाद भूपेंद्र यादव और अन्य नेताओं ने बाबूलाल मरांडी को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर स्वागत किया. इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी ताकत से निभाऊंगा और विधायकों के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा. उन्होंने कहा कि सदन के अंदर और बाहर सभी को साथ लेकर चलूंगा. हम सभी विधायक मिलकर सदन के अंदर विपक्ष की भूमिका निभाने का काम करेंगे. मुझे उम्मीद है कि पार्टी के सभी बड़े नेताओं का मार्गदर्शन हमें मिलता रहेगा. इस अवसर पर केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में आए के लक्ष्मण ने बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद बाबूलाल मरांडी झारखंड के पहले मुख्यमंत्री हैं. बाबूलाल मरांडी को नेता बनाया गया, उनके नेतृत्व में पार्टी आगे बढ़ेगी और सदन में भाजपा एक मजबूत विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी.

### बाबूलाल मरांडी ने जताया आभार

विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों के साथ जनता की आवाज बनकर गरीब, दलित, शोषित, आदिवासी समाज के अधिकारों और उनकी समस्याओं को उठाने के लिए पूर्ण निष्ठा और क्षमता के साथ काम करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यवेक्षकों भूपेंद्र यादव और डॉ लक्ष्मण के साथ-साथ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश संगठन महामंत्री नागेंद्र, प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय समेत सभी विधायकों के प्रति आभार जताया है। इस मौके पर भाजपा के विधायक, सांसद ,प्रदेश अध्यक्ष, नेता,कार्यकर्ता गणों ने बाबूलाल मरांडी को बधाइयां दी।



### बैठक में ये रहे मौजूद

भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नामित पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव और के लक्ष्मण की मौजूदगी में हुई इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत कई नेता मौजूद रहे.

### पर्यवेक्षकों ने बंद कमरे में ली विधायकों की राय

नेता के चयन से पहले दोनों पर्यवेक्षकों ने बंद कमरे में एक-एक कर विधायकों की राय ली. उसके बाद बैठक शुरू हुई जिसमें सीपी सिंह और चंपाई सोरेन को छोड़कर सभी विधायक मौजूद थे. बैठक से अनुपस्थित रहने वाले दोनों विधायक रांची से बाहर होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हुए.

### मरांडी को नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए करेगी नाम की अनुशंसा

बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पार्टी जल्द ही उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए विधानसभा में उनके नाम की अनुशंसा करेगी. जिसके बाद विधानसभा में बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर नामित किया जाएगा.

### विधानसभा में कोयलांचल में रैयती जमीन पर अवैध खनन का मुद्दा गरमाया

# कमिटी का होगा गठन : स्पीकर



**माले विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत यह मामला उठाया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र सरकार पर 136 करोड़ रुपये बकाया होने की बात करती है, लेकिन सरकारी जमीन पर जारी अवैध खनन पर ध्यान नहीं दे रही है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में कोयलांचल क्षेत्र में सरकारी और रैयती जमीन पर अवैध खनन,ओबी डंपिंग और रैयतों के साथ हो रही गुंडागर्दी का मुद्दा गरमाया। माले विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत यह मामला उठाया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र सरकार पर 136 करोड़ रुपये बकाया होने की बात करती है, लेकिन सरकारी जमीन पर जारी अवैध खनन पर ध्यान नहीं दे रही है। अरूप चटर्जी ने कहा कि जब जमीन के असली मालिक रैयत इस मुद्दे पर विरोध जताते हैं, तो उन्हें दबा दिया जाता है। यह पूरा खेल राजनीतिक और पुलिस संरक्षण में चल रहा है। उन्होंने कोल इंडिया पर राज्य सरकार की जमीन पर अवैध खनन करने का आरोप लगाया। विधायक सरयू राय ने कहा कि कोल कंपनियां नदियों में ओबी डंपिंग कर रही हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है।विधायक जयराम महतो ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र के हर विधायक इस समस्या से परिचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनियों ने लठैत तैनात कर रखे हैं, जिससे लोकतंत्र की जगह लठैत तंत्र हावी हो गया है। उन्होंने देवप्रभा कंपनी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन उनका सहयोगी नहीं, बल्कि प्रशासन ही उनका है। भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने मामले की गंभीर जांच की जरूरत बताई। कई विधायकों ने इस मामले की विधानसभा की कमिटी से जांच कराने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने इस मुद्दे पर कमिटी गठित करने की बात कही और आश्वस्त किया कि इस पर उचित निर्णय लेकर सदन को सूचित किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### अलीपुरद्वार : हाथी के हमले में कर्मचारी की मौत

**अलीपुरद्वार :** रेलवे के अधीन काम करने वाली एक निजी कंपनी के कर्मचारी की कुनकी हाथी के पैरों से कुचलकर मौत हो गयी है। मृत व्यक्ति का नाम संदीप चौधरी है। वह उत्तर प्रदेश के नोएडा का रहने वाला था। वह एक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल थे। दरअसल, ट्रेन की टक्कर से हाथियों की मौत को रोकने के लिए नॉर्थ ईस्ट फंटियर रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव अलीपुरद्वार जंक्शन पर अत्याधुनिक घुसपैठ पहचान प्रणाली का उद्घाटन करने आए थे। उपकरण का उद्घाटन करने के बाद चेतन कुमार श्रीवास्तव, अलीपुरद्वार डिवीजन के महाप्रबंधक अमरजीत गौतम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी डिवाइस के प्रदर्शन की प्रत्यक्ष जांच करने के लिए राजाभातखावा के मधुतला इलाके में पहुंचे। इसीलिए चेकोबिट से जोनाकी और मुमताज़ नामक दो कुनकी हाथी लाया गया था।

### पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी बनी एक राष्ट्र एक चुनाव की जिला संयोजक

**प्रयागराज :** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी को संगठनात्मक 'एक राष्ट्र एक चुनाव' जनजागरण अभियान का महानगर, गंगापार एवं यमुनापार जिले की जिला संयोजक मनोनीत किया गया है.उनके मनोनयन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी के संयोजन में एक राष्ट्र एक चुनाव जन जागरण अभियान को सफल बनाया जाएगा। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि डॉ रीता बहुगुणा जोशी अभी दिल्ली में हैं, प्रयागराज आगमन पर उनका स्वागत किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ में पीडीएस का चावल लेकर जा रही टैक्टर ट्राली पलटी, 4 की मौत, 12 घायल

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के ग्राम ओरछा से पीडीएस का चावल लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली के पटल जाने से उसमें सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वहीं 05 महिला, 06 पुरुष एवं 01 बच्ची घायल हैं। गुरुवार सुबह एक व्यक्ति ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस तरह से इस हादसे में मरने वालों की संख्या चार हो गयी है। यह दुर्घटना बीती रात की है।

### छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से एनआईए ने 4 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा थाना क्षेत्र से एनआईए की टीम ने गुरुवार को सेना के जवान मोतीराम अचला की हत्या से जुड़े मामले में नक्सलियों से संपर्क रखने के आरोप में चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। एनआईए की टीम उनसे पूछताछ कर रही है। इससे पहले भी एनआईए की टीम ने आमाबेड़ा के इलाके में दो बार छापेमारी कर इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कांकेर एसपी आईके एलसेला ने आमाबेड़ा थाना क्षेत्र से एनआईए की टीम के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार करने की पुष्टि करते हुए बताया कि विस्तृत जानकारी एनआईए प्रेस नोट के माध्यम से देगी।



### रांची का तापमान

अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

### भारत आने से डरा मुंबई हमले का साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा, कहा

# भारत गया तो मारा जाऊंगा



एजेंसी

**वाशिंगटनः** 26/11 मुंबई हमले का साजिशकर्ता व पाकिस्तानी मूल के आतंकी और कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा ने अमेरिकी अदालत में एक याचिका दायर कर अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है। 2008 में मुंबई हमले को अंजाम देने की स्क्रिप्ट लिखने वाले साजिशकर्ता ने कहा कि अगर उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाता है तो इस बात की प्रबल संभावना है कि पाकिस्तानी मुस्लिम होने के नाते उसे प्रताड़ित किया जाएगा। उसने कहा, क्योंकि वह मुस्लिम धर्म से है और पाकिस्तानी मूल का है। साथ ही पाकिस्तान की सेना का सदस्य भी रहा है। उस पर 2008 में मुंबई में आतंकी हमला करने का आरोप लगाया गया है। इस वक्त उसकी हालत गंभीर है। ऐसे में उसे भारत भेजे जाने पर बहुत ज्यादा टॉर्चर किए जाने की आशंका है। उसने कोर्ट में दायर अपील में यह भी कहा कि हो सकता है उसे भारत जाने पर किसी त्वरित आदेश पर मार दिया जाएगा।तहव्वुर हुसैन राणा मूल रूप से पाकिस्तानी है, जो कि अब कनाडा का नागरिक है। इससे पहले वह शिकागो का नागरिक भी रह चुका है। उसने पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर के पद पर करीब 10 साल तक काम किया है, लेकिन बाद में नौकरी छोड़कर वह भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में संलिप्त हो गया। अदालत में पेश दस्तावेजों के मुताबिक वह 2006 से 2008 तक पाकिस्तान में मुंबई हमले के दूसरे साजिशकर्ता डेविड हेडली समेत कई आतंकी संगठनों के संपर्क में रहा। उसने मुंबई पर हमला करने के लिए पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैय्यबा और हरकत-उल-जिहाद-ए-इस्लामी की न सिर्फ मदद की, बल्कि इस पूरी प्लानिंग का हिस्सा रहा।

# उत्तराखंड का होगा आने वाला दशक : प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी

**उत्तरकाशी :** अपने एक दिवसीय दौरे पर उत्तरकाशी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले मुखबा गांव में मां गंगा के शीतकालीन गद्दी स्थल पर पूजा-अर्चना की.इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की. प्रधानमंत्री ने विधि-विधान से मां गंगा की पूजा कर भोग भी चढ़ाया. इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने रांसों नृत्य से प्रधानमंत्री का स्वागत किया. इसके बाद पीएम मोदी ने मुखबा गांव से ही भव्य हिमालय के दर्शन किए. प्रधानमंत्री काफी देर तक व्यू प्वाइंट से बर्फ से लकदक चोटियों के साथ ही हर्षिल घाटी से बहती भागीरथी नदी की सुंदरता को निहारते रहे.इसके बाद वो सड़क मार्ग से हर्षिल कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. जहां उन्होंने सबसे पहले उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा पर आधारित एक्जीबिशन का अवलोकन किया.उन्होंने ट्रैकिंग एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

पीएम मोदी ने हर्षिल में जनसभा को संबोधन किया. जिसमें उन्होंने कई योजनाओं का जिक्र किया. उनमें से पीएम मोदी ने पर्यटन पर विशेष जोर दिया. उन्होंने उत्तराखंड को पर्यटन स्टेट बताया.पीएम मोदी ने कहा, इस साल के बजट में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशनों को विकसित किए जाने का फैसला लिया गया है. इन रूट्स पर होटलों को इंफ्राटेक्चर का दर्जा दिया जाएगा. इससे पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी. उत्तराखंड में भी पर्यटन को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है.उन्होंने कहा कि केदारनाथ दौरे के दौरान मेरे मुंह से निकल पड़ा कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राजीव गांधी पर दिए बयान को लेकर मणिशंकर अय्यर पर अशोक गहलोत ने बोला हमला

एजेंसी

**जयपुरः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को अपने पार्टी के सहयोगी मणिशंकर अय्यर पर जमकर निशाना साधा और उन्हें 'सिरफिरा' (पागल व्यक्ति) तक कह डाला। अशोक गहलोत ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए मणिशंकर अय्यर की निंदा की और कहा कि यह बयान अय्यर की 'हताशा' की पराकाष्ठा को दर्शाता है।अशोक गहलोत ने संवाददाताओं से कहा कि जिस रूप से राजीव गांधी के बारे में अचानक टिप्पणियां (अय्यर की टिप्पणी) की गयी हैं, वह हताशा की पराकाष्ठा हैं। इतनी हताशा में व्यक्ति क्या बोलता है, उसको खुद को ही समझ में नहीं आता। राजीव गांधी ने दुनिया के मुल्कों में भारत का मान बढ़ाया। गहलोत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में जो कानून पारित किए गए वे इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिख गए और उस व्यक्ति के बारे में टिप्पणियों की जितनी निंदा की जाए कम है।बता दें कि बीजेपी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने बुधवार को 'एक्स' पर एक वीडियो क्लिप साझा किया, जिसमें मणिशंकर अय्यर को यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि राजीव गांधी को इंग्लैंड में शैक्षणिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा,जो व्यक्ति (राजीव गांधी) हवाई जहाज का पायलट था और दो बार विफल रहा, वह प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है ?



# यूएई में दो भारतीय नागरिकों को फांसी दी गई

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम :** संयुक्त अरब अमीरात में हत्या के अलग-अलग मामलों में दोषी पाए गए केरल के दो लोगों को फांसी पर चढ़ा दिया गया. कासरगोड के निवासी मुरलीधरन (43) और कन्नूर निवासी मुहम्मद रिनाश (29) को मौत की सजा सुनाई गई थी. यूएई के अधिकारियों ने 28 फरवरी को भारतीय दूतावास को दोनों को फांसी देने की सूचना दी, जिसके बाद विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनके परिवारों को खबर दी.विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों व्यक्तियों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया और उन्हें सभी आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान की गई. मंत्रालय ने उनके परिवारों के लिए अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होने की व्यवस्था भी की. रिनाश की मां और परिवार के अन्य सदस्य अबू धाबी गए, ताकि उसे दफनाने से पहले आखिरी बार देख सकें. केरल के कन्नूर जिले के थालास्सेरी निवासी 29 वर्षीय मुहम्मद रिनाश तीन साल पहले रोजगार की बड़ी उम्मीदों के साथ दुबई आया था. फरवरी 2023 में उसने यूएई के एक नागरिक की हत्या कर दी.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# शिविर में क्षेत्र के दिव्यांगों के बीच उपकरण का हुआ वितरण

## मानव सेवा ही माधव सेवा है : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के अमन चैन मोहल्ला परिसर में भगवान महावीर विग्लांग सहायता समिति और पलामू दिव्यांग संघ हुसैनाबाद के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दिव्यांगों के बीच उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी निखिल कुमार सिंह उर्फ उर्फ मुन्ना सिंह, अशोक मेहता, सेवा निवृत्त शिक्षक रंजीत सिंह, पलामू जिला संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार



कुशवाहा, सचिव रामपुकार सिंह, महावीर विग्लांग सहायता समिति के डॉक्टर रामकृष्ण साहू, जाहिद अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया।शिविर में 40 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल, 40 व्हीलचेयर, वैशाखी 75, ब्लाइंड स्टीक 20, समेत अन्य दिव्यांगों के बीच जरूरत के अनुसार उपकरणों का वितरण किया गया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भगवान महावीर विग्लांग सहायता समिति के कार्यों को सराहनीय बताया, उन्होंने कहा की मानव सेवा ही माधव सेवा है।इससे बढ़कर कोई काम नहीं। मौके पर दिव्यांग संघ हुसैनाबाद के प्रखंड अध्यक्ष विंध्याचल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष उमेश मेहता, समाजसेवी विजय कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद थे।

# भालू के हमले से युवक हुआ गंभीर

## पहाड़ी क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों में है दहशत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना क्षेत्र के जोगीयाबीर गांव में जंगली भालू के हमले से 30 वर्षीय नारायण कुमार गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना आज सुबह करीब 6:30 बजे की है जब नारायण कुमार गुप्ता अपने घर के पास बाघमनवा जंगल किनारे झाड़ियों में शौच के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक एक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनके चेहरे और हाथ में गंभीर चोटें आई है। परिवारवालों और ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिससे भालू वहां से भाग निकला। स्थानीय लोग घायल नारायण को तुरंत भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद वन



विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है।

## पवित्र माह -ए- रमजान का महीना इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र एवं रमजान अल्लाह ताला का महीना है : ताहिर अंसारी



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पवित्र माह -ए- रमजान का महीना इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र एवं रमजान अल्लाह ताला का महीना है। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि रमजान के पूरे 30 दिन यानी ईद का चांद निकलने तक मुसलमानों को रोजा रखना होता है, रोजा सभी मुसलमान महिलाएं, पुरुष एवं नौजवान पर वाजिब है। सिर्फ बच्चों एवं बीमार को छोड़कर। उन्होंने कहा कि रोजा का मतलब सिर्फ भूखे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है, मतलब की हर बुराई एवं गुनाह से दूर रहकर रखा गया रोजा अल्लाह कबूल करता हैं।रमजान के महीने में रोजा रखने का विशेष महत्व है। इस दौरान इबादत के साथ-साथ पांचों वक्त की नमाज और तरावीह की नमाज का भी विशेष स्थान है। रमजान का यह पवित्र महीना रोजे के माध्यम से आत्मसंयम, इबादत और जरूरतमंदों की सहायता करने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों पर रोजा इसलिए फर्ज है ताकि इस खास बरकत वाले रूहानी महीने में उनसे कोई गुनाह ना हो पाये।यह खुदाई असर का नतीजा है। रमजान लगभग हर इस्लामी नजरियों से खुद को बदलता है और हर तरह से अल्लाह की रहमत पाने की कोशिश करते हैं।उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह -ए- रमजान ना सिर्फ रहमतों और बरकतों का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है।

## गोदरमा रुद्र मंदिर का मनाया गया पांचवां वर्षगांठ



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव स्थित रुद्र मंदिर का गुरुवार को पांचवां वर्षगांठ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुयी. गर्भगृह में पुजारी ओम प्रकाश मिश्रा ने पूजा संपन्न कराया. वहीं बतौर यजमान संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय सपत्नीक पूजा में शामिल हुये. उन्होंने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया. पूजा अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# तेज रफ्तार का कहर: पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा-रंका सड़क पर गुरुवार को लोटो पेट्रोल पंप के पास एक तेज़ रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा शव को गढ़वा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पहचान खरौंधी थाना क्षेत्र के खरौंधी निवासी 32 वर्षीय रजनीकांत यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी रंका स्वास्थ्य केंद्र में एनएम के पद पर कार्यरत हैं। रोज की तरह वह उन्हें बस में बैठाने के लिए रंका मोड़ गए थे। हालांकि, बस छूट जाने के कारण वह अपनी बाइक से बस का पीछा कर रहे थे। जब उन्होंने पत्नी को बस में बैठा दिया और वापस लौट रहे थे, तभी लोटो पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज़ रफ्तार पिकअप ने उन्हें ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिकअप काफी तेज़ गति से आ रही थी और उसे एक नाबालिग चला रहा था। सवाल यह उठता है कि पुलिस की सख्ती के बावजूद नाबालिगों द्वारा गाड़ी कैसे चलाई जा रही है? इस लापरवाही के कारण एक परिवार का चिराग बुझ गया। मृतक गढ़वा समाहरणालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विधायक दल के नेता चुने जाने पर अविनाश वर्मा ने कहा

# बाबूलाल मरांडी का बेदाग छवि अनुकरणीय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड भाजपा के विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष माननीय बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक प्रशंता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। आज व्यक्तिगत संपर्क और मीडिया रिपोर्ट्स से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबूलाल मरांडी को विधायक दल के नेता के रूप में विधायक नवीन जायसवाल के द्वारा नाम का प्रस्ताव किया गया, जिसे सर्वप्रथम लातेहार के विधायक प्रकाश राम और विधायक नीरा यादव के द्वारा समर्थन किए जाने के साथ सर्वसम्मति से उनके नाम पर समिति व्यक्त की गई। अविनाश वर्मा ने



केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा भेजे गए प्रेक्षकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से लिए गए उक्त निर्णय से पार्टी के साथ हर आम और खास के बीच में आपसी एकता और समरसता का संदेश प्रवाहित हुआ है और यह इस बात का प्रतीक है कि आज भी कुछ अपवादों को छोड़ भारतीय जनता पार्टी जमीन से जुड़ी हुई राजनीतिक पार्टी है और जहां अनुशासन का स्थान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के लंबे और बेदाग राजनीतिक अनुभव का लाभ अब सदन के अंदर भी देखने को मिलेगा जो सत्ता पक्ष के लिए भी अनुकरणीय होगा जहां राज्य की समस्याओं और लोगों की भावनाओं का कद्र करते हुए एक सकारात्मक माहौल के साथ समस्याओं का निदान हो सकेगा।

## लोहरदगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सेवानिवृति के बाद दी गयी सम्मान पूर्वक विदाई



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंगसिगी पंचायत के लोहरदगा उत्क्रमित मध्य विधालय के प्रधानाध्यापक गोरखनाथ पांडेय को सेवानिवृति के बाद सम्मान पूर्वक विदाई दी गयी. इसके लिये विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता मुखिया किरण देवी ने किया. संचालन समाजसेवी हरिनाथ प्रसाद ने किया. कार्यक्रम के दौरान गोरखनाथ पांडेय को ग्रामीणों व सहयोगी शिक्षकों द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे बी उच्च विधालय के प्राचार्य अनिल सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते हैं.अपने सेवाकाल के दौरान श्री पांडेय ने बच्चों को शिक्षित किया.अब समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की जिम्मेवारी इन्हें निभानी है.गोरखनाथ पांडेय ने कहा कि हमने ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है. बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी देने का प्रयास किया. इस कार्य में ग्रामीणों व अभिभावकों का भी पूर्ण सहयोग मिला. जिसके लिये उनका ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं. समारोह के बीच स्कूली बच्चों द्वारा कई विदाई गीत प्रस्तुत किया गया. जिससे कुछ देर के लिये तो पूरा माहौल ही गमगीन हो गया. मौके पर युवा समाजसेवी धर्मेंद्र चौधरी उर्फ गुड्डू चौधरी, वीरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह, मनोज पाठक, रामनिवास तिवारी, दिलीप कुमार चौधरी, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, बिनोद दीक्षित, हरसबर्धन चौबे, अरमान अंसारी, रामपुकार पांडेय, गोपीनाथ विश्वकर्मा, राजेश राम, संध्या देवी, बिनय चंद्रवंशी, वशुदेव राम, संजय राम, नंदकिशोर यादव,लालमणि राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# फाइटर क्लब को हराकर डिज्नी 11 ने जीता खिताब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** लोहिया समता हाई स्कूल के मैदान में बुधवार की रात्रि में आयोजित श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 लीग मैच डिज्नी 11 नगर ऊंटरी बनाम बंशीधर फाइटर क्लब के बीच टूर्नामेंट खेला गया। शुरुआती पारी में बल्लेबाजी करते हुए बंशीधर फाइटर क्लब टीम ने 66 रन का लक्ष्य डिज्नी 11 नगर ऊंटरी टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए डिज्नी 11 नगर ऊंटरी की टीम ने 08 ओभर में 05 विकेट खोकर 67 रन बनाया और मैच को जीत लिया। इस दौरान बिशु कुमार को बेहतर बल्लेबाजी के कारण आयोजक एवं उद्घाटन करता समाजसेवी पंकज कुमार सिंह के द्वारा मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह सचिव रामाश्रय मेहता कोषाध्यक्ष एनुअल परवेज़ उपाध्यक्ष श्याम बिहारी राम उप सचिव हेमंत कुमार मेहता आशीष गुप्ता गौतम पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रेहला पुलिस ने गांजा के साथ एक महिला को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला पुलिस ने एक महिला को 11.29 किलो गांजा के साथ गुरुवार को गिरफ्तार किया. यह गिरफ्तारी रेहला स्टेशन रोड स्थित साप्ताहिक शुक्रबाजार परिसर से हुआ है. रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि पलामू एसपी को सूचना मिली थी कि शुक्रबाजार क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा का बड़े स्तर पर कारोबार किया जा रहा है. एसपी रीष्मा रमेशन ने बिश्रामपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक टूटी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया. पुलिस टीम गुरुवार को स्टेशन रोड शुक्रबाजार क्षेत्र में गयी. पुलिस को देखते ही एक महिला ट्रॉली बैग लेकर भागने लगी. जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया. ट्रॉली बैग को जब खोलकर देखा गया तो उसमें से ग्यारह पॉकेट मिला, जिसमें गांजा भरा हुआ था. जिसका कुल वजन 11.29 किलो है. गिरफ्तार महिला रेहला कला निवासी स्वर्गीय अजय साव की पत्नी गुड्डी कुंवर (35) है. थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.पुलिस टीम में एसडीपीओ आलोक टूटी के अलावा थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई कुशेश्वर सिंह, एसआई बुधु उरांव, एसआई अमित कुमार पांडेय, आरक्षी अजय प्रजापति, गुलमोहन उरांव व गृहरक्षक चालक वीरेंद्र कुमार मेहता शामिल थे।

# अवैध ईंट भट्ठा का धड़ल्ले से हो रहा संचालन, दूषित वातावरण लेने को मजबूर ग्रामीण

## बंगला ईंट भट्ठा संचालक कर रहे पर्यावरण नियमों की अनदेखी, नहीं हो रही कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** रामगढ़ बाजार क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईट भट्ठों का कारोबार बेखौफ चल रहा है।इससे खनिज विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है।मगर अवैध ईट भट्ठा संचालक पर कार्रवाई नहीं होने से संचालक के हौसले बुलंद हैं। ऐसा ही मामला रामगढ़ पंचायत की बियाही टांड़ में अवैध रूप से घने आबादी के बीच में बंगला ईट भट्ठा संचालित हो रहा हैं। जिससे वातावरण दूषित हो रहा हैं और घनी आबादी को दूषित हवा लेने को मजबूर हैं। जबकि प्रखंड मुख्यालय व रामगढ़ थाना से महज़ डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर बंगला ईट भट्ठा का मनमानी रूप से संचालन किया जा रहा हैं और प्रशाशन मौन हैं और ग्रामीण दूषित वातावरण में रहने पर मजबूर हैं। इधर इस मामले में प्रखंड अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि ईट भट्ठा संचालक पर नोटिस की गई हैं जांच प्रतिवेदन के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र-छात्राओं को साइकिल मिलने से नियमित समय पर स्कूल पहुंचेंगे : सुरेंद्र सिंह



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के मुफ्त साइकिल वितरण योजना के तहत पाटन प्रखंड के सुगना पंचायत के ग्राम नवादा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने दो दर्जन साइकिल छात्र-छात्राओं के बीच वितरण किया। वितरण के मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि छात्रों को साइकिल मिल जाने से स्कूल जाने के लिए सुविधा होंगी। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी बच्चे मन लगाकर पढ़ेंगे। साइकिल मिलने पर छात्र, छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। झारखंड सरकार के इस योजना से कमजोर छात्रों को आर्थिक रूप से स्कूल जाने में मदद करता है।

# सहायक गोदाम प्रबंधक पर करीब एक करोड़ का खाद्यान्न गबन को लेकर प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मेराल के प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक पर करीब एक करोड़ का खाद्यान्न गबन को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। डीसी के निर्देश पर सीओ सह प्रभारी एमओ ने 2765.84.862 क्विंटल खाद्यान्न (चावल, गेहूं) गोदाम में कम होने पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। प्राथमिकी दर्ज होते ही थाना की पुलिस ने पीओ और गवाह का नाम दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। गढ़वा डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सीओ सह प्रभारी एमओ यशवंत नायक ने मेराल के सहायक गोदाम प्रबंधक सह जनसेवक दीपक चंचल पर 2765.84.862 क्विंटल खाद्यान्न (चावल, गेहूं) का गबन करने के आरोप में मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त खाद्यान्न का सरकारी कीमत लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। सीओ द्वारा प्राथमिकी के लिए थाना में दिए गए आवेदन पत्र में कहा गया है कि 4 मार्च को उपायुक्त द्वारा सूचित किया गया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा 21 मार्च को मेराल गोदाम की जाँच की गई। जाँच के क्रम में लगभग सैकड़ो कुंतल खाद्यान्न (चावल गेहूँ) गोदाम में कम पाया गया। उक्त के आलोक में प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक से स्पष्टीकरण की गई। प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार्य नहीं है। प्रथमदृष्ट्या प्रतीत होता है कि उपरोक्त खाद्यान्न गबन (कालाबाजारी) की गई है। इसके जिम्मेवार दिपक चंचल, जनसेवक सह प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक मेराल के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया है। सीओ के आवेदन पर मेराल थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत एवं मामले के अनुसंधान कर्ता पुलिस अवर निरीक्षक चेतन कुमार सिंह गोदाम पर पहुंचकर पीओ तथा गवाह का नाम दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# दो बाइक की भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, चार गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधीपुर के पास दो बाइक की भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई।जबकि चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक युवक की पहचान शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज न्यू एरिया मोहल्ला निवासी विनोद के पुत्र रविरंजन कुमार के रूप में की गई है।जबकि घायलों में हमीदगंज बीएन कॉलेज निवासी धर्मेंद्र वैद के पुत्र अंकित कुमार उम्र 20 वर्ष ,उसी मोहल्ला के निवासी वीरेंद्र यादव के पुत्र विशाल कुमार उम्र 18 वर्ष और हाउसिंग कालोनी निवासी संजय राम के पुत्र विवेक कुमार उम्र 25 वर्ष,आबादगंज निवासी विलास राम के पुत्र अमित कुमार उम्र 28 वर्ष का नाम शामिल है।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की



जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर चैनपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।जहां इलाज के बाद भी सभी घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार,पुलिस जवान महेंद्र कुमार और विकास कुमार अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ले रहे हैं।वही अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आरके रंजन के देखरेख में सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। वही घटना के बाद पुलिस ने रविरंजन उर्फ ओम प्रकाश के शव का इंक्वेश्ट कर उसे पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। वही इस घटना के बाद से अस्पताल में मृतक के परिजनों का रोल होकर बुरा हाल है।

## जेएनवी जपला पलामू में विद्यालय प्रबंधन कमिटी की हुई बैठक

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को लंगरकोट गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू- 02 सह पीएम श्री विद्यालय में विद्यालय विकास प्रबंधन की बैठक हुई।जिसमें विद्यालय विकास से सम्बंधित कई आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बिंदुवार प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ गौरांग महतो ने की जबकि संचालन विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी ने किया। वहीं समिति के प्रमुख सदस्यों में सीनियर शिक्षक राणा तब्बसुम, उप प्रमुख इंदु देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ बिनेश कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि में पप्पू पटेल,उतिमा कुमारी,एवं सीनियर विद्यालय +2 बालिका उच्च विद्यालय से रविकांत पाण्डे आदि ने भाग लिया। बैठक में सबसे पहले विद्यालय के प्राचार्य ने एसडीओ समेत समिति के गणमान्य सदस्यों को बुके व शॉल देकर स्वागत किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### माहे रमजान का पहला जुम्मा आज

**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना शुरू हो गया है। इस माहे रमजान का पहला जुम्मा आज है । जूमे को लेकर सभी मस्जिदों में तैयारी की गई है । बावजूद इसके मस्जिदों में बाकी जुमे से ज्यादा रमजान के जुमे के दिन भीड़ होती है। इस दिन मस्जिद में नमाजियों की भीड़ पहले से भी अधिक होगी। इसलिए मस्जिद में जाने से पहले अपने घर से वजू बनाकर निकले, समय से पहले मस्जिद में दाखिल हो जाए, जायर नमाज और चटाई भी अपने साथ लेकर जाएं , ताकि मस्जिद में अदंर जगह न मिला तो ऐसी जगह जो मस्जिद का दायरे हो वहाँ बिछाकर नमाज अदा किया जा सके। साथ ही अगर मस्जिद में आप दाखिल होते हैं तो वजू का पानी बहुत ज्यादा नल से बर्बाद करने से बचे, बहुत बार देखा जाता है कि नल खोल दिया जाता है लोग वजू बनाते रहते हैं, बाकी पानी बेफिजूल जाया होते रहता है, कोशिश करें कि लोटा या बधना जैसे किसी बर्तन में पानी ले और उससे ही वजू बनाएं ताकि पानी की बचत हो सके। क्योंकि गर्मी का दिन है और पानी की आवश्यकता ज्यादा होती है, तो इन सब का ख्याल हर मुसलमान को अपने तरीके से रखना चाहिए, ताकि किसी तरह का किसी को कोई परेशानी ना हो सके। वहीं यह भी ध्यान देने की जरूरत है अभी का जो मौसम है कभी तेज धूप, तो कभी ठंड भी महसूस होता है, इसलिए यदि अचानक बारिश हो जाए, इसलिए आप कोशिश करें कि जुमा का आजान के बाद मस्जिद में दाखिल होने की कोशिश करें।

### विस में कोयलांचल में अवैध खनन का मुद्दा गरमाया

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में कोयलांचल क्षेत्र में सरकारी और रैयती जमीन पर अवैध खनन, ओबी डंपिंग और रैयतों के साथ हो रही गुंडागर्दी का मुद्दा गरमाया। माले विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत यह मामला उठाया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र सरकार पर 136 करोड़ रुपये बकाया होने की बात करती है, लेकिन सरकारी जमीन पर जारी अवैध खनन पर ध्यान नहीं दे रही है।

# पुलिस ने जैप के जवान सहित तीन को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, और सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि 5 मार्च को गोंदा थाना पुलिस अवर निरीक्षक अमन राज द्वारा गस्ती किया जा रहा था। इसी दौरान इन्हें सूचना मिली थी कि धावननगर से गांधीनगर के तरफ आने वाले रोड पर स्कूटी पर सवार दो लोग नशीला पदार्थ के कारोबारी हैं वो आ रहा है। तो अमन राज ने वरीय पुलिस अधिकारी को अवगत कराया, वरीय पदाधिकारी ने प्राप्त निर्देश दिए जाने पर गोंदा थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं आरक्षी के साथ धावननगर चौक के पास नाकेबंदी की गई , इसी दौरान गांधीनगर के तरफ से आते हुए स्कूटी को रोका गया, स्कूटी सवार दोनों युवकों ने अपना नाम रमीज राजा जो बिहार के मुंगेर का रहने



वाला है और राजा साहा जो गोंदा थाना के गांधीनगर के डीएवी के पास उदय नगर का रहने वाला है दोनों की तलाशी ली गई तो दोनों के पास से ब्राउन शुगर बरामद हुआ। 5.66 ग्राम ब्राउन शुगर मोबाइल और नगदी रुपए भी बरामद किए गए । राजा के द्वारा ब्राउन शुगर ओम नगर धावननगर के सुजीत कुमार के पास लाने के बात बताते हुए सुजीत कुमार के घर पर भी छपी मारी की गई। तलाशी की गई सुजीत कुमार के पास से 5 . 61 ग्राम ब्राउन शुगर तथा 1,98,110 मिला जो ब्राउन शुगर के कारोबार से उगाही की गई थी । आगे बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है। और इन लोगों ने बताया कि कई लोग इसमें और भी लोग शामिल हैं। पुलिस उसे नहीं पकड़ रही है।

साथ ही यह भी बताया गया कि रमीज राजा पूर्व में जैप सात का जवान रह चुका था , पहले भी ब्राउन शुगर में सम्मिलित के रूप में उसे गिरफ्तार किया गया था ,जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया है। अब वह यही ब्राउन शुगर का ही काम करता है। इसकी गिरफ्तारी फिर हुई है । पुलिस अपने स्तर से जांच कर इन लोगों के पास से कल 11 . 27 ग्राम ब्राउन शुगर, मोबाइल ,यूको बैंक के दो क्रेडिट कार्ड, रमीज राजा के पास है 13000 नगद, राजा साहा के पास 2800 और सुजीत कुमार के पास 1 लाख 98 हजार रुपया बरामद किया गया है। मिनी डिजिटल वजन मापने का यंत्र भी जप्त किया गया। वहीं इस छापेमारी दल में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, दशरु बान सिंह परीक्ष्य मान, पुलिस उपाध्यक्ष रांची, अभय कुमार सिंह पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोंदा, अमन राज पुलिस अवर निरीक्षक गोंदा, सहायक अवर निरक्षक रामेश्वर हांसदा गोंदा थाना शामिल थे।

## राज्यपाल ने गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेलकूद हमारे जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देता है। यह शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा अपने जवानों के स्वास्थ्य और मनोबल को बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन की सराहना की। राज्यपाल ने गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के जवानों द्वारा राज्य की आंतरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे अग्निशमन कर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना आगलगी की घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने यह भी



उल्लेख किया कि केंद्र सरकार द्वारा झारखण्ड अग्निशमन विभाग को 150 करोड़ रुपये आवंटित किए जा रहे हैं, जिससे इस विभाग की तकनीकी दक्षता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। माननीय राज्यपाल ने विगत वर्ष माननीय राष्ट्रपति द्वारा 'वीरता पुरस्कार' से सम्मानित अग्निशमन कर्मी को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी के जवान राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रियाओं में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गृह रक्षकों के मानदेय में वृद्धि होने से उनके पारिवारिक जीवन और बच्चों की शिक्षा में सहायता मिल रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि गृह रक्षकों को 'स्वास्थ्य बीमा' की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता जवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने और एक-दूसरे के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा करने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी ने 220 जरूरतमंद छात्रों को दिया स्कालरशिप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी, रांची द्वारा तालीम की ताकत और शिक्षा को सम्मान अभियान के अंतर्गत विगत दिनों इदरीसया तंजीम स्कूल, हिंदीपीढ़ी में एक काउंसलिंग कैंप आयोजित किया गया था । इस कैंप में लगभग 20 से ज्यदा स्कूलों के छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया था । इस पहल का मुख्य उद्देश्य मुस्लिम समुदाय में बढ़ती स्कूल ड्रॉप-आउट दर को रोकना और छात्रों को उनकी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना था। रांची के विभिन्न स्कूलों में पढ़ रहे कई छात्र-छात्राएँ आर्थिक कठिनाइयों के कारण शिक्षा से वंचित होने की कगार पर हैं। उनके अभिभावकों के पास सीमित संसाधन होने के कारण वे समय पर फीस जमा नहीं कर पाते, जिससे उनका स्कूल छोड़ने का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या को देखते हुए फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी द्वारा इस काउंसलिंग सत्र का आयोजन कर जरूरतमंद छात्रों को चयनित कर उन्हें फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी की जानिब से स्कालरशिप देना साथ ही साथ छात्रों और उनके अभिभावकों को शिक्षा की एहमियत समझाना। लगभग 220 छात्रों चयनित किया गया।इस अवसर पर फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी के महासचिव जनाब कमर सिद्दीकी, सचिव सुहैल अख्तर, खजांची अरशद शमीम, जॉइंट सेक्रेटरी जावेद अख्तर बेबू, मजहर हुसैन छोटू, मो. गुलजार सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आरपीएफ मुरी ने तीन लाख चालीस हजार रुपए से भरे बैग को लौटाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आरपीएफ रांची के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन अमानत के तहत यात्रियों के सामानो को लौटाने को लेकर रांची रेल मंडल के आरपीएफ बेहद सार्थक भूमिका अदा कर रहे, उसी क्रम में 5 मार्च 2025 को ट्रेन संख्या 15662 (कामाख्या एक्सप्रेस) में एक नीले रंग का ट्रॉली बैग छोड़े जाने की सूचना पर आरपीएफ मुरी पोस्ट द्वारा सफलतापूर्वक ट्रॉली बैग की बरामदगी की गई और शिकायतकर्ता से फोन पर संपर्क कर उसके स्वामित्व की पुष्टि की गई। शिकायतकर्ता श्री सूरज कुमार (उम्र 34 वर्ष), पिता श्री कमल साह, निवासी पो. सिवांदीह, थाना बोकारो स्टील सिटी, एल.एच. मोर, सिवांदीह, बोकारो (झारखंड) ने बताया कि वे ट्रेन संख्या 15662 (कामाख्या एक्सप्रेस) से न्यू जलपाईगुड़ी से बोकारो स्टील सिटी (क्र्यस्ट) जा रहे थे और गलती से अपने ट्रॉली बैग को बीकेएससी रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने रेलवे हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई थी। सभी औपचारिकताओं के बाद, ट्रॉली बैग को शिकायतकर्ता के



पास लौटाया गया, जिसमें जेवरात और कपड़े थे, जिनकी कुल कीमत लगभग 3,40,000/- (तीन लाख चालीस हजार रुपये) आंकी गई है। सूरज कुमार ने रेलवे सुरक्षा बल टीम का धन्यवाद करते हुए उनकी त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए आभार व्यक्त किया। अधिकारी और कर्मचारी एएसआई - एम.के. जयस्वाल हेड कांस्टेबल - प्रकाश कुमार लैडी कांस्टेबल - शशि कुमारी शामिल रहे।

## होली के दिन बजट सत्र रहेगा स्थगित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान सदन के कार्यवाहियों के अतिरिक्त झारखंड विधानसभा में अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में अपराह्न 1ः00 बजे कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित हुई।



बैठक में होली के त्योहार के मद्देनज़र सदस्यों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चलते बजट सत्र के 17/3/2025 (सोमवार )के कार्यदिवस को स्थगित करते हुए उस दिन होने वाली सदन में समस्त कार्यवाहियों को 22 /3 /2025 (शनिवार) को लिये जाने का निर्णय लिया गया ।सदन की कार्यवाही 17/3/2025 को स्थगित रहेगी।

अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नागरमल मोदी सेवासदन ब्लड सेंटर के तत्वाधान में झारखंड विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस ब्लड डोनेशन कैंप में भारी संख्या में लोग रक्तदान कर रहे हैं। सांकेतिक रूप से अध्यक्ष के विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक कुमार जेएएसराहुल कुमार, स्टेट प्रोटोकॉल ऑफ़िसिर रविंद्र कुमार मिश्रा ,प्रशाखा पदाधिकारी झारखंड विधानसभा के अतिरिक्त अन्य लोगों ने भी रक्तदान किए।

## आठ मार्च को डीसी मंजुनाथ भजंत्री टॉक टू डीसी के माध्यम से सुनेंगे आपकी शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आज - 06 मार्च 2025 को एनआईसी सभागार में टॉक टू डीसी के माध्यम से ग्रामीण इलाके की शिकायत सुनने को लेकर सम्बंधित पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों के निवारण हेतु सार्थक पहल करते हुए जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री - 08 मार्च 2025 को टॉक टू डीसी कार्यक्रम की




शुरुआत होगी । जिसमें वे पूर्वाह्न -11 बजे से अपराह्न 01 तक प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से आम जनों की शिकायतों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनेंगे। इस दौरान सभी सम्बंधित विभागों के नोडल पदाधिकारी एवं जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी (वीडियो कॉन्फ्रेंस) के माध्यम से जुड़े रहेंगे।कुछ पंचायतों में प्रज्ञा केंद्रों की सुविधा नही है, वहाँ निकतम पंचायतों में निकतम पंचायत सचिवालय भवन में उपस्थित होकर नागरिक अपना समस्या बता पायेंगे। आमजन अपनी शिकायत टॉक टू डीसी में करने से पहले -08 मार्च 2025 को सुबह 11 बजे से अपराह्न 1 तक बता सकते हैं ।जिला प्रशासन आमजनों की शिकायत के निवारण के लिए नई सूचना तकनीक के माध्यम से गुड गवर्नेंस के लिए लगातर कार्य करते हुए आमजनों की शिकायतों का निष्पादन कराने को लेकर काफी गंभीर है। लोगों की समस्या का निराकरण के लिए तमाम तरह के सार्थक पहल की जा रही है।

## साईबर ठग को सीआईडी ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड राँची अंतर्गत साईबर क्राईम थाना काण्ड सं0 111/24 , 15.04 2024 धारा419/ 420/ 467/ 468/471/120 (बी) भा0द0वि0 एवं 66 (बी)/66 (सी)/66 (डी) आई0टी0एक्ट वादी के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर दर्ज किया गया। इस काण्ड में साईबर अपराधकर्मी द्वारा गुगल में अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी का असली नम्बर एडिट कर फर्जी मोबाईल नम्बर डाल दिया गया था। उक्त फर्जी नम्बर पर वादी द्वारा सीमेंट एवं छड़ खरीदने हेतु संपर्क किया गया तो साईबर अपराधकर्मी द्वारा कम्पनी का पदाधिकारी बन कर छड़ एवं सीमेंट सप्लाई करने के



नाम पर 20.16,420 / रूपय का साईबर ठगी (अवैध हस्तांनातरण) कर लिया गया।अनुसंधान के क्रम में प्राप्त तकनीकी एवं दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर छापामारी कर काण्ड में संलिप्त 01 (एक) साईबर अपराधकर्मी को नालंदा जिला बिहार से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से काण्ड से संबंधित सामानो को बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार किये गये साईबर अपराधकर्मी की अपराध शैली निम्न प्रकार है:** इस अपराध को करने के लिए साईबर अपराधियों द्वारा विभिन्न कम्पनी, बैंक के प्रतिनिधि नम्बर के रूप में गुगल पर अपना फर्जी नम्बर डाल देते हैं। जब लोग किसी सामान या सेवा के लिए गुगल पर उक्त नम्बर को सर्च करते है तो साईबर उगो के द्वारा संबंधित कम्पनी का प्रतिनिधि/पदाधिकारी बनकर साईबर ठगी कर ली जाती है।

**गिरफ्तार अभियुक्त:** जीतू कुमार, ग्राम चौरिया, पो0 सोसंदी, थाना-गोखुलपुर, पूर्व थाना हरनौत, जिला-नालंदा, बिहार।

## महिला दिवस पर पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क डॉक्टर परामर्श 8 से 12 तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर धुर्वा स्थित पारस हॉस्पिटल, एचईसी में महिलाओं के लिए आठ से 12 मार्च तक निञ्शुल्क डॉक्टर परामर्श दिया जाएगा।

यह परामर्श सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक दिया जाएगा। सभी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं को निञ्शुल्क परामर्श दिया जाएगा। इस पहल के तहत, निञ्शुल्क डॉक्टर परामर्श लेने के बाद ओपीडी की जांच पर 50त्न की छूट और हेल्थ पैकेज पर भी 50त्न की छूट दी जाएगी। इसके अलावा, विशेष जानकारी के लिए आप 7282010101 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर पारस हॉस्पिटल ने एक पहल की है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए निःशुल्क डॉक्टर्स परामर्श दिया जाएगा। महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना जरूरी है, खासकर हार्मोनल संतुलन, हृदय स्वास्थ्य, हड्डियों की मजबूती और मधुमेह जैसी बीमारियों की जांच के लिए। महिला दिवस पर महिलाएं खुद से यह वादा करें कि अपनी सेहत को प्राथमिकता देंगे। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस खास मौके पर महिलाओं के सम्मान में पारस हॉस्पिटल निञ्शुल्क डॉक्टर परामर्श उपलब्ध करा रहा है। यह एक बेहतरीन अवसर है, जहां महिलाएं अपने स्वास्थ्य की देखभाल करवा सकती हैं और विभिन्न जांचों एवं पैकेजों पर छूट का लाभ उठा सकती हैं।

## सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ अपने स्तर पर करें बैठक : के रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया जाना है।

उन्होंने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ को अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ ससमय बैठक करने का निदेश दिया। कुमार निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।के. रवि कुमार ने कहा है कि नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग की बैठक में विशेष रूप से राजनीतिक दलों का चुनाव से संबंधित विषयों पर बैठक कर प्रतिवेदनों को संग्रहित करने की बात कही गई है।

उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ 17 मार्च तक अपने स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते हुए इसका प्रतिवेदन 19 मार्च तक वहीं सभी



जिला निर्वाचन पदाधिकारी 22 मार्च तक बैठक करते हुए 25 मार्च तक इसका प्रतिवेदन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। कुमार ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में इन सभी प्रतिवेदनों को संकलित कर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ राज्य स्तर पर बैठक की जाएगी एवं सभी प्रतिवेदनों को संयोजित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग को अंतिम प्रतिवेदन भेजी जाएगी।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, ईआरओ गढ़वा संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, ईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 60 लाख से अधिक का लक्ष्य प्राप्त करेगी झमुमो, 14 को होगा महाधिवेशन: विनोद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी जो पुरानी कमेटी थी उसे भंग कर दिया गया है और नए सिरे से कमेटी का गठन किया जा रहा है , इसके लिए जिला अध्यक्षों का भी चयन हो चुका है। और सभी को यह जिम्मेदारियां दी गई है कि वह अपने-अपने जिला स्तर में पंचायत, प्रखंड, नगर , महानगर समितियां में सदस्यता अभियान चलाएं और सदस्यता अभियान का लक्ष्य 60 लाख रखा गया है। उम्मीद किया जा रहा है कि पिछले बार जब हम लोग सदस्यता अभियान चलाए थे तो 49 लाख 50 हजार लोग सदस्य बने थे और लक्ष्य था 50 लाख , इसलिए हमें उम्मीद है कि वर्तमान में जो 50 लाख हमारे जो सदस्य हैं वह बढ़कर 60 लाख से अधिक हो जाएंगे। जिस तरह से अभी तक पूरे झारखंड प्रदेश से जो सदस्यता अभियान चलाई जा रही है तो यह देखा जा रहा है कि लोगों में है, आम जनता ने जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य की जिम्मेदारी सौंपी है उन पर भरोसा जताया है। इसलिए




वह झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी से भी जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के जयंती के दिन 14 अप्रैल को पार्टी का महाधिवेशन रखा गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को रहेगा और यह खेलगांव स्थित हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें झारखंड सहित बिहार, उड़ीसा ,छत्तीसगढ़ ,असम, तमिलनाडु ,बंगाल के भी प्रतिनिधिगण शामिल होंगे। करीब 3,900 प्रतिनिधि गण इस महाधिवेशन में शामिल होंगे। इसके अलावे भी पार्टी के कार्यकर्ता नेता भी वहां पर शामिल होंगे , और इसी दिन पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा और इसकी अध्यक्षता कौन करेंगे इसी दिन तय की जाएगी।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन और मेंस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से किया भेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड पुलिस एसोसिएशन, रांची, झारखंड के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी झारखंड पुलिस एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट करने वालों में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू, वरीय उपाध्यक्ष मोहम्मद महताब आलम, उपाध्यक्ष रोहित कुमार रजक, महामंत्री संजीव कुमार, वरीय संयुक्त सचिव संतोष कुमार महतो एवं राकेश कुमार पांडेय, संगठन सचिव मंटू कुमार, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद कमाल,



भागवत मुर्मू, करण कुमार और नितिन रवि, झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के महामंत्री रमेश उरांव, उपाध्यक्ष देवचंद मुंडा, उपाध्यक्ष परमेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष गुलाब महतो, सहायक महामंत्री लालेश्वर राम, सहायक महामंत्री तपेश्वर यादव, पूर्व मेन्स अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, पूर्व वरीय उपाध्यक्ष और अखिलेश्वर पांडेय तथा झारखंड पुलिस एसोसिएशन, रांची शाखा के अध्यक्ष आनंद राज खलखो एवं उपाध्यक्ष ठाकुर दयाल महतो मौजूद थे।

## 71.13 प्रतिशत अंक एमडी फिजियोलॉजी में प्राप्त कर गोल्ड मेडलिस्ट बनी डॉ रुपम

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संघर्ष करने वाले की कभी हार नहीं होती है , कुछ ऐसा ही करके दिखाई है गोमिया के रहने वाली गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर रूपम ने। उन्होंने बताया कि आज जो भी हूं और जिस मुकाम पर हूं इसके पीछे मेरे माता-पिता का बहुत बड़ा उपकार है और उनके बगैर मैं एक कदम भी नहीं चल सकती हूं वहीं पति गौतम ने भी मेरा हर कदम पर न सिर्फ साथ दिया है बल्कि हौसला भी बढ़ाया है।। आज सारा श्रेय अपने माता-पिता को देती हूं। उन्होंने बताया कि रिम्स पीजी (एमडी) में



फिजियोलॉजी विभाग की टॉपर है। डा रूपम उन्होंने 71.13 प्रतिशत अंक एम?डी फिजियोलॉजी में प्राप्त कर गोल्ड मेडलिस्ट हुई । बता दे कि डा? रूपम मूलत~गोमिया की रहने वाली हैं और अभी झारखंड सरकार में चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में गिरिडीह के जामुआ में पदस्थापित हैं।

## खिजरी विधायक के सौजन्य से मृतक परिवार को दी गई आर्थिक सहयोग



**ओरमांझी :** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र स्थित बरवे पंचायत के बसाती गांव के मृतक जल्लू नायक उम्र 55 वर्ष लगभग का कुछ दिनों पहले आकस्मिक मृत्यु हो गया था।जिनका दसकर्म के लिए विधायक सह विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप के सौजन्य से मृतक परिवार को 52 केजी चावल विधायक के सलाहकार एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश उरांव के द्वारा मृतक परिवार को चावल देकर सहयोग किया गया। इस दौरान श्री उरांव ने कहा कि माननीय विधायक जी के अथक प्रयास से गरीब तपके के लोगों को इस तरह की सहयोग करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे इससे बढ़-चढ़कर कभी भी सहयोग करने के लिए खिजरी विधायक व कांग्रेस पार्टी कृत संकल्प है। इस अवसर पर मृतक के परिवार के पत्नी,पुत्र एवं ग्रामीण सिलेखन नायक,जानकी देवी,कांति देवी,प्रकाश नायक,सूरज उरांव,पवन नायक,दीपक नायक,सूरज नायक इत्यादि शामिल थे।

## जोनल प्रबंधक ने इंडियन बैंक उमेडंडा शाखा का किया दौरा



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र के इंडियन बैंक उमेडन्डा शाखा में ग्राहकों को केवाईसी कराने में हो रही परेशानी को देखते हुए रांची जोन से आए डिप्टी जोनल मैनेजर मनीष कुमार ने उमेडंडा शाखा का दौरा किया रोजाना की तरह सैकड़ो की संख्या में ब्रांच में खाताधारकों का भीड़ पाया ग्राहकों को केवाईसी करने में असुविधा न हो इसे लेकर तुरंत डिप्टी मैनेजर मनीष कुमार और शाखा प्रबंधक विशाल कुमार द्वारा शाखा में एक काउंटर और बढाते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बीजा पंचायत भवन और चैनगडा पंचायत भवन में दो काउंटर की व्यवस्था किया। खाता धारकों को केवाईसी करने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा अब दूर-दराज से केवाईसी करने वाले खाता धारक पंचायत भवन बिंजा और पंचायत भवन चैनगाड़ा में दो काउंटर का शुरुआत कियाजहां पर प्रबंधक द्वारा तीन चार ग्राहकों का केवाईसी कर कार्य का शुरूआत भी किया ।मौके पर बैंक अधिकारियों के साथ दोनों पंचायत के मुखिया मौजूद थेद्य

## भाजपा राहे मंडल अध्यक्ष का आसमिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):**भाजपा मंडल अध्यक्ष की आसमिक निधन से क्षेत्र में एवं कार्यकर्ताओं में शोक की लहर। जानकारी के अनुसार राहे के डोकात निवासी चितरंजन महतो उम्र 42 वर्ष का निधन बुधवार की शाम प्ल्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। चितरंजन महतो राहे भाजपा मंडल अध्यक्ष थे साथ ही कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता थे।इसकी मौत की खबर से केन्द्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ,सांसद प्रदीप वर्मा, पुर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, डॉ राजाराम महतो ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवार को ढांढस बंधाया।

## पंचायत समितियों की बैठक में कई योजनाओं पर लगी मुहर

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रमुख किरण उरांव की अध्यक्षता में इटकी प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक की गई बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई सारी योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्यों ने अपने क्षेत्र के समस्याओं को पदाधिकारी के बीच रखा एवं इसे जल्द से जल्द निदान करने के बारे में बातें कहीं।सभी पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में संचालित योजनाओं के बताएं एवं नए योजनाओं को कार्यकारिणी में पंजी में दर्ज कराया और आने वाले 2025 - 26 में सारी योजनाओं को संचालन करने की बातें कही गई ~ बैठक में प्रमुख किरण उरांव,उप प्रमुख परवेज राजा ,प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार ,प्रखंड समन्वयक 15वें वित सनी कुमार बखला ,सहायक अभियंता मेरी प्रतिभा टुडू ,कन्यअभियंता शैंपू प्रसाद गुप्ता, मजाज अहमद , रंथू मिंज,सुनीता कुजूर, लीला कुमारी ,वीरू उरांव ,मीणा होरो सहित अन्य उपस्थित थे

## फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मा अन्वेशन 2025 का किया आयोजन

# फार्मासिस्ट दवाइयों को रोगियों तक पहुँचाने के लिए एक कड़ी की तरह कार्य करते हैं : जीनत कौसर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ईरबा स्थित फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में नेशनल फार्मेसी दिवस के अवसर पर फार्मा अन्वेषण 2025 का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्या अतिथि के रूप में मेम्बर ऑफ एग्जिक्यूटिव कमिटी,फार्मेसी कौंसिल ऑफ़ इंडिया धर्मेन्द्र सिंह,विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार सह सेक्रेटरी, झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कौंसिल,प्रशांत कुमार पाण्डेय, फाउंडर एंड सीईओ डी सेट कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड,बंगलोर चिन्मया मिश्रा, क्वालिटी हेड ज्दुस हेल्थ केयर लिमिटेड,अहमदाबाद गुजरात, रबिन्द्र



पात्रा, टीम लीडर फेरिंग लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद, रतनाकर सत्यार्थी,संस्थान के सचिव जीनत कौशर, सोसाइटी मेंबर डॉ नाजनीन कौशर ,निदेशक डॉ शाहीन कौशर मुख्य रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम आयोजन द्वीप प्रज्वलित कर व छात्रों द्वारा रंगारग कार्यक्रम कर नेशनल एजुकेशन फार्मेसी दिवस का आगाज किया गया। मुख्य अथिति धर्मेन्द्र सिंह ने कहा की इस दिन को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र नायको,फार्मासिस्टो और फार्मेसी पेशेवरों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।फर्माशिस्ट आम जनता की भलाई सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रशांत कुमार पाण्डेय ने कहा कि फार्मासिस्ट हमें जीवन बचने वाली दवाईयों को उपलब्ध कराने का कार्य करते हैं, उन्हें हमारे स्वास्थ्य का संरक्षक भी कहा जाता है, वहीं संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के साथ-साथ फार्मासिस्ट की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गयी है। फार्मासिस्ट उचित दवाइयों को रोगियों तक पहुँचाने के लिए एक कड़ी की तरह कार्य करते हैं।डॉक्टर और नर्सो के साथ मिलकर रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करने के लिए काम करते हैं,मौके पर मुख्य रूप से प्राचार्या डॉ0 संजीब कुमार कर, आशुतोष बेहेरा,मजहर अंसारी, पवन कुमार, डॉ0 मंजर आलम, रचना भारती, ज्योति कंचन, सत्यजीत मोहन्ती आदि उपस्थित थे।

## नेवरी केंदुआ टोली तालाब में सीढ़ी और सीरतनगर में बनेगा नाली, हुआ शिलन्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** नेवरी पंचायत के केंदुआ टोली में मुखिया फंड से 2लाख रूपये की लागत से बनने वाला तालाब पक्की सीढ़ी निर्माण कार्य क़ा शिलन्यास गुरुवार को मुखिया व अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर एवं पूजा पाठ कर किया गया,इस के अलावा नेवरी सीरतनगर में जाकिर अंसारी के घर के पास एक नाली निर्माण का शिलन्यास किया गया,मौके पर मुख्य रूप से नेवरी मुखिया साधो उरांव,उप मुखिया मजहर अंसारी पंचायत समिति सदस्य मदन महतो पंचायत समिति सदस्य संदीप पाहन,वार्ड सदस्य सरिता देवी वार्ड सदस्य अनवरी बेगम अनिल महतो इमरान अंसारी सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद थे. मौके पर नेवरी मुखिया साधो उरांव ने बताया तालाब में सीढ़ी नुमा बनाने




की मांग आम ग्रामीण द्वारा बहुत दिनों से की जा रही थी,तालाब में सीढ़ी नहीं होने के कारण नहाने कपड़ा धोने व अन्य कार्य में लोगों को बहुत दिक्कत होती थी जिसको देखते हुए तालाब में सीढ़ी का शिलान्यास किया गया और सिरात नगर में नाली नहीं होने से रोड में पानी बहती थी जिसे आम ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती थी नाली निर्माण हो जाने से आम ग्रामीणों की समस्या दूर हो जायेगी, दोनों कार्य का शिलन्यास एक साथ होने से आम ग्रामीण काफी खुश है। मालूम हो कि दोनों योजना मुखिया फंड से संचालित होगा,वहीं उप मुखिया मजहर अंसारी ने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के मकसद से तालाब और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है.सभी योजनाएं समाज के लोगों तक पहुंचाना हम सभी जनप्रतिनिधियों क़ा दायित्व है।

## रमजान में की गई अल्लाह की इबादत जन्नत क़ा दरवाजा खोलती है : नसीम अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** इस्लाम में रमजान के रोजों का खास मुकाम है। इसे अल्लाह ने हर तंदुरुस्त मर्द व औरत पर फर्ज किया गया है।उक्त बातें नेवरी पंचायत के पूर्व उप मुखिया नसीम अंसारी ने कहीं। वहीं उन्होंने बताया की रमजान के दिनों में की गई अल्लाह की इबादत का बदला अल्लाह एक के बदले सत्तर गुना देता है,यानी अगर तुम एक नेकी करोगे तो तुम्हें सत्तर नेकियां करने का सवाब मिलेगा। साथ ही,अगर एक बार अल्लाह की इबादत करोगे तो सत्तर बार अल्लाह की इबादत करने का सवाब मिलेगा। कुल मिलाकर बात यह है कि अल्लाह अपने बंदों पर रमजान के दिनों में थोड़े से अच्छे काम कर लेने पर भी बड़ा सवाब देने का वादा कर रहा है, लेकिन उसकी शर्त है कि लोगों को अच्छे काम और उसकी इबादत करने पर यह सवाब दिया जाएगा। इसका मतलब यह हुआ कि अल्लाह चाहता है कि उसका बंदा इस तरह जिंदगी गुजारना सीख जाय, जिसके बाद रमजान के बाद की जिंदगी में भी वह सही रास्ते पर चले। रमजान को नेकियों का महीना भी कहा जाता है। इसलिए भी इस?लाम को मानने वाले अपनी-अपनी हैसियत के मुताबिक रमजान के पाक महीने में गरीबों व जरूरतमंदों को जकात सदका,फित्रा, खैरात,गरीबों की मदद,दोस्त



अहबाब में जो जरुरतमंद हैं उनकी मदद करना जरूरी मानते हैं। वैसे तो एक दिन में पांच बार नमाज पढ़ना हर मुसलमान मर्द व औरत पर फर्ज है,लेकिन इन नमाजों के अलावा रमजान की रातों में एक खास नमाज पढ़ी जाती है, जिसे तरावीह कहा जाता है जो हर मस्जिद में पढ़ी जा रही है।

# बकरा विकास योजना के तहत कृषकों के बीच बकरी का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** गुरुवार को मांडर प्रखंड मुख्यालय में कृषि पशुपालन विभाग की ओर से बकरा विकास योजना के तहत कृषकों के बीच बकरी वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में उपस्थित होकर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक ने कहा कि माननीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पुर्व मंत्री सह झारखंड सरकार सम्मनवयक समिति के सदस्य अपने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार



उपलब्ध करने के लिए सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजना को लोगों तक पहचाने के लिए कृत संकल्प हैं और आज इसी कड़ी में मांडर प्रखंड के लगभग एक सौ दस किसने के बीच बकरी वितरण किया गया जो आत्म निर्भर बनकर रोजगार प्राप्त करेंगे इस अवसर पर मांडर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी चंचला कुमारी,प्रखंड उपप्रमुख अमानत अंसारी, बीएचओ अजय कुमार गुप्ता,सेरोफीना मिंज समेत लाभुक उपस्थित थे ।

## आनंद शीला आश्रम में दो लोगों की गोली मार कर हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** रांची जिला के चान्हो थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते मध्य रात्रि खलारी बीजूपाड़ा मार्ग पर आनंद शीला आश्रम में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोहरे हत्याकांड से क्षेत्र में भय का माहौल है सूचना मिलने के बाद डीएसपी खलारी के नेतृत्व में चान्हो थाना की टीम ने सव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है वहीं जांच के क्रम में पुलिस तीन चार लोगों को उठाकर पूछताछ कर रही है सूत्र से मिले जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश के कारण दोनों युवक की हत्या की गई है। एक युवक का नाम मुकेश



शाह है जो बिहार के भागलपुर का रहने वाला है जिसकी उम्र 65 वर्ष है वही दूसरा राजेंद्र यादव नामक युवक जिसकी गोली मारकर हत्या की गई दोनों युवक आनंद आश्रम में ही पिछले कई वर्षो से रह रहे थे वही राजेंद्र यादव हत्या का आरोपी था जो छिपकर आश्रम में रह रहा था।

## सरहुल व रामनवमी मेला के आयोजन को लेकर राय पंचायत के ग्रामीणों ने की बैठक

# बैठक में रामनवमी और सरहुल का त्योहार धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत स्थित राय मे रामनवमी और सरहुल का त्योहार हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाएं जाने को लेकर राय पंचायत के ग्रामीणो की राय पंचायत सचिवालय भवन राय मे बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता राय पंचायत के समाजसेवी एवं मुखिया पति विजय पाहन एवं संचालन दुर्गा महतो ने किया।इस बैठक मे प्रत्येक वर्ष कि तरह इस वर्ष भी रामनवमी पूजा एवं सरहुल पूजा पूरे धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।इस संबंध में मुखिया पति विजय पाहन एवं गणेश महतो ने बताया कि सरहुल पूजा महोत्सव के अवसर पर आगामी 3 अप्रैल दोपहर दो बजे से अंबेडकर मैदान राय मे मेला का आयोजन किया जाएगा।सरहुल त्योहार के दौरान शोभायात्रा ढोल नगाड़े के साथ परंपरागत झारखंडी नृत्य के साथ निकाला जाएगा।वही संध्या 4 बजे से अंबेडकर फुटबॉल मैदान में नागपुरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसके अलावा आगामी 6 अप्रैल को रामनवमी पूजा शोभा यात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी।इस




कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सहयोग राशि के रूप मे 350 रुपया चंदा स्वरूप निर्धारित किया गया है।बैठक मे मुख्य रूप से विजय पाहन, दुर्गा प्रसाद महतो,प्रदीप उरांव,राजेश कुमार महतो,मनोज महतो,अशोक कुमार महतो, रूपेश कुमार महतो,मंगरू मुंडा,दीपक महतो, रामअवतार राम,शंकर सिंह,बैगी महतो,राजू गुप्ता,बॉबी सोनी,रवि गुप्ता,राजेश केसरी,कृष्णा कुमार साहनी,धर्मेंद्र सोनी,भुवनेश्वर महतो,हरिष कुमार,कौलेशवर महतो, बालेश्व र महतो,सोनू महतो, लखन कुमार महतो,संतोष प्रजापति, संदीप कुमार,दीपक उरांव, लोकन महतो,संतोष महतो, संजय महतो,महवा महतो, श्रवण मद्रासी, शत्रुघ्न नायक सहित दर्जनों लोग मौजुद थे।

## कोयलांचल मे आज अदा की जाएगी रमजान महीने के पहले जुमे की नमाज



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रमजान महीने के पहले जुमे की नमाज आज अदा की जाएगी। जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।इस संबंध में बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने बताया कि रमजान के महीने में जुमे की नमाज का काफी महत्व होता है। इस दिन लगभग सभी मुसलमान मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं।उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में रोजा रखने के अलावे तरावीह की नमाज,जांच वक्त की नमाज के अलावा जुमे की नमाज अदा करना भी काफी जरूरी होता है।उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगो से समय पर मस्जिद जाकर जुमे की नमाज अदा करने की अपील की है।इधर पिपरवार के बचरा,राय, बहेरा, पुरानीराय, कल्याणपूर और न्युमंगरदारा सहित क्षेत्र के सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज को लेकर आज नमाजियों की काफी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

## बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर विनय महतो धीरज ने दी बधाई

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में भाजपा के विधायकों द्वारा सर्वसम्मति से नेता विधायक दल चुने जाने पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने ग्रामीण जिला की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इनके अनुभव एवं सशक्त नेतृत्व में पार्टी मुखर होकर विधानसभा के अंदर और बाहर निरंतर झारखंड के जनमानस के हितों के लिए एक प्रखर व सजग विपक्ष की भूमिका का निर्वाह करेगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए लंबा संघर्ष किया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विकास योजनाओं को उनके नेतृत्व में झारखंड के विधायक उन्हें धरातल पर उतारने में अपनी भूमिका निभायेंगे।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नए मैनुअल ट्रांसमिशन ग्रेड में लेजेंडर 4-4 पेश किया



**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा लेजेंडर 4-4 का मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) वैरिएंट (रूपांतर) पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिज़ाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है। किसी भी इलाके में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार, लेजेंडर ने 2021 में भारत में अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्नत 4-4 क्षमता हैं, जो इसे ऑफ-रोड रोमांच के लिए आदर्श साथी बनाती हैं। लेजेंडर 4-4 एमटी के केंद्र में जाना-माना 2.8लीटर डीजल इंजन है, जिसे बेजोड़ पावर डिलीवरी के लिए इंजीनियर किया गया है। 204 पीएस की पावर और 420 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला यह पावरट्रेन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी ड्राइव पर पूर्ण नियंत्रण पसंद करते हैं। यह 46,36,000 रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर उपलब्ध है। सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के उपाध्यक्ष, वरिंदर वाधवा ने कहा, हम टोयोटा लेजेंडर के नए ग्रेड का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं। इसे हमारे मूल्यवान ग्राहकों की बढ़ती मांगों और प्राथमिकताओं के जवाब में विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। एमटी वैरिएंट में इसे नया शामिल किया जाना न सिर्फ लेजेंडर की अपील को और बढ़ाएगा, बल्कि आज के ग्राहक की गतिशील जरूरतों को पूरा करने वाले बहुमुखी समाधान प्रदान करने की टोयोटा की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगा।

## विधायक दशरथ ने सदन में उठाई मांग, जल्द कराएं जेटेट की परीक्षा



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने शुन्य काल में झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन राज्य में जल्द कराने का मामला सदन में उठाया है। विधायक दशरथ गागराई ने मांग करते हुए कहा है कि 2016 के बाद से झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन अब तक नहीं किया गया है। जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत इसे प्रतिवर्ष आयोजित किया जाना है। वर्तमान में झारखंड के एक लाख से अधिक छात्र इस परीक्षा में शामिल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग की है कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन शीघ्र किया जाए।

## प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक की बैठक आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय माचा में गुरूवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न हुई। मौके पर अभिभावकों से अपने- अपने बच्चों को परीक्षा केंद्र पर ससमय उपस्थित होने के लिए विद्यार्थियों की मदद करने को कहा गया है। प्राचार्य डॉ. प्रियंका झा ने बताया कि कक्षा 9 की बोर्ड परीक्षा 11 और 12 मार्च को होने वाली है। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय पटमदा का परीक्षा केंद्र आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम में बनाया गया है। बैठक के दौरान कक्षा 9 के विद्यार्थियों को परीक्षा का एडमिट कार्ड का वितरण भी किया गया। बैठक में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ठाकुरमणि महतो, प्राचार्य डॉ. प्रियंका झा, शिक्षक रवि किशोर, देवी महतो, रूपा महतो समेत अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मिलन चौक टीकर में अवैध बिजली कनेक्शन के खिलाफ 8 के खिलाफ केस



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक एवं टीकर में अवैध बिजली कनेक्शन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मिलन चौक में नंदलाला साहू एवं भृगु महतो, टीकर में प्रकाश कुमार गोराई, मंथन चन्द्र गोराई, पशुपति गोराई, तारापदो, गुरू पद एवं श्यामापद गोराई के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा अवैध रूप से चोरी छिपे बिजली कनेक्शन करने के खिलाफ ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया एवं जुर्माना लगाया गया। बिजली कर्मी टींकू दे ने बताया मिलन चौक एवं टीकर में 8 उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से बिजली का उपभोग करने एवं बिना मीटर के बिजली जलाते पाया गया। उन्होंने कहा कि सभी का कनेक्शन काट दिया गया एवं जुर्माना के साथ मामला दर्ज किया गया।

## डिग्री कॉलेज के निर्माण होने तक पढ़ाई की वैकल्पिक व्यवस्था करे सरकार : संजीव सरदार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में पोटका विधायक संजीव सरदार ने अपने क्षेत्र के छात्रों की उच्च शिक्षा की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण मांग गुरुवार को सरकार के सामने रखी। उन्होंने कहा कि पोटका में निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज का भवन पूर्ण होने तक छात्रों की पढ़ाई किसी अन्य सरकारी भवन में संचालित की जाए, ताकि इस सत्र से ही बीए की कक्षाएं शुरू हो सकें। विधायक ने कहा कि पोटका प्रखंड एक सुदूर ग्रामीण इलाका है, जहां के गरीब और मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए काफी दूर जमशेदपुर शहर जाना पड़ता है। विधायक संजीव के इस प्रयास से क्षेत्र के छात्रों और अभिभावकों को राहत मिलेगा। उनका कहना है कि अगर डिग्री कॉलेज के लिए वैकल्पिक व्यवस्था हो जाती है, तो विद्यार्थियों को इस सत्र से ही घर के पास उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## मिश्रा और विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने गुरुवार को विधानसभा में सरायकेला खरसावां जिला भूमि संरक्षण विभाग और पश्चिमी सिंहभूम जिले के बड़ाचिरु स्थित कल्याण अस्पताल का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से सरायकेला खरसावां जिला में भूमि संरक्षण पदाधिकारी का पद सृजित नहीं होने तथा जिला में भूमि संरक्षण विभाग के नहीं होने का सवाल पूछा। वहीं विधायक के सवाल पर सरकार की ओर से कहा गया है कि न्यूनतम आवश्यकता आधारित पदों के साथ कार्यालय का सृजन करने को लेकर कृषि निदेशक झारखंड रांची की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है और इस विषय पर कार्रवाई प्रक्रिया में है। वहीं विधायक ने सदन में पश्चिमी सिंहभूम जिले के बड़ाचिरु कल्याण अस्पताल में केवल ओपीडी सेवा उपलब्ध है जबकि राज्य के दूसरे कल्याण अस्पताल में ओपीडी के साथ-साथ आईपीडी की सेवा भी उपलब्ध है। विधायक के इस सवाल पर सरकार की ओर से बताया गया कि इसमें आईपीडी सेवा शुरू करने के लिए पश्चिमी सिंहभूम जिले को पचास लाख की राशि उपलब्ध करवा दी गई है। बहुत जल्द यह सेवा शुरू हो जाएगी।

# दलमा के जंगल से भागकर आया हिरण बोड़ाम में कुत्तों ने किया हमला

## घायल हिरण को ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दलमा के जंगल से बुधवार की रात को भटक कर एक नर हिरण गुरुवार की सुबह बोड़ाम बाजार पहुंच गया। अहले सुबह करीब साढ़े 5 बजे बोड़ाम के समीप दिखने से कुत्तों के झुंड ने उसे दौड़ाया तो वहां श्यामापद गोप के आंगन में लगे जाल में वह फंस गया। इसके बाद कुत्तों ने उसे नोचना शुरू किया। आवाज सुनकर घर के बाहर निकले श्यामापद गोप ने कुत्तों से उसे बचाकर सुरक्षित अपने घर में रखा। इस दौरान हिरण के शरीर पर कई जगहों पर जख्म होने की वजह से खून निकल रहा था। गोप ने जड़ी बूटी की दवाई देकर उसे तत्काल राहत पहुंचाई। इसके बाद इसकी जानकारी बोड़ाम थाना एवं बाद में वन विभाग को दी गई। बोड़ाम थाने के सहायक अवर निरीक्षक मोहम्मद मजीद ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। सूचना पाकर काफी संख्या में ग्रामीण भी हिरण को देखने पहुंचे और पहली बार गांव में हिरण के देखे जाने से लोग तरह-तरह के कयास लगाते दिखे। गांव के पुतुल प्रमाणिक ने बताया कि संभवतः दलमा में घूम रहे बाघ की वजह से ही यह हिरण का बच्चा जंगल से भागकर गांव में पहुंच गया था। सुबह करीब 10 बजे पहुंची वन विभाग की टीम हिरण को गाड़ी में लादकर ले गई। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों ने श्यामापद गोप की प्रशंसा की जिन्होंने कुत्तों के झुंड से हिरण को बचाया।

## कालिंदी ने सरकार से की पटमदा में पाइप लाइन से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र के शून्यकाल के दौरान गुरुवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अंडर ग्राउंड पाइप लाइन के माध्यम से पटमदा- बोड़ाम के खेतों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की है। विधायक ने कहा कि बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां के लोगों के आय का मुख्य श्रोत कृषि ही है। इन प्रखंडों में सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि पर सालों भर ठीक ढंग से खेती नहीं हो पाती है। जिससे दोनों प्रखंडों के किसानों की आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं है। स्वर्णरखा बहुद्देशीय परियोजना अन्तर्गत चांडिल डैम से पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने पर बड़े पैमाने पर खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है। जिससे किसानों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों में सुधार होगी।

## सीए इंटर और फाइनल के लिए मॉक टेस्ट सीरीज 8 से शुरू, 48 घंटे में मिलेंगे उत्तर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई में होने वाली सीए इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के लिए मॉक टेस्ट सीरीज लॉन्च कर दी है। इंटरमीडिएट के लिए पहली टेस्ट सीरीज 8 से 19 मार्च और दूसरी 26 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगी। वहीं, सीए फाइनल की पहली सीरीज 10 से 21 मार्च और दूसरी 3 से 14 अप्रैल तक होगी। सेंट्रल इंडिया सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन, जमशेदपुर ब्रांच के चेयरमैन सीए चेतन अग्रवाल ने बताया कि छात्र बीओएस एक्टिविटी पोर्टल (बीओएसएलआईभीई डॉट आईसीएआइ डॉट ओआरजी) पर रजिस्टर कर प्रश्न पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इंटरमीडिएट के टेस्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और फाइनल के दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगे। टेस्ट के 48 घंटे के भीतर उत्तर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। सीए चेतन अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष मॉक टेस्ट से छात्रों को अच्छे अंक मिले थे, इसलिए सभी छात्रों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

## कुचाई के तरम्बा से पुलिस ने किया 578 किलो अवैध डोडा बरामद, एक को भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला खरसावां जिले के कुचाई में पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कुचाई के दलभंगा ओपी क्षेत्र के तरम्बा में एक घर पर छापामारी कर 578 किलो के साथ 22 बोरा डोडा बरामद किया है। इस मामले में कुचाई पुलिस ने तरम्बा निवासी प्रधान मुण्डा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुचाई थाना परिसर में बरामद हुए डोडा के बारे में प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया एवं इस्पेक्टर शंभू प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अफीम व पोस्ता की खेती करने वालों के विरुद्ध छापामारी एवं अफीम-पोस्ता पौधा का विनष्टीकरण अभियान चलाया जा रहा था। श्री सवैया ने कहा कि विगत 5 मार्च को वरीय पदाधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि कुचाई के दलभंगा ओपी क्षेत्र अंतर्गत तरम्बा में प्रधान मुंडा के घर में काफी मात्रा में पिछले वर्ष का डोडा रखा हुआ है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित छापामारी दल के द्वारा ग्राम तारम्बा में प्राथमिकी अभियुक्त प्रधान मुंडा के घर पर विधिवत तालाशी ली गई। तलाशी के क्रम में प्रधान मुंडा के घर में रखा हुआ 22 बोरा डोडा जिसका कुल वजन 578 किलोग्राम है। बरामद डोडा की अनुमानित मूल्य 5.78 लाख रूपये से अधिक है। पुलिस के छापामारी दल में मुख्य रूप एसडीपीओ समीर सवैया, कुचाई थाना प्रभारी नरसिंह मुण्डा, दलभंगा ओपी प्रभारी रविन्द्र मुंडा, मनोज कुमार शर्मा, कुचाई व दलभंगा सशस्त्र बल शामिल थे।

## विधायक सविता विधानसभा में उठाया चांडिल डैम के विस्थापितों का मामला

### - विस्थापितों को जल्द तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय रिक्त पदों पर नियोजित करेगी सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने झारखंड विधानसभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न में चांडिल डैम के विस्थापितों का मामला उठाया। उन्होंने चांडिल डैम के निर्माण से हुए विस्थापितों को पुनर्वासित किए जाने हेतु 22 स्थल चिन्हित किया गया है लेकिन उसमें से मात्र 13 स्थान को ही आधा अधूरा विकसित किया गया है। जिसमें माकुला, सितु, कुन्द्रीलोंग, घाघारी, बान्दु, झिमड़ी, मुरगडीह एवं चाकरी गांव को अबतक विकसित नहीं किया गया है। सरकार ने कहा कि 13 पुनर्वास स्थल में कुल 4342 आवासीय भूखंड है जिसमें से 2641 भूखंड विस्थापितों को आवंटित है एवं 1701 भूखंड शेष है। 13 पुनर्वास स्थल पर रिक्त भूखंड पर पूर्ण आवंटन के पश्चात अन्य 9 पुनर्वास स्थल पर भूखंड आवंटन एवं विकसित करने की कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने झारखंड सरकार की पुनर्वास नीति के तहत विस्थापितों को नियोजित किए जाने के प्रावधान का मामला रखा जिसमें सरकार ने कहा चांडिल डैम से विस्थापित हुए विस्थापितों को चिन्हित कर उनकी योग्यता अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय रिक्त पदों पर नियोजित करने का विचार रखती है।

## होली को लेकर पटमदा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना परिसर में गुरुवार को रंगों का त्योहार होली को लेकर शांति समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रदीप बेसरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पटमदा बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉ. राजेंद्र कुमार दास , विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, थाना प्रभारी करमपाल भगत आदि शामिल हुए। बैठक में बीडीओ ने कहा कि होली पर्व पर एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने सभी को होली पर्व की अग्रिम शुभाकामनाएं दीं। सीओ ने कहा कि शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाएं। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है और सभी की सहमति से ही रंग लगाना चाहिए। थाना प्रभारी करमपाल भगत ने कहा कि जो लोग विधि व्यवस्था को बिगाड़ने का काम करेगा उस पर कानूनी कारवाई की जाएगी। उन्होंने किसी को भी जबरदस्ती रंग नहीं लगाने की अपील की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो , झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, पंचानन दास, मुखिया परमेश्वर सिंह, केदारनाथ माझी, खगेन सिंह, गोपाल गोराई, बिरिंची महतो, नीलरतन पाल, खांदु सिंह आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर बोड़ाम थाना परिसर में भी होली के मद्देनजर बीडीओ किकू महतो की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार समेत समिति के अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला में गुरवार को राष्टीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रांची के प्रधानाचार्य विद्यासागर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फार्मेसी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सोना देवी विश्वविद्यालय में उच्चस्तरीय शिक्षा और शोध कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षकों के समर्पण और उनके प्रयासों की सराहना की। कुलपति डॉ. जेपी मिश्रा ने कहा कि सोना देवी विश्वविद्यालय अपने छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रजिस्ट्रार डॉ. गुलाब सिंह आजाद ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस महत्वपूर्ण दिन पर शुभकामनाएँ दीं इस समारोह में सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. गुलाब सिंह आजाद, कुलपति डॉ. जेपी।

## खाद्य सुरक्षा को लेकर चला अभियान, जांच के लिए रांची भेजे गए फूड सैंपल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा आगामी पर्व-त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है । इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर ने जुबली पार्क गेट के आसपास स्ट्रीट फूड वेंडर जोन से राजधानी चार्ट, वीरेंद्र धामी ठेला, आनंद दोसा, गोपाल दोसा, रौनक एग रोल, राजू दोसा, राज एग रोल, राहुल दोसा एवं परमेश चाइनीज फास्ट फूड से प्रिपेयर्ड फूड सामग्री चार्ट, पापड़ी चाट, दोसा, सेजवाइन हॉट चटनी, चिली सॉस, उपमा, चिकन चिली, सांभर और रोल मसाला का नमूना संग्रह किया गया जिसके गुणवत्ता की जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम , रांची भेजा जाएगा । साथ ही सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स को अपने वेंडिंग मशीन की उचित साफ-सफाई रखने के लिए तथा पोर्टेबल वाटर का उपयोग करने के लिए निर्देश दिया गया। जो भी स्ट्रीट फूड वेंडर्स किसी कारणवश अपना लाइसेंस अभी तक नहीं बना पाए हैं या लाइसेंस एक्सपायर हो चुका है, उन्हें खाद्य सुरक्षा कार्यालय, फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग, सिविल सर्जन कार्यालय कैंपस, खासमहल में आकर अपना आवेदन देने की जानकारी दी गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने स्ट्रीट वेंटर्स को सख्त निर्देश दिया कि तले-भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थ जैसे समोसे, पकोड़े, जलेबी, कचोरी, बड़ा, धुस्का आदि को अखबार या प्रिंटेड पेपर एवं प्लास्टिक में नहीं दें। साथ ही मिठाइयां, गोभी मंचूरियन, चिकन मंचूरियन आदि खाद्य पदार्थ को एफएसएसएआई द्वारा अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का उपयोग तय मानक 100 पीपीएम के अनुरूप ही करेंगे। होली पर्व को देखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बॉब ने जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में किया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के खरकई सभागार में गुरवार को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसके उपलक्ष्य में प्रतियोगिता सह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की डीएसडबल्यू डॉ. किस्वर आरा द्वारा की गई । कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विश्वविद्यालय की छात्राओं हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । तत्पश्चात एक विशेष प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया जहां ब्रह्मकुमारी, जमशेदपुर से विशिष्ट अतिथि के रूप में बीके अंजु दीदी उपस्थित रहीं। बैंक द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया । प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में विश्वविद्यालय की अध्यापिकागण डॉ. रिज़वाना परवीन, डॉ. श्वेता प्रसाद, डॉ. केया बनर्जी एवं डॉ. भारती वारश्ने उपस्थित रहीं एवं बैंक की ओर से बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, क्षेत्रीय व्यवसाय विकास प्रबन्धक मानस पटनायक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें । कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय मौमिता दास साहा, वरिष्ठ प्रबन्धक राजभाषा बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र द्वारा किया गया तथा समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय की उर्दू विभाग प्रमुख डॉ. रिज़वाना परवीन द्वारा किया गया।

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर ग्राम सभा प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण समारोह संपन्न हुआ। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम सशक्तिकरण परियोजना के तहत यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा) जमशेदपुर संस्था द्वारा राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विषय पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण समेकित जन विकास अभिकरण सुंदरनगर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में पोटका प्रखंड के अंतर्गत तीन पंचायत तेंतला, नारदा और टांगराईन के ग्राम सभा प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयं सहायता समूह की दीदियां शामिल थे। इस प्रशिक्षण में मनरेगा के तहत योजना, एनएफएसए के तहत राशन से सम्बंधित योजनाएं, केंद्र और राज्य द्वारा पेंशन से संबंधित योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई तथा ऑनलाइन के माध्यम से हमें इन योजनाओं की प्रगति और अन्य जानकारी कैसे देखना है इन सभी की भी जानकारी दी गई।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## युवा मन में कातिल विचार

**शिक्षा** में संतुष्टि का भाव होता तो एनआईटी हमीरपुर परिसर में कोई छात्र खुदकुशी के फंदे से न लटकता। बरेली से बीटेक की डुअल डिग्री कर रहे छात्र ने आखिर किस शिकायत, किस असंतोष, किस अनिश्चय और किस अंधेरे से आजिज आकर मौत को गले लगाया। किसी भी राष्ट्रीय संस्थान की पैरवी में भारत की युवा पीढ़ी का भविष्य उसके संवरने और संभलने का भी है और इसी बुनियाद पर एक नए भारत का निर्माण सुनिश्चित हो रहा है, लेकिन जब कहीं युवा हुलिया यहीं आकर बिगड़ता है तो जिंदगी के सवाल कठिन शैक्षणिक सफलता के प्रांगण में आकर खड़े हो जाते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर महाकुंभ के दौरान एक आईआईटी बाबा की कहानी का रहस्य, हमारे समाज को पाप की गठरी बना देता है, जहां भविष्य का हुनर रेंगने लगता है। कोई पढ़-लिख कर साधु समाज में पनाह मांगने को विवश हो रहा है, तो उपचार की पोशाक में जिंदगी के ताने-बाने उलझ जाते हैं। युवा मन के भीतर किसी कातिल विचार की घुसपैठ का अंदाजा लगाना मुश्किल है, लेकिन यह गहन चिंता और चिंतन का विषय है कि शिक्षा और करियर के विषयों की समाधि में प्रतिभाएं अपनी जिंदगी के नूर को अलविदा कहने को मजबूर हो रही हैं। क्यों शिक्षा के प्रांगण में राहत की तलाश भटक कर नशे के समुद्र में डूब रही है। हमीरपुर एनआईटी परिसर में दो वर्ष पूर्व एक छात्र नशे की ओवरडोज में मौत तक जा पहुंचा था। आए दिन प्रदेश में नशे की ओवर डोज से रिश्ते मातम में बदल रहे हैं। प्रतिस्पर्धा की अति, ज्ञान की मति और समाज की आधुनिक सदी में ऐसी विकरालता का सबब अब विद्रूपता के साथ दिखाई देने लगा है। यू-ट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया का मामला महज अभद्रता नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्यों के प्रति युवा पीढ़ी की उच्छृंखलता की तरह है। भले ही अदालत ने इलाहाबादिया को पॉड कास्ट की इजाजत दे दी, लेकिन युवा आदर्शों की उन्मुक्तता में नैतिकता के सवाल अब रहे कहां। बेशक संस्कृति के नाम पर शुरू हुई थानेदारी भी सही नहीं, लेकिन जिस तरह फिल्म व सीरीज के विषयों में युवाओं का प्रतिनिधित्व हो रहा है, उसे भी सही परिप्रेक्ष्य में नहीं ले सकते। कभी परिवारों के साथ बैठकर टीवी सीरियल देखना भी दिनचर्या का एक आयाम होता था, लेकिन अब पूरा परिवार एक साथ बैठ भी जाए, तो टीवी स्क्रीन पर आदर्शों को नकारती बहादुरी मिल जाएगी। रही सही कसर सोशल मीडिया के बेहूदा प्रदर्शन ने तोड़ दी है। बिखराव जीवन के हर पहलू और संवाद में है, तो क्यों न डिग्रियों के आलम में खड़े किए गए भविष्य को दोष दिया जाए। बच्चे अब शिक्षा के कबूतरखाने में सिर्फ करियर की गुटरगूं में मशगूल हैं। स्कूल से अकादमी, फिर अच्छे कालेज में प्रवेश का संघर्ष और अंत में शिक्षा के विषयों में भविष्य खोजते युवा के मन में आए बिखराव उसे तोड़ रहे हैं। जो युवा पंखे से झूल कर मौत को गले लगा रहा हो, उसके संदर्भ इतने आसान भी नहीं कि एक अध्याय में समझे जा सकें। दोषी तो अभिभावक भी कम नहीं जो बच्चों को बचपन से ही करियर के खेत में जोत देते हैं और जहां से ढलते होते हैं दबाव, व्यस्तता, विरक्ति और अति कठिन प्रतिस्पर्धा। इतना ही नहीं, कारपोरेट जगत में उपलब्ध नौकरियां भी इतनी निष्ठुर व अकृतज्ञ हैं कि युवा पीढ़ी जीवनचक्र में चोटिल व असहज हो रही है। ऊंची उछाल से गिरेंगे, तो अपने ही वजन से घायल हो जाओगे। एनआईटी हमीरपुर के छात्रावास में एक छात्र क्यों इतनी घुटन महसूस करने लगा कि उसने अपनी डिग्रियों की प्रस्तावना में खुदकुशी लिख ली। कारण कई हो सकते हैं, लेकिन शिक्षा के शिखर अब अशांत कर रहे हैं। युवा मसले, युवा एहसास, युवा आकाश, युवा सुकून व युवाओं का आत्मबल कहीं चोटिल है, तो सफलताओं के मूल्यांकन को बदलना होगा। शिक्षा के विषय, रोजगार के मायने, सामाजिक उपलब्धियों के गठजोड़ तथा श्रेष्ठता की कसरतें बदलनी होंगी, वरना स्कूल पहुंचते-पहुंचते बच्चे बदनाम गलियों और कालेज-यूनिवर्सिटी के गेट पर नशे के खरीददार हो जाएंगे।


बरेली से बीटेक की डुअल डिग्री कर रहे छात्र ने आखिर किस शिकायत, किस असंतोष, किस अनिश्चय और किस अंधेरे से आजिज आकर मौत को गले लगाया। किसी भी राष्ट्रीय संस्थान की पैरवी में भारत की युवा पीढ़ी का भविष्य उसके संवरने और संभलने का भी है और इसी बुनियाद पर एक नए भारत का निर्माण सुनिश्चित हो रहा है, लेकिन जब कहीं युवा हुलिया यहीं आकर बिगड़ता है तो जिंदगी के सवाल कठिन शैक्षणिक सफलता के प्रांगण में आकर खड़े हो जाते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर महाकुंभ के दौरान एक आईआईटी बाबा की कहानी का रहस्य, हमारे समाज को पाप की गठरी बना देता है, जहां भविष्य का हुनर रेंगने लगता है। कोई पढ़-लिख कर साधु समाज में पनाह मांगने को विवश हो रहा है, तो उपचार की पोशाक में जिंदगी के ताने-बाने उलझ जाते हैं। युवा मन के भीतर किसी कातिल विचार की घुसपैठ का अंदाजा लगाना मुश्किल है, लेकिन यह गहन चिंता और चिंतन का विषय है कि शिक्षा और करियर के विषयों की समाधि में प्रतिभाएं अपनी जिंदगी के नूर को अलविदा कहने को मजबूर हो रही हैं। क्यों शिक्षा के प्रांगण में राहत की तलाश भटक कर नशे के समुद्र में डूब रही है। हमीरपुर एनआईटी परिसर में दो वर्ष पूर्व एक छात्र नशे की ओवरडोज में मौत तक जा पहुंचा था।


### हिंदी ने अपने हृदय प्रदेश की किसी भी भाषा के अस्तित्व को कोई चोट नहीं पहुंचाई है

## तमिलनाडु में भी उठी हिंदी समर्थक आवाज

उमेश चतुर्वेदी


तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने राजनीतिक फायदे के लिए तमिलनाडु की इसी भावना का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन अब हिंदी के समर्थन में तमिलनाडु के भीतर से ही आवाज उठने लगी है। श्रीधर वेंबु तमिल माटी के ही सपूत हैं, इंटरनेट, सॉफ्टवेयर और कारोबार की दुनिया में उनकी कंपनी जोहो का डंका बज रहा है। यही श्रीधर वेंबु खुलेतौर पर कहने लगे हैं कि आइए हम हिंदी सीखें। हिंदी ना जानने की वजह से हो रही कारोबारी दुश्वारियों को वे समझ रहे हैं, इसीलिए वे ना सिर्फ हिंदी सीख रहे हैं, बल्कि इसकी मुनादी भी कर रहे हैं। श्रीधर ने ट्वीटर पर जब हिंदी सीखने की अपील की तो इसे स्टालिन की भाषायी राजनीति के जवाब के तौर पर देखा जाने लगा। ऐसा होना स्वाभाविक भी है।


**संस्कृति** का उपादान और उसके नैरंतर्य का जरिया होने की वजह से भाषाएं उन लोगों के लिए भावनात्मक मुद्दा होती हैं, जो उन्हें प्राथमिक जुबान के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन अपने राजनीतिक फायदे के लिए तमिलनाडु की इसी भावना का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन अब हिंदी के समर्थन में तमिलनाडु के भीतर से ही आवाज उठने लगी है। श्रीधर वेंबु तमिल माटी के ही सपूत हैं, इंटरनेट, सॉफ्टवेयर और कारोबार की दुनिया में उनकी कंपनी जोहो का डंका बज रहा है। यही श्रीधर वेंबु खुलेतौर पर कहने लगे हैं कि आइए हम हिंदी सीखें। हिंदी ना जानने की वजह से हो रही कारोबारी दुश्वारियों को वे समझ रहे हैं, इसीलिए वे ना सिर्फ हिंदी सीख रहे हैं, बल्कि इसकी मुनादी भी कर रहे हैं। श्रीधर ने ट्वीटर पर जब हिंदी सीखने की अपील की तो इसे स्टालिन की भाषायी राजनीति के जवाब के तौर पर देखा जाने लगा। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा के सम्मान के नाम पर वह तमिल भावनाओं को उभारने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे कभी हिंदी को साम्राज्यवादी बताते हैं और जब हिंदी पर यह आरोप साबित नहीं हो पाता तो वह हिंदी पर यह आरोप लगाने से भी पीछे नहीं हटते कि अपने हृदय प्रदेश की बोली-बानियों और छोटी भाषाओं के अस्तित्व को उसने निगल लिया है। स्टालिन का यह कहना कि हिंदी ने भोजपुरी, अवधी, अंगिका आदि भाषाओं के अस्तित्व को नष्ट कर दिया है, उसी आरोपबाजी का विस्तार है। जबकि हकीकत यह है कि हिंदी ने अपने हृदय प्रदेश की किसी भी भाषा के अस्तित्व को कोई चोट नहीं पहुंचाई है। उलटे हिंदी इन भाषाओं के बीच संपर्क भाषा के रूप में काम कर रही है। वह उन भाषाओं से शब्दों को लेकर समृद्ध भी हो रही है। अवधी, भोजपुरी, बैसवाड़ी या ब्रजभाषी जब अपने भाषा समुदाय से दूर के लोगों से मिलते हैं, उनके सहज संवाद की भाषा हिंदी होती है। इस संवाद प्रक्रिया में वह हर भाषा से कुछ शब्द लेती है, उन्हें दोनों के बीच के कड़ी के रूप में स्थापित करती है और इस तरह खुद भी समृद्ध होती है और अपनी बोली या उपभाषाओं को भी ताकतवर बनाती है। महात्मा गांधी ने तमिल और तेलुगू युवाओं से एक सौ सात साल पहले हिंदी सीखने की अपील की थी। उनके ही आह्वान पर 17 जन 1918 को एनी बेसेंट और



रामास्वामी अय्यर ने दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। गांधी जी का सपना था कि तमिल और तेलुगू जैसे अहिंदीभाषी इलाकों के हिंदी को ना सिर्फ सीखें, बल्कि हिंदी को लेकर अपने राज्यों में माहौल बनाएं। गांधी जी का वह सपना सौ साल से अधिक वक्त के बाद सच होता नजर आ रहा है। श्रीधर वेंबू जैसे घोर तमिलभाषी व्यक्ति का हिंदी के समर्थन में सामने आना और उनके साथ तमिलनाडु ही नहीं, कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना आदि के लोगों का खड़ा होना मामूली बात नहीं है। हिंदी को लेकर तमिलनाडु के आम जन की जो छवि कम से कम उत्तर भारत में बनी है, तमिलनाडु से हिंदी के समर्थन में उठने वाली ये आवाजें उसे खंडित कर रही हैं। श्रीधर वेंबु जैसी महत्वपूर्ण स्वरों का हिंदी के समर्थन में उठना तमिलनाडु के आमजनों की कथित हिंदी विरोधी छवि का भी जवाब है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे आर्थिक विचारक एस गुरूमूर्ति तमिलनाडु के सामाजिक और राजनीतिक हलके की महत्वपूर्ण आवाज हैं। लेकिन हिंदी को लेकर तमिलनाडु में जो सामान्य धारणा रही है, उसकी वजह से हिंदी समर्थक उनके सुर को तमिल माटी में तवज्जो देने से बचा जाता रहा है। लेकिन श्रीधर वेंबु की आवाज और उनके समर्थन में सोशल मीडिया मंचों पर उमड़े युवा स्वरों ने गुरूमूर्ति की हिंदी समर्थक आवाज को ताकत दी है। गुरूमूर्ति भी खुलकर हिंदी विरोधी राजनीति के खिलाफ अपने तर्क दे रहे हैं और उन तर्कों को तमिलनाडु में ध्यान से सुना-पढ़ा जा रहा है। हिंदी का समर्थन करते हुए श्रीधर यह भी कह रहे हैं कि उनकी कंपनी का कामकाज तमिलनाडु की तुलना में दूसरे राज्यों में ज्यादा है। जहां उनकी कंपनी अपने तमिल अधिकारियों और प्रोफेशनल को भेजने में हिचकती है, क्योंकि वे दूसरे राज्यों में सहज संवाद विशेषकर जमीनी स्तर पर नहीं कर पाते। 1965 में तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलन हुआ था। उसकी वजह यह थी कि संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी को राजकाज की भाषा का स्थान लेने के लिए पंद्रह साल की अवधि 25 जनवरी 1965 को पूरी हो रही थी। तब क्षेत्रीय द्रविड़ राजनीति को हिंदी विरोध में अपनी राजनीतिक राह दिखी। तमिल उपराष्ट्रीयता को उन्होंने हिंदी विरोध के नाम उभारा और स्थानीय लोक को अपने पक्ष में लामबंद किया। इसकी वजह से भारत सरकार को हिंदी को राजकाज की भाषा बनाने के संवैधानिक आग्रह को अनंत काल के लिए कानूनी तौर पर टालना पड़ा। इन अर्थों में तमिलनाडु का हिंदी विरोधी आंदोलन सफल कहा जाएगा। उसी वक्त से तमिलनाडु के सरकारी विद्यालयों में त्रिभाषा फॉर्मूला लागू नहीं है, जबकि तकरीबन समूचे देश में पढ़ाई के लिए त्रिभाषा यानी स्थानीय भाषा, हिंदी और अंग्रेजी की पढ़ाई की सुविधा लागू है। साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति में फिर से प्राथमिक स्तर से ही त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करने की बात की गई है और स्टालिन का हिंदी विरोध इसी फॉर्मूले के विरोध के साथ उभरा है। तमिलनाडु के सरकारी विद्यालयों से हिंदी भले ही दूर हो, लेकिन सीबीएसई बोर्ड के पाठ्यक्रम लागू करने वाले विद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है। अखिल भारतीय नौकरियों के मद्देनजर स्थानीय लोग अपने बच्चों को सीबीएसई बोर्ड वाले स्कूलों में पढ़ा तो रहे ही हैं, बच्चों को अलग से हिंदी की कोचिंग भी दिला रहे हैं। गुरूमूर्ति के अनुसार, तमिलनाडु में सीबीएसई बोर्ड वाले स्कूलों में साठ लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जबकि तमिलनाडु सरकार के विद्यालयों में करीब 83 लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि तमिलनाडु सरकार के विद्यालयों के बच्चे हिंदी से दूर हैं, जिनकी संख्या सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों का करीब एक सौ बीस गुना ज्यादा है। तमिलनाडु की आज की प्रौढ़ हो चुकी पीढ़ी में एक वर्ग ऐसा भी है, जो सोचता है कि हिंदी विरोधी आंदोलन में हिस्सा लेकर उसने गलती की। इस गलती को सुधारने के लिए वह पीढ़ी अपने बच्चों को हिंदी से घृणा करना सीखने-सिखाने से बचती है। इसके अलावा दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा अब तक सवा दो करोड़ से ज्यादा लोगों को हिंदी सिखा और पढ़ा चुकी है। इसी साल उससे जुड़े विद्यार्थियों की संख्या पांच लाख से कुछ ज्यादा ही है।

दृष्टि कोण

## बासंतिक शोभना का शिखर होली

**फाल्गुन** माह के आगामी शोभित-स्वर्णिम दिनों में होली आएगी। काश यह 'आएगी' की वास्तविकता प्रत्येक सप्ताह पुनः-पुनः घटती। काश होली का दिवसीय मध्याह्न सदैव के लिए ठहर जाता। काश होलिका दहन की रात्रि हर दो दिन बाद प्रकट होती। मौसम की अस्थिरता, कुरूपता, प्रतिकूलता और विकृतियों से पीड़ित प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति के अंतर्मन में ऐसे ही दार्शनिक विचार उमड़ते रहते हैं। जब कोई दिवस, त्योहार या उत्सव सुंदर-सुभाषित मौसम के साथ उपस्थित होता है तो एक अप्रत्याशित इच्छा उभरती है कि काश आगे का जीवन-समय ऐसी ही सुंदरता-सुभाषिता के साथ बीते। किंतु ऐसा होने या घटने की मनुष्य के पास केवल दार्शनिक कल्पना ही है। वास्तव में इस युग में पृथ्वी पर ऐसा होना असंभव है। इस लेखक के जीवनकाल में तो ऐसा होना संभव है ही नहीं। बाद में चमत्कार द्वारा ऐसा हो जाए, तो सुंदर दार्शनिक कल्पनाओं के साथ जीने वाले उस समय के व्यक्तियों का सौभाग्य। होली के त्योहार से पहले के दस-पंद्रह दिन सौंदर्य, माधुर्य, आश्चर्य और सहचर्य से परिपूर्ण होते हैं। होलिका दहन की विशिष्ट रात्रि और होली का विशेष दिवस, दोनों ही प्राकृतिक सौंदर्य के सर्वाधिक आकर्षक स्वरूप होते हैं। जहां फाल्गुन माह की पूर्णिमा रजनी के प्रति सम्मोहन बढ़ाती है, वहां रंगों से भरा वातावरण दिवस के प्रति मुग्धता में वृद्धि करता है। वर्षों पहले होली जैसे उत्सव जन-जन के हृदय में वह आनंद भरते थे, जो जीवन-संघर्ष की पीड़ाओं का औषध बनकर हरण करते थे। जब तक होली ग्रामीण भारत में पारंपरिक विधि-विधानों के साथ मनाई जाती थी, तब तक मनुष्य के जीवन का सबसे आनंदित पक्ष हुआ करती थी। भारतीय संस्कृति की अग्रणी उत्सवी विरासत थी होली कभी। भारत के ग्राम्य जीवन की परंपराओं का ऋतु प्रसाद थी होली।

ऐसे व्यतीत समय का स्मृतिविहार करते-करते बचपन याद हो आता है। हिमालय की तलहटी के गांवों में होलिका उत्सव एक या दो दिनों का नहीं, अपितु महीनों का उत्सव हुआ करता था। गांव के युवक मंत्रोच्चारण व वैदिक कर्मकांड करने के बाद 'पंय्या' नामक पवित्र वृक्ष की एक बड़ी टहनी काटकर लाते और गांव के किसी आकर्षक-आह्लादित स्थल पर उसे खड़ा करके उसे होलिका का स्वरूप प्रदान करते। वृक्ष के चहुंओर उपलों का ढेर लगाया जाता। फाल्गुन पूर्णिमा की रात तक प्रतिदिन लकडियां ला-ला कर वहां रखी जातीं। पूर्णिमा तक उपलों और शुष्क लकडियों का ढेर टहनी की ऊंचाई तक पहुंच जाता। युवक उसके चहुंओर मानव-श्रृंखला बनाकर घूमते। गीत-गायन करते। यंत्र-वादन करते। युवकदल अपने गांव के प्रत्येक घर और दूसरे गांवों के घर-घर जा कर भी ऐसा ही उपक्रम करते। प्रातःकाल से पूर्व अपने गांव लौट आते। चंद्र दीप्ति से पूर्ण रात्रियों में पहाड़ों के गांवों-गांवों की पदयात्रा करना कितना अनुपम और मनोहर उत्सवीकर्म होता! होली उत्सव का यह स्वरूप मानवीय और सामाजिक संबंधों को गहन करता था। ऐसा त्योहारी उपागम मानव की दृष्टि-अंतर्दृष्टि को जीवंत बनाता था। उसे मानवीयता से संचित किया करता था। यदि होली उत्स को पौराणिक, धार्मिक और सामाजिक प्रसंगों से पृथक कर केवल प्राकृतिक रूप, स्वरूप, रंग व तत्त्वों के साथ एकाकार होने तक सीमित कर मनाया जाए, तो भी यह धरती का अप्रतिम उत्स बन जाता है। सतयुग, राजा हिरण्यकश्यप, हिरण्यकश्यप के पुत्र भक्त प्रह्लाद, प्रह्लाद की बुआ होलिका और नरसिंह भगवान के स्वरूप में श्रीविष्णु के अवतरण के पौराणिक चरित्रों-पात्रों के साथ होली को न भी संबद्ध करें, तो भी होली विहंगम है। किंतु जब उत्सव की आधारशिला ही उक्त युग और उसके चरित्र-पात्र थे, तो तब कोई नास्तिक ही होगा जो इन्हें छोडक़र उत्सवी रंग में स्वयं को रंगना चाहेगा। होली के पुरातन, प्राचीन, पौराणिक और सर्वोपरि प्राकृतिक भाव-विचारों के साथ रंगोत्सव में डूबना वास्तव में मुक्ति का जीता-जागता अभ्यास है। बासंती सम्मोहन में डूबकर कौन होगा जो मोक्ष जैसी अनुभूतियां नहीं करता होगा! वर्षभर ऋतु जैसी भी हो, परंतु होलिका दहन की रात और रंगक्रीड़ा के दिवस में ऋतु साक्षात सौंदर्य आभा बनकर प्रकट होती है। बासंतिक शोभना द्वारा संपूर्ण भूलोक एक दिव्यलोक में परिवर्तित हो जाता है। बसंत ऋतु के यौवन का चरमोत्कर्ष होती है फाल्गुन पूर्णिमा। भू की अनुभूति स्वर्गिक हो उठती है इस दिन। सेमल, पलाश या टेसू, बुरांश इत्यादि प्रजातियों के वृक्ष अपने लालरंगी पुष्पों के साथ धरती की सुषमा को व्योम तक फैला देते हैं। व्यक्ति की संवेदनाएं ऐसे व्योम को स्पर्श करने के लिए आतुर हो उठती हैं।

कुछ अलग

## बदहाली की शिक्षा

**हरियाणा** के सरकारी स्कूल जिस बदहाली से गुजर रहे हैं उसका निष्कर्ष यही है कि ये स्कूल बीमार भविष्य के कारखाने साबित हो सकते हैं। हरियाणा के प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा हाल में किए गए युक्तीकरण के प्रयासों से राज्य में सार्वजनिक शिक्षा की निराशाजनक स्थिति ही उजागर हुई है। सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि राज्य में 487 सरकारी प्राथमिक विद्यालय बिना किसी शिक्षक के संचालित किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विडंबना यह है कि करीब 294 स्कूलों में कोई छात्र नामांकित नहीं है। निश्चय की छात्रों के मोहभंग के कारणों को समझना कठिन नहीं है। निश्चित रूप से यदि प्राथमिक शिक्षा की यह तस्वीर है तो माध्यमिक और उच्च शिक्षा की स्थिति और भी खराब हो सकती है। विडंबना यह भी है कि शिक्षा व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने की कवायद में शिक्षकों की बड़ी कमी के बावजूद पांच हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो गए हैं। हालांकि, छात्र-शिक्षक अनुपात 28:1 प्रबंधनीय लग सकता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कहीं ज्यादा खराब है। लगभग 16,500 से अधिक टीजीटी और 11,341 पीजीटी शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। इतना ही नहीं राज्य के विश्वविद्यालय और कालेज भी शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। यहां तक कि सरकारी कॉलेजों में भी व्याख्याताओं के लगभग आधी पद खाली हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि राज्य में योग्य बेरोजगारों की बड़ी संख्या के बावजूद ये पद खाली पड़े हैं। जो व्यवस्थागत खामियों की ओर ही इशारा करते हैं। विसंगति यह भी है कि बजटीय उपेक्षा ने समस्या को और बढ़ा दिया है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पिछले साल एक संबंधित मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आवंटित बजट का समय रहते उपयोग न कर पाने के कारण शिक्षा निधि में 10,675 करोड़ रुपये वापस लौटने का उल्लेख किया था। जो शिक्षा विभाग की उदासीनता की ही तस्वीर ही उकेरता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि एक ओर वित्तीय संसाधनों की कमी की बात कही जाती है और दूसरी ओर शिक्षा निधि में उपयोग न किए गए धन को लौटाने की बात सामने आ रही है। जाहिरा तौर पर यदि आवंटित धन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं किया जा रहा है तो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का दावा निरर्थक ही साबित होगा। कमोवेश शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाये जाते रहे हैं। कहा जा रहा है कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों के छात्रों का अंकगणितीय ज्ञान और साक्षरता का कौशल पंजाब व पड़ोसी राज्य हिमाचल से कमतर ही है। हाल में जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट यानी एएसईआर 2024 एक गंभीर स्थिति को ही उजागर करती है। वार्षिक स्थिति रिपोर्ट में उजागर हुआ है कि ग्रामीण स्कूलों में कक्षा आठवीं तक के केवल 43.1 प्रतिशत छात्र ही गणित में भाग की गणनाएं कर सकते हैं। जो कि वर्ष 2022 में 49.5 प्रतिशत से कम ही है। जबकि दूसरी ओर पंजाब के स्कूलों के छात्र 58 फीसदी के साथ सबसे आगे हैं। उसके बाद हिमाचल प्रदेश 44 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर पढ़ने का कौशल भी उतना ही चिंताजनक है। ऐसे में शिक्षा क्षेत्र गिरावट का ट्रेंड ही नजर आएगा। जाहिर है इससे छात्रों का ही नुकसान होगा। दरअसल, शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को संबोधित करने की जरूरत है। निस्संदेह, सरकारी स्कूलों में समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों की ही अधिकता होती है। समाज के वंचित वर्ग के छात्र भी बड़ी संख्या में इन स्कूलों में दाखिले लेते हैं।

देश दुनीया से

## नवाचार और अवसरों पर आधारित हो बजट

**सुख** का वायदा करने वाली हिमाचल प्रदेश सरकार का विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू होगा। 17 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल का बजट पेश करेंगे। जनता की बहुत सी उम्मीदें इस बजट पर टिकी हैं। व्यवस्था परिवर्तन को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने कुछ ऐसे सख्त निर्णय भी लिए हैं जिससे प्रशंसा, आलोचना और वित्तीय खामियाजा भी भुगतना पड़ा है। हिमाचल प्रदेश का 2025-26 का बजट आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होना चाहिए, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद मिले। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विभिन्न आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें बढ़ता घाटा, ऋण का बोझ और राजस्व की सीमित संभावनाएं प्रमुख हैं। मार्च 2025 तक हिमाचल सरकार पर कर्ज और बढकर लगभग 95 हजार करोड़ रुपए का हो जाएगा। इस कठिन परिस्थिति में आत्मनिर्भरता ही एकमात्र समाधान हो सकता है, जिसके लिए सरकार को स्थानीय संसाधनों का कुशल प्रबंधन और नवाचार को बढ़ावा देना होगा। राज्य की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए सबसे पहले कृषि और बागबानी क्षेत्र में सुधार की जरूरत है। हिमाचल की जलवायु और भौगोलिक स्थिति इसे जैविक कृषि और विशेषकर फल उत्पादन के लिए उपयुक्त बनाती है। किसानों को आधुनिक तकनीकों, विपणन सुविधाओं और प्रसंस्करण इकाइयों से जोड़ा जाए, ताकि वे अपनी उपज का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। पर्यटन उद्योग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए होमस्टे, इको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही, धार्मिक पर्यटन को व्यवस्थित कर इसे स्थायी राजस्व का स्रोत बनाया जा सकता है। पर्यटन में स्थानीय उत्पादों को भी जोड़ा जाए, ताकि हस्तशिल्प, लोक कला और स्थानीय व्यंजनों को नया बाजार मिले। जल विद्युत परियोजनाओं की क्षमता को पूरी तरह उपयोग में लाने और बिजली निर्यात से अधिक राजस्व प्राप्त किया जा सकता है। कृषि और बागबानी में नवाचार और प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहन देकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है, जिससे सरकार को भी अधिक राजस्व मिलेगा। बागबानी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक्स और कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं मजबूत करनी होंगी। औद्योगिक विकास के लिए राज्य में निवेश को आकर्षित करने की नीतियां बनानी होंगी, खासकर आईटी और फार्मा सेक्टर में। साथ ही, छोटे और मध्यम उद्यमों को समर्थन देकर स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी होगा। पर्यटन, परिवहन और शराब जैसे क्षेत्रों में कर नीति को संतुलित और व्यावहारिक बनाना होगा, ताकि सरकारी राजस्व बढ़े और अवैध गतिविधियों पर रोक लगे। सरकारी खर्चों को नियंत्रित करने के लिए फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाना, प्रशासनिक सुधार लाना और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना आवश्यक होगा। केंद्र सरकार की योजनाओं और अनुदानों का पूरा लाभ उठाना, साथ ही बाहरी निवेश की फंडिंग को आकर्षित करने के लिए बेहतर नीति बनानी होगी। राज्य में आधारभूत ढांचे, विशेष रूप से सडक़, स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान देने से समग्र आर्थिक विकास संभव होगा, जिससे सरकार को चलाने में वित्तीय मजबूती मिलेगी। ऊर्जा क्षेत्र में राज्य को सौर और पनबिजली परियोजनाओं में निवेश करना चाहिए। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति इसे हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए आदर्श बनाती है। सरकार को निजी निवेश को आकर्षित करने और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए अनुकूल नीतियां बनानी होंगी। औद्योगिक क्षेत्र में छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन पर ध्यान देना होगा। पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। इसके लिए स्टार्टअप्स को सरकारी सहयोग और पूंजी निवेश की सुविधा दी जानी चाहिए। शिक्षा और कौशल विकास में निवेश कर राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार तकनीकी प्रशिक्षण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने से बेरोजगारी की समस्या कम होगी। सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए व्यय को नियंत्रित करना होगा। गैर-जरूरी खर्चों को कम कर शिक्षा, स्वास्थ्य, अवसंरचना और कृषि पर अधिक निवेश करना फायदेमंद होगा। हिमाचल प्रदेश में आर्थिक नीतियों को सुधारने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। सबसे पहले, पर्यटन को और अधिक संगठित और टिकाऊ बनाया जाए ताकि यह स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और सरकार के लिए राजस्व का मजबूत स्रोत बन सके। इससे जुड़े बुनियादी ढांचे को बेहतर किया जाए और पर्यटकों के लिए नए आकर्षण विकसित किए जाएं। कृषि और बागबानी क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों का समावेश किया जाए ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें। जैविक खेती को बढ़ावा देना, फसल विविधीकरण अपनाना और विपणन की आधुनिक व्यवस्था विकसित करना आवश्यक है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। हाइड्रोपावर और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दिया जाए, जिससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को भी पूरा किया जा सकेगा। इस क्षेत्र में निजी और सरकारी भागीदारी को मजबूत करना चाहिए। स्थानीय उद्योगों और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश की जाए और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के माध्यम से इनका प्रचार किया जाए। इससे छोटे व्यवसायों और पारंपरिक कारीगरों को सीधा लाभ मिलेगा। बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना जरूरी है। सरकार को युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने चाहिए ताकि वे स्वरोजगार और स्टार्टअप की ओर बढ़ सकें। अंत में, पारदर्शी और दूरदर्शी आर्थिक नीतियां बनाई जाएं, भ्रष्टाचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए और सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। हिमाचल प्रदेश के लिए 2025-26 का बजट आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यदि सरकार इन उपायों को प्राथमिकता देती है, तो राज्य आर्थिक संकट से उबर सकता है।

आप का नजरीया

## रेवड़ियां 'भीख' नहीं

**मध्यप्रदेश** सरकार के मंत्री प्रह्लाद पटेल ने आम जनता को 'भिखारी' करार दिया है। मंत्री जी परेशान हैं कि लोग नेता को देख कर अपने कागज आगे बढ़ाने लगते हैं, मांगें करने लगते हैं, बच्चे के लिए नौकरी मांगने लगते हैं। ऐसा लगता है मानो जनता भिखारी बन भीख मांग रही हो! संदर्भ कुछ भी हो या मंत्री की मनःस्थिति ठीक न हो, लेकिन असल भिखारी तो नेता-मंत्री ही होते हैं, जो चुनाव के दौरान एक-एक वोट के लिए जनता से गुहार करते हैं। आखिर प्रह्लाद पटेल को विधायक और मंत्री किसने बनाया? यदि वह आम आदमी की बात नहीं सुनेंगे और उसकी मांग पूरी करने की कोशिश नहीं करेंगे, तो वह सत्ता में क्यों हैं? क्या जनता उनकी आरती उतारे? लोकतंत्र में बुनियादी ताकत जनता में ही निहित है, जिसका मताधिकार विधायक-सांसद चुनता है। बाद में वे सरकार में मंत्री पद हासिल करते हैं। प्रह्लाद पटेल केंद्र की मोदी सरकार में भी मंत्री थे। वहां से उन्हें राज्य की राजनीति में लाया गया। संभव है कि वह कुंठा आज भी उनके भीतर जमा हो! लोकतंत्र में चुने हुए चेहरे 'जनसेवक' कहलाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी खुद को देश का 'प्रधान सेवक' मानते हैं। उन्होंने 11 साल की सत्ता के दौरान एक बार भी जनता को 'भिखारी' करार नहीं दिया। इधर कुछ नेताओं ने बदजुबान की भाषा बोलनी शुरू कर दी है। कोई विधायक एक मतदाता की औसत कीमत 2000 रुपए आंकता है और 'वेश्या' को उससे बेहतर मानता है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा था कि आपने मुझे वोट दिया, लेकिन इसके मायने ये नहीं हैं कि आप मेरे 'बॉस' हो गए। यह कैसी राजनीतिक संस्कृति है? इधर राजनीति में मुफ्तखोरी की रेवडियां बांटने का जो चलन व्यापक होता जा रहा है, दरअसल वह एक लालच है, रिश्वत है, उसे राजनीतिक दल 'भीख' नहीं मान सकते। यदि किसी ने रेवडियों को 'भीख' करार दिया है, तो उसके लिए जिम्मेदार और दोषी भी राजनीतिक जमात है। रेवडियां बांटना उसने ही अपने स्वार्थ के मद्देनजर शुरू किया था। अब यह मुफ्तखोरी देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर रही है, क्योंकि रेवडियां बांटने के लिए पैसा चाहिए और सरकारों के पास पूंजी का घोर संकट है। ऐसा कोई भी राज्य नहीं है, जिसने रेवडियां बांटने के लिए कर्ज न लिया हो। दो उदाहरण गौरतलब हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जब 'किसान सम्मान निधि' की योजना का सूत्रपात किया था, तो उसके दायरे में करीब 14 करोड़ किसान थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर करीब 8.5 करोड़ किसानों तक लुढक़ आई है। उन्हें ही 6000 रुपए सालाना की यह कथित रेवड़ी बांटी जा रही है। खुद प्रधानमंत्री रेवडियों की राजनीति के खिलाफ हैं, लेकिन भाजपा सरकारें भी कर्ज लेकर घी पिला रही हैं। ताजातरीन मामला दिल्ली अद्र्धराज्य की सरकार का है। 8 मार्च को 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनता को आश्वस्त किया है कि उस तारीख तक 2500 रुपए पात्र महिलाओं के खातों में जमा करा दिए जाएंगे। यह रेवड़ी बांटने पर ही सरकार को करीब 21,000 करोड़ रुपए चाहिए। दिल्ली का बजट करीब 77,000 करोड़ रुपए का है। उसमें से करीब 64,000 करोड़ रुपए वेतन, भत्तों, पेंशन आदि में खर्च हो जाते हैं।

# एचडीएफसी बैंक द्वारा समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं ने लिया भाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत सिंघानी गांव के उमा पाठक लालू मैदान में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक एंव सपोर्ट संस्था के तत्वावधान में परियोजना लांच इवेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप- विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, माननीय प्रखंड विकास पदाधिकारी माननीय कलिंदर साहु, अंचलाधिकारी उदल राम, प्रखंड प्रमुख मनिषा कुमारी, बीपीओ राजेश्वर कुमार क्लस्टर हैड एचडीएफसी बैंक सौरभ रंजन, ब्रांच मैनेजर एचडीएफसी बैंक आशुतोष विमल, सपोर्ट संस्था के सचिव भवानी शंकर गुप्ता के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बुके, अंग वस्त्र एंव पोट देकर अतिथियों को सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि एचडीएफसी बैंक के सीएसआर मद एंव सपोर्ट संस्था के सहयोग से क्षेत्र में विकास की गति में रफ्तार तेज होगी। नई तकनीकि से शिक्षा को बढावे, कृषि कार्य में किसानो को सहयोग का अवसर निश्चित प्रदान होगी। क्षेत्र के महिलाओं हेतु आजिविका वर्धन के लिए इस प्रकार का परियोजना सर्थक सिद्ध होगा।साथ ही उन्होंने पत्थलगडा प्रखंड क्षेत्र में अविलंब स्थल चयन कर कोल्ड स्टोरेज बनाने की घोषणा भी किए। साथ ही उप विकास आयुक्त द्वारा एचडीएफसी बैंक के वित्तीय सहयोग और सपोर्ट संस्था से एचआरडीपी परियोजना अंतर्गत सिरकोल गाँव में स्मार्ट स्कूल एंव पत्थलगडा गाँव माडल आंगनबाडी का उद्घाटन फिता काटकर किया।प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिंदर साहु ने भी कार्यक्रम में अपने संबोधन में परियोजना क्षेत्र के चार पंचायत के पंद्रह गाँव में कार्य करने को सराहा साथ ही सहयोग करने को लेकर आश्वस्त किया। अंचलाधिकारी उदल राम ने भी परियोजना के कार्य को सराहनीय कहा।क्लस्टर हेड एचडीएफसी बैंक सौरभ रंजन ने परियोजना के बारे विस्तृत जानकारी दिया। ब्रांच मैनेजर एचडीएफसी बैंक आशुतोष विमल ने भी परियोजना कार्य के बारे जानकारी दिया। सपोर्ट संस्था के सचिव भवानी शंकर गुप्ता ने सम्पूर्ण सपोर्ट संस्था के कार्य एंव एचआरडीपी परियोजना के बारे बताया साथ जिला एंव प्रखंड प्रशासन को आभार व्यक्त किया। मौके पर सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, बरवाडीह मुखिया महेश दांगी, नुनगांव मुखिया संगीता सिन्हा, शिव वच्चन सिंह अलावे सिनियर प्रोग्राम मैनेजर अभिषेक शंकर के अलावे परियोजना प्रबंधक कौशिक कुमार समेत, संगीता देवी, रीता देवी, बैजनाथ यादव, स्वीटी देवी, संगीता देवी, इंदु देवी, मधु देवी, सोनी देवी समेत सपोर्ट संस्था के तमाम कार्यकर्ता और सैकडो ग्रामीण मौजूद थे।

# जेएसएलपीएस के कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ हुआ बैठक, दिये कई निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जेएसएलपीएस के तहत संचालित सीएलएफ छः घरवा में कृषक सखी एवं पशु सखी के साथ एफटीसी अनिल प्रजापति ने बृहस्पतिवार को बैठक किया। जहां उपस्थित महिलाओं को कई दिशा निर्देश दिए गए। एवं सब्जी बीज किट का वितरण भी किया गया। साथ ही साथ महीने भर के कार्यो का जानकारी कृषक सखी एवं पशु सखी से जमा करवाया गया। और अगले महीने में सभी कृषक सखी को 10-10 नाडेप खाद घणजीवामृत खाद निमास्त्र दवा बनाने का टारगेट दिया गया है। मौके पर उपस्थित सुमन कुमारी प्रतिमा कुमारी सरस्वती कुमारी अंशु कुमारी ललिता देवी अंगिरा देवी अंजू कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह नौ मार्च



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह का आयोजन 9 मार्च को करने की सभी तैयारी पूर्ण कर लिया है।यह कार्यक्रम गिद्धौर मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में किया जाएगा। वैसे में कान्या कुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के द्वारा प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह होगा। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक के साथ साथ प्रदेश के अन्य पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष संजय पांडेय एवं तमाम पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रखंड से अधिक से अधिक ब्राह्मण इस होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय ने बताया है। एवं इन्हीं के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं की प्रखंड सम्मेलन आज



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं की प्रखंड सम्मेलन शुक्रवार को सुनिश्चित किया है। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा का आगमन होगा। सम्मेलन में पंचायत एवं प्रखंड के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण एवं संघर्षशील व कर्मठ कार्यकर्ता, युवा साथियों, तथा बुजुर्गो को सामिल होने की आग्रह झामुमो नेता बैजनाथ कुमार दांगी ने कहा है। तथा कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की बात कही है।

# अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहरा गांव से 2 किलो 2 सौ ग्राम अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जिसे लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप प्रणव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दो अफीम तस्कर अवैध अफीम खरीदारी करने के लिए पत्थलगड़ा थाना के बेहरा गांव पहुंचने वाले हैं। मामले को सत्यापन को लेकर जिला अधीक्षक चतरा के आदेशानुसार मेरे नेतृत्व में एक छापेमारी दल का टीम गठित की गई। छापेमारी टीम ने अपने दल बल के साथ पत्थलगड़ा के बेहरा में वाहन चेकिंग अभियान लगा कर जांच किया जा रहा था कि दो व्यक्ति काले स्पेलेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार होकर बेहरा से कटकमसांडी के रास्ते जा रहा है। जहां उक्त मोटरसाइकिल चालक को छापेमारी टीम द्वारा रोक कर जांच किया गया तो उसका मोटरसाइकिल नंबर JH 02BG -0834 डिक्की से प्लास्टिक की थैली में पैक 2 किलो दो सौ ग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया। नाम पता पूछे जाने पर दास मुंडा पिता इंदी मुंडा, ग़सिया मुंडा पिता स्व प्रीति मुंडा दोनों ग्राम बीघा थाना चौपारण, जिला हजारीबाग बताया है। दोनों को हिरासत में लेने के बाद कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों तस्करों ने बताया कि हम लोग रांची खूंटी जिला से अफीम मंगवा कर ऊंचे दामों में बाहर बेच देते हैं। आगे बताया कि यह अफीम पत्थगड़ा थाना के बेहरा निवासी मेरा साला सावन टूटी पिता महादेव मुंडा ने हमको दिया है। जिसको बाहर ले जाकर ऊंचे दामों पर बेच देते। यह काम लगातार हम लोग करते आ रहे थे। किंतु अभी तक पुलिस के गिरफ्त से बाहर थे। उक्त तीनों लोगों से 2 किलो 2 सौ ग्राम अफीम, एक काले रंग के JH02BG-0834 स्पेलेंडर मोटरसाइकिल, 1 एप्पल मोबाइल फोन,1 ओप्पो मोबाइल फोन, 2 वीवो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जहां पत्थलगड़ा थाना कांड संख्या 7/25 के तहत धारा 17 (B),18 (B), 21(B) /, 22(B), 25/27/28/29 एनडीपीएस के तहत न्यायिक हिरासत चतरा भेज दिया गया है। वहीं छापेमारी दल में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप प्रणव, अंचलाधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के अलावे पत्थलगड़ा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# झामुमो प्रखंड कमिटी का गठन सम्पन्न, रमन साहू बने अध्यक्ष

## तन मन धन से करूंगा जेएमएम का प्रचार प्रसार : रमन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव को लेकर गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मालेश्वर साहू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संजीव बेदिया व मनोज कुमार चंद्रा के अलावे प्रखंड चुनाव संयोजक मंडली देवनंदन साहु, पूरण राम, सलीम अख्तर, रोहन साहू, पवन साहू, जिला संयोजक मंडली वंदना सिंह, गिरधारी यादव, सरोज देवी, बबलू केसरी, अमरदीप प्रसाद, बबलू केसरी, मुख्य रूप से मौजूद थे। जहां जेएमएम के मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सर्व सहमति से प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप में रमन कुमार साहू, सचिव भूपेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी, नरेश साहू, रघुनंदन प्रसाद, अर्जुन साहू, कोषाध्यक्ष नकुल कुजूर को बनाया गया। नव चयनित जिम्मेवार पदाधिकारियों ने पार्टी द्वारा दिया गया जिम्मेवारी को दिलो जान से प्रचार प्रसार करने की शपथ लिया। आगे कहा कि हम लोगों को जो सिमरिया प्रखंड की जिम्मेवारी सौंपी गई है उसे बाखूबी निभाऊंगा। नव चयनित पदाधिकारियों को उच्चस्तरीय पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर संदीप कुमार साहू, रामटहल मिर्धा, सुनील कुमार साहू, अजीत कुमार, निर्मल कुमार, जवाहर शाह, सुरेश कुमार पंडित, संतोष कुमार, अमित राव, त्रिलोक कुमार साहू, श्याम सुंदर साहू, विनोद साहू, दिनेश शाह, चंद्रदेव साहू, सुनील साहू, विनोद महतो, सुरेश यादव, मो. कुदुस, अर्जुन साहू, मुबारक अंसारी, संदीप शाह, मनोहर कुमार वर्मा, रामकुमार साहू, कैलाश राणा, जसीमुद्दीन, संतोष यादव, धर्मेंद्र उरांव, घनश्याम साहू, बलदेव राम, वीरेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र ठाकुर, विनोद महतो, कृष्णा साहू, शंकर भैया, आशीश पुरा, महेश्वर, तपेश्वर उत्सव, लक्ष्मण कुमार वर्मा के अलावे दर्जनों पंचायत अध्यक्ष, सचिव उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष शामिल थे।

## प्राकृतिक आपदा प्रबंधन अंतर्गत विभिन्न घटनाओं में मृत कुल 114 आश्रितों के बीच मुआवजा स्वीकृति पत्र का वितरण




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के द्वारा प्राकृतिक आपदा प्रबंधन अंतर्गत विभिन्न घटनाओं में मृत कुल 114 के आश्रितों के बीच मुआवजा भुगतान हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। बज्रपात से मृत 33 पशुओं के कुल 19 लाभुकों को 1075000 रुपया, बज्रपात से मृत 7 व्यक्तियों के आश्रितों के बीच 2800000 लाख, सड़क दुर्घटना के 27 मृत्य व्यक्ति के आश्रितों को 2700000 लाख, सर्पदंश से मृत 3 व्यक्तियों के आश्रितों के बीच 1200000 लाख, अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पूर्ण/अपूर्ण कच्चा मकानों की मरम्मती पुनर्निर्माण हेतु 47 लाभुकों के बीच 818000 रुपया, अग्निकांड से क्षतिग्रस्त पूर्ण/अपूर्ण कच्चा मकानों की मरम्मती एवं पुनर्निर्माण हेतु 5 लाभुकों के बीच 524000 रुपया, अग्निकांड से मृत 2 पशुओं के 1 लाभुकों के बीच 72000 रुपया, मुआवजा भुगतान हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। वहीं प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया कला गांव में उग्रवादी हिंसा में मारे गए दो व्यक्ति के आश्रितों को 2 लाख, लावालौंग प्रखंड ग्राम लावालौंग अंतर्गत उग्रवादी हिंसा में मृत के आश्रित को 1 लाख, टंडवा प्रखंड के ग्राम कोईलड़ा उग्रवादी हिंसा में मृत के आश्रितों को 1 लाख कुल 4 लाख और प्रतापपुर प्रखंड के भरही ग्राम के जेल में 1 मृत व्यक्ति के आश्रितों के बीच मानवाधिकार के तहत 5 लाख रुपया का मुआवजा भुगतान हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। एक सप्ताह के अंदर कुल 1 करोड़ 89 हजार रुपया लाभुकों के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। बताते चले कि पूर्व में वज्रपात से हुए 5 व्यक्ति के मृत्यु के आश्रितों के खाते में कुल 20 लाख रुपया हस्तांतरित की जा चुकी है।

# ट्रक की धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह थाना क्षेत्र के डोरामी के पास एक तेज गति से ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा घायल को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर जुबेर अहमद, ड्रेसर राजेश सिन्हा ने घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज एमसीएच रेफर कर दिया। घायल की पहचान अनन्त कुमार उम्र 30 वर्ष पिता भोला कुमार के रूप में हुई है, जो कि हूटार का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह डालटनगंज से अपने घर लौट रहा था इस बीच घटना घटी। वहीं ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बरवाडीह पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक (जेएच - 01 जे 9262) एवं बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर संघ मगध-संघमित्रा क्षेत्रीय समिति का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर संघ का बैठक बुधवार ऑफिसर क्लब रजरप्पा में किया गया जहाँ राजेन्द्र नाथ चौधरी के अध्यक्षता में मगध संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रीय समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व सहमति से समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार,उपाध्यक्ष दामोदर साहू, जमाल खान, खुशियाल साहू, शिवनारायण यादव ,सचिव भानु प्रताप सिंह, सह सचिव विनोद गंझू, अमित कुमार सिंह, शिवकुमार प्रसाद, बद्री साहू, संगठन सचिव बिरजू उरांव, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं कार्य समिति सदस्य जलेश्वर साहू, सीटन प्रजापति, समीर प्रसाद साहू, शिवनंदन साहू, महेंद्र गंझू,राम लखन साहू, अनिल साहू, राधेश्याम साहू, द्वारका साहू, संतोष कुमार, बसंत प्रसाद साहू को बनाया गया ।वही राष्ट्रीय कलयरी मजदूर संघ के अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर दुबे द्वारा मगध संघमित्रा के महा प्रबंधक को गठित नए समिति के सदस्यों की सूची सौपी गयी। इस मौके पर रा0को0 संग नेता सह अध्यक्ष बी एन पांडेय, सचिव अब्दुल्लाह अंसारी, ओमप्रकाश प्रजापति, सतीश पांडे, यूनियन के पदाधिकारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# गारू प्रखंड कार्यालय में प्रखंड समन्वय समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गारू प्रखंड कार्यालय में प्रखंड समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड में चल रही कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन, विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम-जनमन, छात्रवृति, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण आदि की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि हमारी पहली प्राथमिकता है कि प्रखंड में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। सरकार की ओर से हो रहे सभी स्वीकृत योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारना पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है।इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## उत्क्र. प्रा.विद्यालय बरवागढ़ा में मध्याह्न भोजन योजना में अनियमितता




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बरवागढ़ा में मध्याह्न भोजन योजना में अनियमितता सामने आई है। तय मानकों के अनुसार बुधवार को बच्चों को रागी का हलवा परोसा जाना था, लेकिन विद्यालय में ऐसा नहीं किया गया। बच्चों ने शिकायत की कि उन्हें अक्सर सिर्फ आलू की सब्जी ही दी जाती है, जबकि निर्धारित मेनू के अनुसार हरी सब्जीयाँ हलवा और अंडा भी दिया जाना चाहिए। इस संबंध में जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि रागी यहां उपलब्ध ही नहीं है, इसलिए वह इसे परोसने में असमर्थ हैं। प्रधानाध्यापक का यह बयान साफ़ तौर पर मध्याह्न भोजन योजना में लापरवाही को उजागर करता है और यह दर्शाता है कि पोषक आहार बच्चों तक पहुंचाने में गंभीर अनदेखी की जा रही है। यह मामला न केवल बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है, बल्कि सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी गड़बड़ी की ओर इशारा करता है।

## विद्युत विभाग ने 10 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा, थाने में कराया प्राथमिकी दर्ज



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता प्रमंडल मेदिनीनगर ग्रामीण के दामोदर कुमार रंजन ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड मुख्यालय के निर्देशा अनुसार शाहपुर के विभिन्न इलाकों में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई किया है। इसमें शाहपुर निवासी मोहम्मद नवाज आलम, साबिर हुसैन, मोहम्मद मुजम्मिल राजा ,मोहम्मद मुमताज अहमद, मोहम्मद शहजाद कुरैशी, अब्दुल गमी अंसारी, इरशाद अंसारी, नौशाद अंसारी, औरंगजेब सिद्दीकी एवं विश्वनाथ राम का नाम शामिल है। इन लोगों के द्वारा अपने घर एवं दुकान में लगा हुआ मीटर से बाईपास बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं।उक्त स्थल से बिजली की तार भी बरामद किया गया है। बिजली चोरी करते पकड़े गए लोगों के खिलाफ चैनपुर थाना में जुर्माना के साथ-साथ प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। अधिकतम जुर्माना 22 हजार आठ सौ रुपए लोगों पर बिजली क्षतिपूर्ति का लगाया गया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा विद्यालय स्तर पर चलाई जा रही सारी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करना सुनिश्चित करें।बैठक में उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही ई विद्यावाहिनी में शिक्षकों का जितना अटेंडेंस होगा, उतनी ही सैलरी देने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी हाईस्कूल एवं कस्तूरबा गांधी में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं इंजीनियरिंग, मेडिकल, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करते हुए ÷फॉर्म भरो अभियान÷ चलाने का निर्देश दिया गया।सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओ का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।बैठक में उपायुक्त द्वारा मध्याहन भोजन की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा गया कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्यान भोजन का संचालन किया जाए एवं मध्यान भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र छात्राओं को दी जाती है उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी के द्वारा किया जाए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत बच्चो को ससमय राशन एवं योग्य बच्चो को ससमय छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित करें। इस दौरान उपायुक्त ने सभी बीओ/ बीपीओ को स्पष्ट निर्देशित किया की सभी तरह का डेटा शत प्रतिशत सही प्रविष्टि होना चाहिए और कार्य में तेजी लाते हुए सुधारात्मक प्रगति करने का निर्देश दिया गया।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, एडीपीओ, एपीओ , बीपीओ, बीओ उपस्थित थे।

# हत्या मामले के आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

## आपसी विवाद में चंदन की हुई हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी स्थित औरंगा नदी अवसाने जंगल के समीप हुई हत्या का पुलिस ने महज चार दिनों के भीतर खुलासा कर दिया है। बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के अथक प्रयास से हत्या मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। बता दें कि चार दिन पहले केचकी के कोयल नदी के किनारे एक अज्ञात शव बरामद हुआ था, जिससे इलाके में हड़कंप मच गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव की पहचान चंदन कुमार पिता दशरथ साव, ग्राम-कुटमु, थाना-बरवाडीह, जिला-लातेहार के रूप में की थी। मामले पर गंभीरता दिखाते हुए बरवाडीह पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और महज चार दिनों के भीतर हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक की हत्या आपसी विवाद के कारण की गई थी। पुलिस ने तकनीकी शाखा की मदद से 5 मार्च 2025 को हत्या में संलिप्त दो आरोपी अर्जुन बेदिया, पिता स्व. हीरा बेदिया और टिनम भुइंया उर्फ संजय कुमार, पिता जयराम भुइंया को गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपी बरवाडीह के कुटमू निवासी है। थाना प्रभारी ने बताया की पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि 28 फरवरी 2025 की शाम को चंदन कुमार और अर्जुन बेदिया के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। गुस्से में आकर अर्जुन ने चंदन को धक्का दे दिया, जिससे वह गिर पड़ा। इसके बाद टिनम भुइंयां ने डंडे से हमला किया, जिससे चंदन नदी में गिर गया। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसे पानी में तब तक दबाए रखा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। वहीं गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा और मृतक का जूता नदी से बरामद किया गया है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, पुअनि अनुज कुमार, पुअनि सुनील कुमार समेत बरवाडीह थाना के कई पुलिस जवान शामिल रहे।

## कैंप कार्यालय के दौरान उपायुक्त ने क्षेत्र भ्रमण कर जाना योजनाओं के क्रियान्वयन की हकिकत

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित कैंप कार्यालय के दौरान उपायुक्त शशि रंजन क्षेत्र भ्रमण कर सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की हकिकत को जाना। उपायुक्त आदिम जनजाति बहुल डुन्डुर गांव पहुंचे। टेढ़े-मेढ़े, पक्की-कच्ची सड़क को पार पर उपायुक्त राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुन्डुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। इतना ही नहीं उपायुक्त ने पांचवी कक्षा में अध्यनरत अनुप्रिया कुमारी को उनके पढ़ाई के प्रति जज्बे को देखकर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने छात्रा के अभिभावक किसान विनय यादव से भी बातचीत कर अनुप्रिया का नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कराने व बच्चों की पढ़ाई को अहमियत देने की सलाह दी। उपायुक्त ने छात्राओं से गुणा एवं पहाड़ा पूछा। उनसे ब्लैक बोर्ड पर लिखवाकर पढ़ाई में उनकी रूचि का आकलन किया।

## अलपिटो से डूंगो तक बदहाल सड़क की मरम्मत की मांग



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : अलपिटो से डूंगो करीब 1किमी सड़क की हालत बद से बत्तर है,जिसकी मरम्मती को लेकर मासस के निरसा विधानसभा विधायक अरूप चटर्जी से मिलकर इस बद्तर सड़क की चर्चा की जिसके पश्चात निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने झारखंड विधानसभा में इस समस्या को उठाया जिसको लेकर राज्य सरकार के संबंधित मंत्री गंभीर दिखे। शेख तैयब ने कहा राज्य सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए इस जनसमस्या के समाधान का हल जल्द निकालेगी इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। निरसा विधायक अरूप चटर्जी का हृदयतल से आभार।यह सड़क आमजनों के लिए काफी महत्वपूर्ण है,सुप्रसिद्ध हरिहर धाम को भी यह सड़क जोड़ती जिससे इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है,शादी लग्न के समय इस सड़क में दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना निवासी मो. शमीम राय उम्र 49 वर्ष पिता स्व. शेर मोहम्मद राय की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। बताया जाता है कि वह कोबरा बाईपास की ओर बुधवार देर रात्रि में गए थे, इसी बीच कोनरा बाईपास स्थित सरपंच ढाबा के पास अचानक पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया।जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर अंचलाधिकारी अमित किस्कू, बीडीओ जयपाल महतो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। और उपस्थित पीड़ित परिवार समेत उपस्थित लोगों को समझाया। जिसके बाद जाम को हटा लिया गया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारीयों व समाजसेवियों ने आपसी सहयोग से सहयोग राशि जमाकर परिजनों को तत्काल राहत के लिए सहयोग किया। वहीं पदाधिकारी ने आश्वास्त किया कि आपदा प्रबंधन के द्वारा मिलने वाले सहयोग राशि कागजी प्रक्रिया के उपरांत जल्द दी जाएगी, वहीं एक आवास भी दिया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस नेता अरुण साहू, आजसू नेता संजय मेहता, मुखिया गोविंद प्रसाद, पंसस मो. तैयब अंसारी, युवा समाजसेवी तौकीर रजा, मो. तौहीद अली, मो. शमशेर, मो. नईम, मो. सफीक, मो. मासूम, मो. वसीम, मो. शारुख आदि उपस्थित थे। इधर उनकी पत्नी मुनिया खातून ने बरही थाना में आवेदन दिया, आवेदन में उन्होंने अज्ञात वाहन पर तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए मेरे पति को धक्का मारने का आरोप लगाया है।

## कटकमसांडी सीएचसी में एक्टिव वूमेन प्रखंड स्तरीय जागरुकता बैठक संपन्न

**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । प्रखंड में सामूदायिक स्वास्थ केंद कटकमसांडी के सभागार मे गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भूषण राणा की अध्यक्षता मे जेएसएलपीए एक्टिव वूमेन प्रखंड स्तरीय जागरूकता बैठक किया गया। आयोजित इस बैठक मे 100 डेज टीबी मुक्त भारत कार्यकार्म एवं वैक्टर जनित रोग मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया,जेई के बारे मे विस्तार से बताते हुए इसके लक्षण - बचाव एवं पूर्ण उपचार के बारे में जानकारी दिया गया। एमटीएस सुरेन्द्र कुमार एवं एसटीएस शुभम राज ने सभी से आग्रह किया सभी अपने एरिया मे ग्राम सभा करके सभी को उक्त सभी रोगों को लेकर जागरुक करना सुनिश्चित करें। कार्यकर्म को सफल बनाने में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भूषण राणा, प्रशांत राणा, संदीप कुमार, जय नारायण मिस्त्री, संतोष कुमार शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, शुभम राज, सुरेश चौधरी, आशीश यादव, अंजली,रमेश यादव सहित अन्य स्वस्थ कर्मी का योगदान रहा।

## बरही व पदमा के जेएसपीएलएस महिलाओं को टीवी रोग पर नियंत्रण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बरही अनुमंडल अस्पताल में गुरुवार को 100 दिवसीय टीवी उन्मूलन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी व संचालन एसटीएलएस बीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उक्त कार्यक्रम में बरही एवं पदमा के जेएसपीएलएस की 78 सक्रिय महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर डीएस प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य बरही में नए टीवी रोगियों को सामने लाना है। साथ में मृत्यु दर को कम करना है, और नए पाए गए टीवी मरीजों का इलाज सुनिश्चित करना है। जो चिन्हित मरीज है। उन्हें समय पर दवा और इलाज के साथ विशेष पोषाहार और प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि अपना पंचायत और प्रखंड को टीवी मुक्त बनाने के लिए जन भागीदारी जरूरी है। इसमें सभी सामाजिक संस्थाओं को बढ़ चढ़कर भाग लेना होगा। सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी हम सभी मिलकर देश से टीवी का उन्मूलन कर सकते हैं। एसटीएस बीरेंद्र कुमार ने जानकारी दिया कि जनवरी 2025 बरही पदमा को मिलाकर 1932 मरीजों की जांच की गई की गई, जिसमें 80 मरीज टीबी पाए गए थे,जिसका अब तक इलाज चल रहा है। वहीं बताया कि धनवार पंचायत टीबी मुक्त हो गया है, जिसका विजिट करने के लिए जिला से पदाधिकारी कल आएंगे।

## विधायक मनोज यादव ने बरही प्रखंड के किसानों के लिए लिफ्ट इरिगेशन की मांग सदन में उठाई

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने तारांकित प्रश्न संख्या 10 के उत्तर में सरकार ने बरही प्रखंड के कुछ गांवों में लिफ्ट इरिगेशन व्यवस्था पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। सरकार ने स्वीकार किया कि बरही प्रखंड के गुडियो, बुंडू, करगईयों, माधोपुर और करिमाटी गांव तिलैया डैम के किनारे स्थित हैं और वहां के किसानों के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था आवश्यक है। तिलैया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। इस योजना के तहत गुडियों, बुंडू और करगईयों गांवों को सिंचाई सुविधा से जोड़ने का प्रस्ताव है। सरकार ने स्पष्ट किया कि माधोपुर और कारिमाटी गांवों को इस योजना में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि ये वन क्षेत्र से घिरे हुए हैं। वन भूमि के उपयोग की जटिल प्रक्रिया के कारण इन गांवों को फिलहाल योजना से बाहर रखा गया है।

## विद्युत चोरी के आरोप में 17 लोगों पर प्राथमिक दर्ज

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने बरही थाना में आवेदन देकर 17 लोगों पर बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिक दर्ज कराई है। जिसमें थाना क्षेत्र के तिलैया बस्ती के विजय राम पिता होरिल राम, सीताराम राम पिता चौधरी राम, चंदाबीघा के मुरली यादव पिता स्व. बिरजू यादव, बासुदेव यादव पिता स्व. जुगल गोप, विनोद यादव पिता स्व. बंधन यादव, बैंक मोड़ गुड़ियों निवासी महेश सिंह पिता केशर सिंह, विजैया निवासी संतोष पासवान पिता वासुदेव पासवान, राजकुमार पासवान पिता वासुदेव पासवान, बेजलाडीह गांव निवासी मो. सिराजुद्दीन पिता जलील मियां, इम्तियाज अंसारी पिता आसीन अंसारी, इरफान अंसारी पिता युसूफ अंसारी, गरजामो निवासी फ़जु मियां पिता अब्दुल मियां, डपोक निवासी प्रकाश यादव पिता स्व. बिहारी महतो, अनिल यादव पिता बंसी यादव , मुकेश पासवान पिता स्व. दशरथ पासवान, कार्तिक पासवान पिता बैद्यनाथ पासवान व सूरज पासवान पिता बैद्यनाथ पासवान शामिल है। इधर बरही पुलिस ने बताया कि उक्त मामले में आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महूदी विवाद को लेकर सक्रिय हुए सांसद मनीष जायसवाल

**- महुदी और बड़कागांव के जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे हजारीबाग डीसी से मिलने, उनसे हुई साकारात्मक वार्ता**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के महुदी में रामनवमी जुलूस को लेकर विवाद है जिसके कारण पिछले कई वर्षो से महुदी का जुलूस का आयोजन नहीं हो पा रहा है। महूदी विवाद को सुलझाने के प्रयास को लेकर गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में महुदी एवं बड़कागांव के जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय से मिला और उनके साथ एक बैठक हुई ।सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक पहल के द्वारा इस विवाद को सुलझाने एवं महुदी की जुलूस को हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित कराने का आश्वासन उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा दिया गया। मौके पर विशेषरूप से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र नारायण सिंह, भाजपा बड़कागांव पूर्वी के मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़कागांव के पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, बड़कागांव के उप- प्रमुख बचन देव कुमार, महुदी के ग्राम अध्यक्ष सीताराम राणा, महुदी के भाजपा नेता राज कुमार राणा व महुदी के स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## विधायक मनोज यादव ने चारमाईल गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने को लेकर की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही** : बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने तारांकित प्रश्न किया कि बरही प्रखंड के खोड़ाहार पंचायत के चारमाईल गांव में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है। सरकार ने आंशिक रूप से यह भी स्वीकार किया कि आंगनबाड़ी केंद्र न होने के कारण गांव की नौनिहालों और माताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, वर्तमान में चारमाईल के लाभार्थियों को खोड़ाहार-1 आंगनबाड़ी केंद्र (लगभग 1 किमी दूर) से जोड़ा गया है, जहां से वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। झारखंड सरकार के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने जानकारी दी कि समाज कल्याण निदेशालय से चारमाईल गांव में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की अनुशंसा प्राप्त हो चुकी है और इस पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। सरकार के इस आश्वासन के बाद उम्मीद है कि चारमाईल गांव में जल्द ही आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित होगा, जिससे बच्चों और माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। विधायक श्री यादव ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास को लेकर शतत प्रयत्नशील है।

## एनटीपीसी आईटीआई कॉलेज प्रांगण में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत ढेंगा स्थित एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, बड़कागांव में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2025 (4 से 10 मार्च) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआईएसएफ यूनिट, एनटीपीसी पीबीसीएमपी के उप कमांडेंट सुरेश गोगुलुथु के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के प्राचार्य, इंजी. मिथलेश उपाध्याय ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2025 की थीम सुरक्षा और कल्याण-विकसित भारत के लिए अनिवार्य÷ निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी के सुरक्षा टीम द्वारा सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों के महत्व और सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि सुरेश गोगुलुथु ने उपस्थित प्रशिक्षुओं और स्टाफ को सुरक्षा की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने जीवन में शॉर्टकट तरीकों से बचने, सुरक्षा, प्रोटोकॉल का पालन करने और कार्यस्थलों पर सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने आईटीआई के प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए संस्थान की सुरक्षा प्रशिक्षण प्रणाली की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सीआईएसफ इंस्पेक्टर उदय कुमार, एनटीपीसी सेफ्टी अधिकारी अनूप कुमार और आईटीआई के सभी प्रशिक्षु,संकाय सदस्य, कार्यक्रम एंकर प्रदीप कुमार, के सुरक्षा अधिकारी शिवलाल, श्रीनाथ, अमरेश, विकास, उपेंद्र, इरफान, शाहिद, संजीत, प्रदीप, सुनील सिंह, रवि, सभी सफाई कर्मी एवं सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों, व्यक्तिगत सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में सतर्कता बनाए रखने की जरूरत पर बल दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2025 के अंतर्गत आगामी दिनों में और भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने महिला दिवस को लेकर की बैठक, अंबा नव दृष्टि सहकारिता समिति की होगी स्थापना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**केरेडारी** : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 300 स्नातक उत्तीर्ण महिलाओं को पूरी तरह से निःशुल्क प्रशिक्षण देने की दिशा में व उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई शुरुआत की नींव पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव में रखी जाएगी। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को केरेडारी में अंबा प्रसाद की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अंबा प्रसाद ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोड शक्ति प्रोग्राम की शुरुआत होगी इसके साथ ही अंबा नव दृष्टि सहकारिता समिति की स्थापना किया जाएगा। जिससे यह समिति ग्रामीण विकास महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना स्वरोजगार कौशल विकास और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है ताकि वह समाज और क्षेत्र के विकास में निर्णायक भूमिका निभा सके। प्रेरणा शक्ति सम्मान के माध्यम से साहसी महिलाओं को सम्मान दिया जाएगा ताकि अपने प्रयासों से समाज में प्रेरणा की नई मिसाल कायम होने में उनके अदम्य साहस कोई याद रखा जाएगा।अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं से उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए एकजुट होकर एक दूसरे की ताकत बनने एवं महिलाओं के लिए प्रेरणा बनने की अपील की है उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ उत्सव का नहीं बल्कि एक नहीं बदलाव का नींव रखने का भी दिवस है। मौके पर मुख्य रूप से अर्जुन राम सुरेश साव नरसिंह सिंह जगन्नाथ यादव ईश्वर राम मोहन करमाली राजेंद्र प्रजापति, लोकेश्वर साव प्रदीप साव समेत अन्य महिला पुरुष मौजूद थे।

## बरही में वार्षिक उत्सव मेला शुरू, एसडीओ व डीएसपी ने किया विधिवत उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बरही** : बरही धनबाद रोड स्थित प्राचीन एवं परम आस्था के प्रतीक मां भगवती मंदिर परिसर से लेकर एनएच परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीश्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का विराट आयोजन के बीच वार्षिक उत्सव मेला का भी आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि बरही एसडीओ जोहन टुडू व बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल ने संयुक्त रूप से बुधवार देर संध्या मेला का उद्घाटन किया। मौके पर संरक्षक भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक, यज्ञ कमिटी अध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा,सचिव बलराम केशरी सचिव, कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर ठाकुर, उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, शिवा निषाद, महासचिव मनोज साव, उपाध्यक्ष में भगवान केसरी, मनोज उपाध्याय,शिवा संतोष निषाद, ब्रह्मदेव यादव, सिकेंद यादव, अशोक यादव, अकाश जायसवाल, मनोज उपाध्याय, राजेश केसरी उर्फ मेवालाल व प्रमोद कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रमेश श्रीवास्तव, अमित सोनी, बिरेंद्र राम राज, हतेश राज, अभिषेक निषाद, संजय यादव, रवि गुप्ता, पप्पू वर्णवाल, मनितोष यादव, संतोष ठाकुर समेत दीपक भगत, अभिषेक निषाद, नंदकिशोर कुमार, पंकज बर्णवाल, सुषमा विश्वकर्मा, अशोक यादव, युगल यादव, प्रदीप चंद्रवंशी, विवेक गुप्ता, गुड्डू जायसवाल, हितेश राज, आकाश राज, पिंटू केशरी, मनितोष यादव, श्याम सिन्हा, संजीव घोष, रौनक जायसवाल, प्रमोद सिंह आदि मौजूद थे। महायज्ञ समिति के संरक्षक ने बताया कि 5 से 13 मार्च तक चलेगा। इस 15 वीं वार्षिक उत्सव मेला में दूर दूर से लोग आना शुरू कर दिए हैं। कार्यक्रम को लेकर ओल्ड जीटी रोड स्थित बरही चौक एवं अनुमंडलीय अस्पताल के पास भव्य तरुण द्वारा समेत मंदिर एवं मेला स्थल प्रवेश द्वार पर आधुनिक रंग विरंगी विधुत लाइट से आकर्षक गेट लगाया गया है। सभी गेट ले लेकर संपूर्ण मंदिर, मंदिर प्रांगण व मेला स्थल के अलावे धनबाद रोड व हजारीबाग रोड को आधुनिक विधुत सज्जा से सजाया गया है। पूरे शहर में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाये गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर सीसी कैमरा और मेला में पुलिस बल की सुरक्षा दी गई है।कार्यक्रम को लेकर बरही की सभी श्रद्धालु एवं यज्ञ आयोजन समिति के लोग चढ़कर भाग ले रहे हैं।

## 8 मार्च को श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में भव्य श्रीदास महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही** : श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बरही द्वारा 8 मार्च को शाम 4ꞏ00 बजे से विद्यालय परिसर में भव्य 12वें वार्षिक उत्सव पर श्रीदस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि इस भव्य आयोजन में बरही के विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ बरही के एसडीपीओ अजीत कुमार विमल तथा आईसीएआर ओओएसडी गौरियाकर्मा के डॉ. विशाल नाथ पांडेय भी विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। विद्यालय में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। शिक्षक और विद्यार्थीगण मिलकर विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रस्तुतियों की तैयारी में जुटे हुए हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस अवसर पर नृत्य, संगीत, नाटक, कविता पाठ और अन्य रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलेगा। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बरही सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय है, जिसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देना है। विद्यालय में आधुनिक तकनीक एवं संसाधनों का उपयोग कर बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं आमंत्रित अतिथियों से इस शिक्षा एवं संस्कृति के उत्सव में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने गरीब असहाय लड़की की शादी में लहंगा किया भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : बुधवार शाम को विष्णुगढ़ प्रखण्ड की गरीब की बेटी को उनके शुभचिंतक संजीत मिश्रा के द्वारा भाजपा विष्णुगढ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,मंडल कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बर्णवाल(दीपू भाई) को सूचना प्राप्त हुई,तत्काल साँसद मनीष जायसवाल के द्वारा उपलब्ध कराई गई लहंगा को गरीब की बेटी को दिया गया। साँसद द्वारा दिये गए उपहार को पाकर पूरा परिवार खुश हो गया। इस मौके पर मुख्य रूप से संजीत मिश्रा, जयनाथ साव,अशोक कुमार,अम्बिका बाबा,रक्षित बरनवाल समेत दर्जनों ग्रामीण एवं लड़की का पूरा परिवार शामिल था।

## नावाडीह मिडिल स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कटकमदाग** : कटकमदाग प्रखंड के नावाडीह मिडिल स्कूल में दो दिवसीय खेल समारोह का समापन बुधवार को ?हो गया ।इस मौके पर विधालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद जहांगीर अंसारी ने विभिन्न प्रतियोगिता के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर बच्चों ने उत्साह पूर्वक खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन से जहां एक ओर मनोरंजन हुआ वहीं स्वास्थ्य के लिए भी इसे बेहतर बताया। बच्चों ने बताया कि विद्यालय में इस तरह की खेल होने से विद्यालय प्रतिदिन आने में मन लगता है। विद्यालय में खेल के लिए क्रिकेट सामग्री, फुटबाल, वालीबाल एवं अन्य साधन प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। शिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 10 दिन बैगलेस डे होगा जिसमें विद्यालय के बच्चे बैग लेकर विद्यालय नहीं आएंगे उनमें से 5 दिन बच्चों के साथ खेलकूद का कार्यक्रम किया जाएगा एवं शेष 5 दिनों में एक्सपोजर विजिट, वोकेशनल ट्रेनिंग, गीत संगीत, पेंटिंग आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक ललन कुमार ओझा, शिक्षिका सरिता कुमारी ओझा, प्रभात कुमार ओझा एवं स्वदेश कुमार ओझा ने अहम भूमिका निभाई । विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बोरा रेस दौड़ में प्रथम स्थान निशांत कुमार एवं द्वितीय स्थान आर्यन कुमार, बोरा रेस लड़कियों में प्रथम दिव्या कुमारी एवं द्वितीय स्थान आदित्य कुमारी ने प्राप्त किया ।वहीं ट्रॉफी रेस लड़का में प्रथम चंदन कुमार और द्वितीय अंकित कुमार ने प्राप्त किया । जबकि लड़कियों में टॉफी रेस में प्रथम स्थान खुशी कुमारी और द्वितीय स्थान डिंपल कुमारी ने प्राप्त किया। 300 मीटर दौड़ लड़का में प्रथम चंदन कुमार और द्वितीय संदीप कुमार , जबकि लड़कियों के 300 मीटर दौड़ में प्रथम सलोनी कुमारी और द्वितीय डिंपल कुमारी रही । मेंढक रेस दौड़ में प्रथम स्थान निशांत कुमार और द्वितीय स्थान कुंदन कुमार पांडेय तथा रस्सी कूद में प्रथम स्थान नंदनी कुमारी एवं द्वितीय स्थान प्रिया कुमारी बौल बकेट पहले कौन में प्रथम स्थान शंकर कुमार और द्वितीय स्थान नीलम कुमारी ने प्राप्त की। प्रधानअध्यापक मो जहांगीर अंसारी ने कहा कि प्रतियोगिता आयोजन करने का मुख्य मकसद बच्चों के बीच पढ़ाई के साथ साथ उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत बनाना है । उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई भी जरूरी है ।

## हजारीबाग से बगोदर मार्ग एनएच 522 पर सूखे पेड़ों का खतरा, बड़ी दुर्घटना की आशंका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**दारु** : हजारीबाग से बगोदर के बीच सैकड़ों पेड़ सूखकर खतरनाक स्थिति में पहुंच गए हैं। हल्की सी हवा चलने पर इन पेड़ों की सूखी टहनियां टूटकर सड़क पर गिर जाती हैं, जिससे राहगीरों और वाहनों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

**क्या कहते हैं स्थानीय एवं जनप्रतिनिधि?**

हरली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फारूक उद्दीन ने कहा कि वन विभाग को सुखी पेड़ों को लेकर दो बार आवेदन देकर अवगत कराया लेकिन अधिकारी मौन है! साथ ही कहा कि तीन माह पूर्व हरली एन एच 522 पर एक बड़ा पेड़ गिरा था जब मैं इसकी सूचना वन विभाग को दिया तो केवल बेस कीमती लकड़ी को काटकर ले गए मैंने कहा कि जितने भी आसपास के सूखे पेड़ है इसे भी काटकर ले जाइए लेकिन इन्होंने ऐसा नहीं किया उल्टा हमारे साथ नोक झोक किया। इसके बाद मैं पर्यावरण मंत्री को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी दिया। विभाग की लापरवाही से एक दिन बड़ी घटना घट सकता है। दारू प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता ने कहा कि सुखी पेड़ों की टहनी गिरने के कारण कोई ना कोई घटना घट रही है कभी कोई वाहन तो कभी राहगीर इसके चपेट में आ रहे है। कोई बड़ी घटना ना घटे इसे लेकर विभाग को इस पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सोनू साव ने कहा कि हजारीबाग से बगोदर तक हजारों पेड़ सुखा है एक सप्ताह में तीन या चार घटनाएं घटती है जिम्मेवार कौन होगा?इसलिए विभाग को इस पर एक्शन लेना चाहिए। झुमरा चौक पर स्थित वाहन गराज के मनोवर अंसारी ने कहा कि पिछले 6 माह में दो घटना घटी। एक बार स्कॉर्पियो के ऊपर और एक बार अल्टो के ऊपर मोटी टहनी गिरने से गाड़ी का सीसा और ऊपर की बॉडी का नुकसान हुआ है किसी व्यक्ति पर गिरता तो बडा हादसा हो सकता था। रामदेव खरिका निवासी टुनटुन ठाकुर ने कहा कि अखबारों में सुखी पेड़ की खबरें प्रत्येक सप्ताह छपती है लेकिन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। हाल ही में अमृत नगर में मारुति स्विफ्ट के ऊपर पेड़ की मोटी डाली गिरने से वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर बाल बाल बचा। वन विभाग को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। पिछले कुछ महीनों में कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां टूटकर गिरे पेड़ों या उनकी टहनियों की चपेट में वाहन आ गए, जिससे यात्रियों को चोटें भी आईहै।

## अवैध बालू लदा वाहन जब्त, एफआईआर दर्ज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा के निर्देश पर बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया।इस क्रम में बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जी.टी. रोड पर गणेश पेट्रोल पम्प के पास एक आईशर वाहन, रजिस्ट्रेशन नंबर जे.एच. 10 सी.डब्ल्यू. 6702, को बिना परिवहन चालान के बालू खनिज का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। टीम ने वाहन को जब्त कर बरवाअड्डा थाना को सुपुर्द कर दिया और सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई।अभियान में खान निरीक्षक बसंत उरांव, सुमित प्रसाद, विनोद बिहारी प्रमाणिक एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया ने शुरू किया देशव्यापी मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने गुरुवार से देशव्यापी मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्घाटन पशुपति नाथ सिंह (पूर्व सांसद, धनबाद) के द्वारा चंद्रशेखर अग्रवाल (निवर्तमान महापौर, धनबाद), अमरेश सिंह (अध्यक्ष, रोटरी क्लब धनबाद), उदय प्रताप सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता) दीपमाला लकड़ा (क्षेत्र प्रमुख, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद) की उपस्थिति में धनबाद में किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बैंक के उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाले एमएसएमई उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें एमएसएमई सुपरफास्ट, युवाशक्ति, यूनियन नारीशक्ति एवं अन्य योजनाएँ शामिल हैं। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और वित्तीय समावेशन पहलों की भी जानकारी दी गई।इस आयोजन में 400 से अधिक उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस) एवं अन्य संगठनों ने भाग लिया। बैंक द्वारा कुल ?25 करोड़ राशि के ऋण स्वीकृत किए गए, जिससे राज्य के विकास लक्ष्यों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद से उप क्षेत्र प्रमुख उमेश चंद्र, मुख्य प्रबंधक आनंद कुमार, मुख्य शाखा प्रबंधक धनबाद शाखा सोनल गौतम, शाखा प्रबंधक डीजीएमएस शाखा अरविंद कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक लुबी सर्कुलर रोड शाखा अनिल कुमार एवं धनबाद के अन्य सारे शाखा प्रमुख उपस्थित थे।

## जीवन दिव्यांजन विशेष विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बस्ताकोला, स्थित जीवन दिव्यांजन विशेष विद्यालय सह शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में दिव्यांगजन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष, धनबाद शारदा सिंह थी। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर होली मिलन समारोह का उद्घाटन किया। अपने भाषण में उन्होंने कहा ये दिव्यांगजन बच्चे हमारे ही समाज के अंग है। इसलिए इनका सहयोग करना हमारा सामाजिक दायित्व है। उपस्थित सभी दिव्यांग बच्चों के बीच अबीर, गुलाल, रंग एवं पिचकारी वितरित की गई। तदोपरांत स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया गया। उक्त अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष शिक्षक अमन अहमद, प्रियंका रानी, कुंदन कुमार, पूजा कुमारी एवं अन्य का सराहनीय सहयोग रहा। मंच का संचालन संस्थान सचिव ए के सिंह खुद कर रहे थे एवं धन्यवाद ज्ञापन बीरबल प्रसाद ने किया।

## मधुलिका कारखाना में निगम का छापा, राइजिंग पाइप से अवैध कनेक्शन लेकर चल रही थी फैक्ट्री

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने मेमको मोड़ स्थित मधुलिका कारखाना में छापामारी की। यहां पानी का अवैध कनेक्शन मिला। राइजिंग पाइप से कनेक्शन लेकर मिठाई का कारखाना चलाया जा रहा था। इसी से फायर फाइटिंग सिस्टम का कनेक्शन भी जुड़ा था। मौके पर संचालक पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। साथ ही फैक्ट्री संचालक को कागजात के साथ नगर निगम बुलाया गया है। अभियान का नेतृत्व कर रहे फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मधुलिका कारखाना में अवैध कनेक्शन का मामला पकड़ा गया है। 2019 में एक डोमेस्टिक कनेक्शन का पेपर दिखाया गया, जबकि यहां डोमेस्टिक कनेक्शन के नाम पर कॉमर्शियल उपयोग किया जा रहा था। राइजिंग पाइप से कनेक्शन जोड़ा गया है, जो पूरी तरह गलत है। जेसीबी लगा कर कनेक्शन काट दिया गया है। संचालक को कागजात के साथ बुलाया गया है। डोमेस्टिक कनेक्शन में कॉमर्शियल उपयोग मामले में जुर्माना के साथ पांच साल का बकाया टैक्स वसूला जायेगा।

## तिसरा थाने में होली के अवसर पर शांति समिति की बैठक संपन्न

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तिसरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता झरिया अंचलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने की। उन्होने कहा की होली में अफवाहों से सावधान रहें। होली का त्योहार शांतिपूर्ण हो इसके लिए सभी मिल जूल कर मनाईए। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कहा की किसी के साथ जबर्दस्ती न करें। शराब पी कर बवाल करने वाले को पुलिस प्रशासन कानूनी कार्रवाई करने से पिछे नहीं हटेगी। होली का त्योहार शांतिपूर्ण मनाईए और रंग के त्योहार हैं, ऐसा न हो की रंग में भंग हो। इस दौरान डीजे बजाना व फुहर गाना बजाने पर पुरी तरह से बैन रहेगी। अफवाहों से सावधान रहें।

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM-I**
**Selection of System Integrator (SI) for Upgradation and Operation & Maintenance of Jharkhand Integrated Mines and Minerals Management System (JIMMS) Application**
**Tender Ref No. JAP-IT/JIMMS-2.0/01/2025**

With reference to the above tender, please be informed that the tender schedule has been revised.

| | Revised Schedule | |
|---|---|---|
| S.N. | Basic Requirement | Specific Requirement |
| 1. | Start Date for Submission of Bids online | 11-03-202 5 at 05:30 P.M. |
| 2. | Last Date for Submission of Bids online | 21-03-2025 up to 6:00 P.M. |
| 3. | Date of Opening of Pre-qualification & Technical Bid | 24-03-2025 at 3:30 P.M. |
| 4. | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |

For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.
PR Ref No. 346731.
Sd/-
(OSD, JAP-IT)
PR 348013 (Information Technology)24-25*D

# आईआईटी आईएसएम धनबाद के छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, हॉस्टल के बाथरूम में मिला शव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में पढ़ने वाले एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्र का शव संस्थान के एक्का मरीन हॉस्टल के बाथरूम में मिला। मृतक की पहचान तनमय प्रजापति (निवासी इंदौर, मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है, जो सत्र 2022 का छात्र था।

**घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शुरू की जांच :-**

जैसे ही घटना की जानकारी मिली, डीएसपी (विधि-व्यवस्था) नौसाद आलम मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण सुराग जुटाने की कोशिश की, जबकि हॉस्टल में रहने वाले अन्य छात्रों से भी पूछताछ की जा रही है।

**आईआईटी प्रबंधन ने परिजनों को दी सूचना :-**

छात्र की संदिग्ध मौत की खबर मिलते ही आईआईटी-आईएसएम प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी। परिजनों के धनबाद पहुंचने के बाद आगे की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी।

**मौत की वजह पर अब भी संशय :-**

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह आत्महत्या है या कोई अन्य कारण। पुलिस और संस्थान प्रशासन दोनों ही मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। छात्र की मौत कैसे हुई, यह जानने के लिए पुलिस फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

**क्या कह रही है पुलिस? :-**

डीएसपी नौसाद आलम ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस छात्र के साथियों और हॉस्टल प्रशासन से बातचीत कर रही है, ताकि घटना की असल वजह सामने आ सके।

**छात्रों में भय, संस्थान में शोक की लहर :-**

इस घटना के बाद संस्थान के छात्रों में दहशत और शोक का माहौल है। कई छात्रों ने प्रशासन से मामले की जल्द से जल्द जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।पुलिस और आईआईटी प्रशासन इस मामले में हर एंगल से जांच कर रहा है। जल्द ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। छात्र की मौत से जुड़े सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

## दिल्ली जंतर मंतर पर होने वाले धरना को ओबीसी एसोसिएशन किया समर्थन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** मेडिकल अनफिट कर्मचारियों के द्वारा 28 मार्च को दिल्ली जंतर मंतर पर होने वाले धरना को ओबीसी एसोसिएशन समर्थन किया है। इसके लिए बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव ने कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद को पत्र लिख कर अवगत कराया है। यादव ने धरना में शामिल होने की अपील एसोसिएशन के पदाधिकारियों से किया है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया के मेडिकल अनफिट एवं बिमारी से ग्रसित कर्मचारियों के द्वारा दिल्ली जंतर मंतर पर धरना किया जाना सुनिश्चित किया गया है। यह धरना होनां यह बताता है कि प्रबंधन के द्वारा स्वयं के नियमों का पालन न करते हुए मेडिकल अनफिट प्रक्रिया को पूर्ण रूप से प्रभावित करते हुए कर्मचारियों के उत्पादन में दिए गए योगदान को भुलाते हुए बीमार एवं अस्वस्थ्य कर्मचारियों के हितों को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में ओबीसी समाज का सबसे अत्याधिक कर्मचारियों का होना एवं उनकी समस्याओं पर विचार न करना चिंता का विषय है। जिसे देखते हुए बैकवर्ड क्लास कोल इम्पलॉइज वेलफेयर एसोसियेशन दिनांक 28 मार्च होने वाले धरना का समर्थन किया है। एसोसिएशन के महासचिव यादव ने कोल इंडिया के सभी सब्सिडी के एसोसिएशन पदाधिकारी से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुच कर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाए। इसकी जानकारी एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी राम नारायण में दी है।

# बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने विधायक का जताया आभार


प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो को विशेष धन्यवाद व आभार प्रकट किए। क्योंकि सुरंगा पंचायत के ज्वलंत जन मुद्दो को लेकर लगातार सिंदरी के विधायक प्रखर तरीके से विधानसभा के पटल में रख रहे हैं। तथा समाधान हेतु उचित पहल कर रहे हैं। प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने कहा की सुरंगा पंचायत के जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ पूरा बलियापुर का दायित्व निभाने का मौका मिला है जिसमें सुरंगा पंचायत में लगातार हो रही ओबी डंप, रेलवे द्वारा रास्ता बंद पर मुखर होकर हमने लड़ाई किया। परंतु इस लड़ाई को विधायक जी ने अपने माथे पर लेकर विधानसभा में सवाल उठाए हैं जिसका मैं पूरे सुरंगा पंचायत के ग्रामीण की ओर से धन्यवाद प्रकट करती हूं।

## बिना ठोस कारण रिजेक्ट नहीं करें पीएम-एफएमई व अन्य योजना के आवेदन : एडीएम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना (पीएम विश्वकर्मा), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम-एफएमई) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पीएम-एफएमई योजना की समीक्षा करते हुए एडीएम ने शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।उन्होंने बैंक वार लंबित आवेदनों की समीक्षा की। बिना किसी ठोस कारण आवेदन रिजेक्ट नहीं करने तथा अधिक से अधिक लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभाग और बैंक के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। जिससे जिले में योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें। वहीं पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा कर लाभुकों के निबंधन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने फर्स्ट स्टेज पर मुखिया के लॉगिन में लंबित आवेदन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सभी आवेदनों को समय पर फॉरवर्डिंग करने के लिए मुखिया को आवश्यक निर्देश देने की बात कही।एडीएम ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना जिले के हजारों कारीगरों और शिल्पकारों को उनकी पारंपरिक कला और विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगी। योजना कारीगरों को ÷विश्वकर्मा÷ के रूप में मान्यता देने में सहायक होगी और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेन्द्र प्रसाद, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, एलडीएम अमित कुमार, ईओडीबी प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र आदित्य चौधरी समेत बैंक के प्रतिनिधि समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा जिला के विभिन्न अस्पतालों एवं अल्ट्रा स्कैन सेन्टर का किया गया निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 06 मार्च 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय पीसी एंड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला अंतर्गत साधना हॉस्पिटल, पल्स डाइग्नोस्टिक एवं ऋषभ हेल्थ केयर में औचक निरीक्षण किया गया।कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया कोई अवैध गतिविधियों का जानकारी नहीं मिली। हालांकि जांच के दौरान किन्ही के पास फायर एनओसी नही मिली। इसलिए सभी से अन्य दस्तावेज की फ़ोटोकॉपी प्राप्त कर उसकी अध्ययन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार नोटिस कर कार्रवाई की जाएगी।उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी श्री रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एंड पीएनडीटी डॉ विकास कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश ईन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम, एवं एनजीओ से पूजा रतनाकर मौजूद थें।




**कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**
(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, राँची) Phone/Fax No:0651-2215618
Email ID:- csofficeranchi@yahoo.com

Tender No. : 4143 Date 05-03-2025

सदर अस्पताल जिला स्वास्थ्य समिति, राँची द्वारा सदर अस्पताल राँची सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अन्य संस्थानों के लिए अकासमिक सेवा NQAS, परिवार नियोजन, OPD, जननी सुरक्षा योजना, एवं अन्य मदो हेतु दवा आदि एवं अन्य सामग्री इत्यादि के क्रय हेतु निबंधित प्रतिश्ठानो / स्थानीय दुकानदारों से दिनांक 15.03.2025 के अप्राहन 05 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है निर्धारित तिथि तक निविदा हाथो हाथ अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा। निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण / स्पेशिफिकेशन / संबंधित नियम जिला कार्याक्रम प्रबंधक इकाई सदर अस्पताल राँची से प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा website www.sadarhospital.com पर दिनांक 06.03.2025 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का सूची परिवर्तन / परिवर्तन / शुद्वि पत्र website www.sadarhospital.com पर देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची
PR 347944 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड हंटरगंज एवं टण्डवा में निर्मितन्यू डाक बंगला को एक वर्षो के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:-

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | हंटरगंज डाकबंगला | 3876 sqft | 120000 | 36000 |
| 2 | टण्डवा डाकबंगला | 3876 sqft | 120000 | 36000 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक.28/03/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।
जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 ( पॉच हजार) रू0 का बैंक ड्राफटजो उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिशद,चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं, जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :-
1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम-5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफट द्वारा उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमा कर्ताओं की जमानत की राशि सफल डाक वक्ता के साथ एकरारनामा के तुरन्त बाद वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम डाक वक्ता को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र /पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयंवहन करना होगा।
7. यदि एक वर्ष के बाद एकरारनामा बढाया जाता है तो 10 %से 15 % किराया में वृद्धि किया जायगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद चतरा।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 347926 (District) 24-25 (D)

**कार्यालयः-जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा**

मत्स्य पालन विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार का पत्रांक सं0 j-01013/48/2024-Fy दिनांक- 14.01.2025 एवं मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक सं0 148, दिनांक- 29.01.2025 के आलोक में **भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (Dharti Aaba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan-DAJGUA)'' नई योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29** के लिए प्रारंभ की गई है। इसमें केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिशरण के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बहुल गाँव और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) जनजातीय परिवारों को अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। इस योजना हेतु दिनांक 20.03.2025 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन वांछित दस्तावेजों के साथ समर्पित कर सकते हैं। **दस्तावेजों की सूची** (आवश्यकता अनुसार):- जमीन का अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत/सत्यापित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, आवेदक के साथ जमीन का GPS फोटो, वंशावली, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय/स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि (लाख रू0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु0ज0जा0 (इकाई लागत का 90%) | अंशदान (इकाई लागत का 10%) |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 2 | नए रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 3 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो-आउट तालाबों का निर्माण में) | हे0 में | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 5 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 6 | बैकयॉर्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 7 | माध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | सं0 में | 8.00 | 7.20 | 0.80 |
| 8 | माध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घन मीटर प्रति क्षमता वाले 06 टन/ 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 9 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले माध्यम बायोफ्लोक की स्थापना कुल क्षमता | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 10 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घन मीटर क्षमता का 01 टैंक) | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 11 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 7 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 12 | बैकयॉर्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | सं0 में | 0.50 | 0.45 | 0.05 |
| 13 | जलाशयों में केज अधिष्ठापन | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 14 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 15 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृत (कोल्ड स्टोरेज आई सप्लांट निर्माण) | सं0 में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 16 | रेफ्रिजेरेटर वाहन (6-10 मेट्रिक टन क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 17 | इन्सुलेटेड वाहन (6-10 मेट्रिक टन क्षमता) | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 18 | आईसबॉक्स के साथ मोटर साइकिल | सं0 में | 0.75 | 0.675 | 0.075 |
| 19 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | सं0 में | 0.10 | 0.09 | 0.01 |
| 20 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई-रिक्शा) भी | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 21 | जिंदा मछली बिक्री केन्द्र | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 22 | लघु फीश फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता प्रतिदिन) | सं0 में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 23 | फिश कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | सं0 में | 10.00 | 9.00 | 1.00 |
| 24 | Bivalve cultivation (पर्ल कल्चर) भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर | सं0 में | 0.20 | 0.18 | 0.02 |
| 25 | जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 रू0 प्रति अंगुलिकाओं हेतु) | हे0 में | Rs.@03/ Fingerling | Rs.@2.70/ Fingerling | Rs.0.30/ Fingerling |
| 26 | मछली का मूल्य सवंर्धित इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राइजेज) | सं0 में | 50.00 | 45.00 | 5.00 |
| 27 | Traditional Fishermen के लिए नाव (replacement) एवं जाल | सं0 में | 5.00 | 4.50 | 0.50 |

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा
PR 347962 Simdega(24-25).D

स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट लोहरदगा प्रीमियर लीग के दूसरे दिन दो मैच खेले गए

# मुंबई और उड़ीसा के बीच पहला मैच, कोलकाता और लोहरदगा के बीच दूसरा मैच खेला गया

- मुंबई ने उड़ीसा को 7 विकेट से हरा कर सेमीफइनल में पहुंचा, वहीं कोलकत्ता की टीम ने लोहरदगा क्रिकेट टीम को हरा कर सेमीफइनल में पहुंचा
- आज दोनों सेमीफइनल मैच होंगे, दोनों मैच के विजेता 8 मार्च को फ़ाइनल मैच खेलेंगे
- क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, जो हारता है फिर सीखता है तभी जीतता है : धीरज प्रसाद साहू
- क्रिकेट विश्व की लोकप्रिय खेल है, खेल से अनुशासन सीखता है : दिलीप प्रताप सिंह शेखावत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ऑल इंडिया स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के कवाटर फाइनल मैच बी एस कॉलेज स्टेडियम में खेला गया। प्रथम मैच मुंबई और उड़ीसा के बीच खेला गया जिसमे उड़ीसा की टीम पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 164 रन 8 विकेट में बना पाया उड़ीसा की टीम के आशीर्वाद स्वान ने 43 रनों का योगदान दिया वहीं बॉम्बे की टीम के बॉलर हर्ष मेंडन 4 ओवर में 26 रन देकर दो विकेट हासिल किया वहीं बॉम्बे की टीम बैटिंग करते हुए 18.3 ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर 165 रन बना कर आसान जीत हासिल कर फाइनल में स्थान बनाया। बॉम्बे की ओर से बैटिंग करते हुए तनय कुमार विश्वाल 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 55 रन तो राम रोशन ने 8 चौके और 4 छक्के की मदद से 68 रन बना कर बॉम्बे की जीत में अहम् योगदान दिया। राम रोशन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया और 10 हजार का चेक तथा ट्रॉफी देकर पुरुस्कृत किया गया। पुरुस्कार मुख्य अतिथि के रूप में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू,सचिव अलोक रॉय और कार्यकारी अध्यक्ष भाष्कर दास गुप्ता तथा हर्षित साहू, डॉ. शशि गुप्ता प्राचार्य बी एस कॉलेज,रौनक इकबाल समेत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा की मैच में कोई हारता है तभी कोई जीतता है और जो हारता है उससे सीखता है वही भविष्य में विजेता बनता है। डीडीसी ने कहा की क्रिकेट विश्व में लोकप्रिय खेल है क्रिकेट से अनुशासन सीखता है जो जीवन में सफलता के लिए जरुरी हैउन्होंने कहा की खेल जीवन में अभिन्न स्थान रखता है, जो अच्छा खेलता है वही पढ़ाई और सभी क्षेत्रों में अव्वल स्थान पाता है। वहीं दूसरा सत्र का मैच एल आर सी कोलकत्ता और लोहरदगा क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। जिसमे कलकत्ता की क्रिकेट टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 215 रन 8विकेट खोकर बनाया जिसमे विशाल भारती ने 89 रनों का योगदान दिया लोहरदगा के तेज बॉलर जतिन पांडेय ने 52,रन देकर 4 विकेट हासिल किया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी लोहरदगा की टीम मात्र 123 रन बना कर ऑल आउट हो गया जिसमे कुणाल सिंह ने महत्वपूर्ण 38रन बनाये और लोहरदगा की पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गया। कलकत्ता की ओर से सक्षम चौधरी 27रन देकर 4,विकेट झटके और विशाल भारती ने 2 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच विशाल भारती को दिया गया। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष सह पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, बीजेपी के वरीय नेता ओह्म प्रकाश सिंह, अधिवक्ता देवाशीष कार, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अलोक रॉय, कार्यकारी अध्यक्ष भाष्कर दास गुप्ता, कोषाध्यक्ष नेयाज मल्लिक, कांग्रेस नेता उमेश्वर नाथ तिवारी, पूर्व क्रिकेट खिलाडी नयन रंजन दत्ता, संजय बर्मन रणजी खिलाडी आशीष कुमार, अमित कुमार, क्रिकेट एसोसिएशन उपाध्यक्ष रतिन्दर नाथ रॉय, एवं अन्य उपस्थित थे।

## हिंडालको अगर इस्लाम अंसारी को ट्रांसपोर्टर से नहीं हटाती है तो होगी बड़ी आंदोलन : एसोसिएशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विमरला चलने वाले ट्रकों को कुछ लोगों के द्वारा घाघरा प्रखंड के विमरला रोड में अपने निजी स्वार्थ हेतु रोका गया है और प्रशासन खामोश होकर तमाशा देख रही है और सड़क पर ड्रामा हो रहा है। इसके विरोध में आज लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी बॉक्साइट चंदवा ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि माननीय संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू से मिलने के पश्चात निर्णय किया गया है कि अगर प्रशासन विमरला की गाड़ियां चालू नहीं करवाती है तो लगभग 1500 ट्रकों को खड़ा कर दिया जाएगा एवं सड़क जाम भी किया जाएगा और दूसरी ओर संगठन के सभी पदाधिकारी ने एक स्वर से कहा है कि अब हिंडाल्को कंपनी के खिलाफ भी आंदोलन शुरू किया जाएगा। क्योंकि हिंडालको कंपनी के ट्रांसपोर्टर इस्लाम अंसारी जिनकी लगभग 90 गाड़ियों का ट्रांसपोर्टिंग पाखर मे लिए हुए हैं और लाखों रुपया कंपनी से महीना में कमा रहे हैं। गाड़ियां पाखर में चलती है एवं बगडु में भी वह कंपनी का काम करते हैं वह जबरदस्ती विमरला में गाड़ियों को रोक कर अपने निजी स्वार्थ हेतु ट्रांसपोर्टिंग एवं रेजिँग लेने के चक्कर में ट्रक मालिकों को परेशान कर रहे है और बाहरी और भीतरी बोलकर गरीब लोगों को बरगला रहे हैं। अभी जो 127 गाड़ियों को रोककर रखा गया उससे ट्रक मालिकों को प्रतिदिन लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है इसकी भरपाई हेतु भी जिला प्रशासन को लिख कर दिया जाएगा कि इसकी भरपाई की जाए या कानूनी कार्रवाई प्राथमिकी दर्ज करते हुए इसका हर्जाना हम लोग को दिलवाया जाए और दूसरी ओर सरकार की भी राजस्व की हानि हो रही है,कंपनी अगर इस्लाम अंसारी को ट्रांसपोर्टर से नहीं हटाती है तो कंपनी के गेट के बाहर भी धरना दिया जाएगा और जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

## होली को लेकर कैरो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, नशा-पान में बरते संयम : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो थाना परिसर में 06 मार्च गुरुवार को बीडीओ सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें होली त्योहार को शांति सौहार्द व आपसी भाईचारे के साथ मनाने पर बल दिया गया। बीडीओ ने थाना क्षेत्र में होने वाले होलिका दहन कार्यक्रम के स्थान व समय का व्योवरा उपस्थित लोगों से मांगा। कहा गया पुलिस प्रशासन पूरे क्षेत्र शांति व्यवस्था के लिए चौकस रहेगी। थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने कहा लोग नशापान में संयम बरतें, सारे फसाद का जड़ नशापान है। कहा पछ्ले वर्ष होली के दिन रंग खेल रहे युवकों से एक पुलिसकर्मी की झड़प हुई थी। ऐसा स्थिति दोबारा न हो। उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि कैरो में त्योहार गंगा जमुनी तहजीब के साथ मिलकर मनाएंगे। इस मौके पर बीडीओ सुश्री छ्न्दा भट्टाचार्य, सीओ शीला उरांव, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, शरत कुमार विद्यार्थी, नजीर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, मुखिया सुमित्रा उराँव, वीरेन्द्र महली, राजेन्द्र महतो, बजरंग उरांव, विपिन सिंह, अनिल पांडे, जमील अख्तर, इम्तियाज अंसारी, प्रवीण साहु, नजरुल खान, मोहन साहु, कृष्णमनी यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## पीएम और अबुवा आवास के लाभुक ससमय आवास को पूरा करें : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर बीडीओ द्वारा आवास योजना और बागवानी योजनाओं का निरीक्षण किया गया। प्रखंड क्षेत्र भृमण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अन्तर्गत सरना टोली, बेड़ा टोली और भड़गांव पंचायत कर्मियों के साथ आवास योजना और बागवानी योजनाओं का निरीक्षण करते हुए लाभुकों को अबूआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक समय सीमा के अंदर आवास का निर्माण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बताया आवास का राशि प्रखंड से किस्त वार राशि सभी के खाता में पहुंच रहा है। वही सम्बंधित पंचायत सचिव को मजदूरों का मजदूरी भुक्तान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत सचिव और जनसेवक पंचायत का भ्रमण कर लाभुकों को आवास निर्माण करने के लिये प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। साथ आम बागवानी में पौधा खराब या सुख रहा है। उसको रिप्लेस करने के लिये कहा गया। और बागवानी से खर पतवार का साफ सफाई कर पौधों को सिंचाई करने के लिये निर्दर्श दिया गया है। तथा सभी पंचायत सचिवों को योजना से सम्बंधित अभिलेख को दुरुस्त रखने और पुरानी योजना को बंद कर नया योजना लेने के लिये भी निर्देश दिया गया।

प्लेबैक सिंगर अमित गुप्ता के साथ बॉलीवुड से लेकर भोजपुरी गीतों पर लोहरदगा वासियों ने जमकर लगाए ठुमके

## लोहरदगा जिला छोटा है परंतु खेल के क्षेत्र में आगे : धीरज प्रसाद साहू

चार दिवसीय टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के उदघाटन कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** साहू परिवार और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले शुरू हुए चार दिवसीय टी 20 क्रिकेट एलपीएल टूर्नामेंट के उदघाटन समारोह में देर रात भव्य रंगारंग समारोह का बीएस कॉलेज स्टेडियम के निकट मैदान में आयोजन हुआ। समारोह का विधिवत शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरिश बिन जमां, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, निशिथ जायसवाल, एफडी इंटरप्राइजेज के प्रोपराईटर हाजी हब्दुल जब्बार, विशाल डुंगडुंग, रोहित ओझा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला छोटा है परंतु खेल के क्षेत्र में आगे है। इसमें हमारे बड़े भाई स्व शिव प्रसाद, नंदलाल साहू तथा परिवार का अहम योगदान है। कहा कि यह स्टेडियम राज्य स्तर का है। खिलाड़ियों के लिए यहां तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। जिले के खिलाडी भी यहां प्रेक्टिस कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोहरदगा का नाम रौशन कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र में बेहतर भविष्य है। खिलाड़ी अनुशासन में रहकर पढ़ाई करते हुए भी इसमें करियर बना सकते है। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। इसके साथ ही मौके पर पहुंचे प्लेबैक सिंगर अमित गुप्ता द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ टीम की कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। इसके बाद तेरे नाम से जी लू, तेरे नाम पे मर जाऊं..... गीत के साथ सिंगर अमित गुप्ता ने स्टेज पर शानदार इंट्री ली। जिसके साथ ही एक के बाद एक प्लेबैक गीतों की भरमार ने लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपनी फेमस गीत राधे राधे राधे वो राधे राधे... गीत की लाइव प्रस्तुति रखी। 80, 90 के दशक में फेमस हुए गीतों को भी नए अंदाज में उन्होंने लोहरवासियों के समक्ष रखा। उनकी रिलीप नई एल्बम का उन्होंने प्रमोशन भी किया। जिसपर उन्होंने रिल्स भी बनाया। इसके बाद भोजपुरी गीतों पर भी लोहरदवासियों ने खूब ठुमके लगाए। मौके पर मुख्य रूप से हर्षित साहू, रूची साहू सहित एसोसिएशन सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, आशीष कुमार, उदय गुप्ता, संजय बर्मन, संदीप गुप्ता, चन्द्रकिशोर प्रसाद, अमित कुमार, जयजीत चौबे, विशाल डुंगडुंग, आकाश कुमार, रोहित ओझा, नितिन सिंह, दुर्गा प्रजापति, अभय वर्मा, सतीश वर्मा, मृत्युंजय चौबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अटल जी के जीवन का एक-एक क्षन एक-एक कण राष्ट्र को समर्पितथा : यदुनाथ पांडेय





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा खेमराज स्मृति धर्मशाला में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल विरासत सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात अटल जी की तस्वीर पर पुष्पार्चन एवम दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि समेत जनसंघ एवम अटल जी के साथ पार्टी संगठन में कार्य कर चुके लगभग एक सौ वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने कहा कि श्रधेय अटल जी के जीवन का एक -एक क्षन,एक-एक कण राष्ट्र को समर्पित था।उनके विचार में राष्ट्र हमेशा सर्वोपरी रहा।अटल जी एक ऐसे राजनेता थे जो सर्वमान्य थे। उन्होंने 24 दलों को लेकर सहज तरीके से सरकार चलाई। श्री पांडेय ने कहा कि अटल जी का कृतत्व एवम ब्यक्तित्व की जितनी तारीफ की जाय कम है। वे निश्छल, निष्कपट, सरल, सहज, सादगीअग्रसोची स्वभाव के धनी थे। अटल जी हमेशा परिवार वाद से ऊपर उठ कर राष्ट्र के लिए काम किया। उन्होंने बिना किसी का परवाह किये निर्भीक हो कर परमाणु परीक्षण कर देश को शक्तिशाली राष्ट्र की पंक्ति में खड़ा किया। श्री पांडेय ने अपने संबोधन में अटल जी के साथ बिताए पलों को संस्मरण करते हुए कहा कि उनके जीवन से हमे ऊर्जा मिलती है। अटल ने लोगो की भावनाओ को समझते हुए एक साथ तीन राज्यो को अलग कर उनकी मुराद पूरी की। उन्होंने कहा कि अटल जी द्वारा किये गए कार्य की लिस्ट बहुत लंबी है।जो कार्य उनके द्वारा अधूरी रह गयी उसे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी कर रहे है। उन्होंने सनातन धर्म पर बोलते हुए कहा कि सनातन धर्म हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः एवम वसुदेव कुटुम्बकम की सोच रखने वाला धर्म है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि भारत रत्न, पद्मविभूषित, कवि, लेखक, पत्रकार, के रूप में विख्यात अटल जी का इस धर्मशाला में आगमन हो चुका है। आज हम सभी कार्यकर्ता इसी भवन में उनके जीवन की ऊंचाइयों को जानने एवम अपने जीवन मे उतारने के लिए उपस्थित है। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि अटल जी एक अच्छे राजनेता के साथ अच्छे प्रवक्ता,लेखक एवम संपादक भी थे। जिन्होंने पांचजन्य जैसे पत्रिका का संपादन किया। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण चतुरभुज योजना, ग्रामीण सड़क योजना किसान क्रेडिट कार्ड जनजाति मंत्रालय सर्व शिक्षा, बालिका शिक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण योजनाओ का क्रियान्वन किये। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंह ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति का चमकता सितारा थे।वे हमारे आदर्श है।उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति को समझना हो तो अटल जी के जीवन को समझना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा नेतृत्व कर्ता मिलना मुश्किल ही नही नाममुकिन है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक पशुपति नाथ पारस एवम धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री संजय अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत, ओमप्रकाश सिंह, ब्रजबिहारी प्रसाद, श्रीचंद्र प्रजापति, राजकिशोर महतो, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, चंद्रशेखर प्रसाद, अजातशत्रु, उमेश कास्यकार, अशोक चंद्र घोष, योगेश गुप्ता, विनोद राय, परमेश्वर साहू, अशोक खत्री, मुरलीधर अग्रवाल, हर्षनाथ महतो, संजय कुमार, लक्ष्मी नारायण भगत, अशोक सिंह,नीरज नलिन, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, पशुपति, नाथ पारस, मीडिया प्रभारी विजय सोनी मिथुन तमेड़ा, भूषण साहू, जगरनाथ महतो, यदुनंदन तिवारी, ओम महतो, सरिता देवी, अशोक कास्यकार, ओम गुप्ता, विवेक चौहाण, अमित लोहारा, भगवानदास उरांव, योद्धो साहू, सचिन सिंघानिया, अशोक साहू, राजकुमार वर्मा, संगरिया कुमारी, मीना बाखला, सामेला भगत, पवन तिग्गा, सरस्वती देवी, मिनाक्षी देवी, अनुप महतो, सत्यम कुमार, नीरज कुमार, दीपक शर्राफ आदि उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्र हित के लिये तत्पर्य : पवन तिग्गा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय जी को भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता पवन तिग्गा ने बुके देकर सम्मानित किया।और उनका आशीर्वाद वचन लेकर राजनीति में सक्रिय रूप से काम करने का लक्ष्य और आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, ओम सिंह, श्रीचंद प्रजापति, मनीर उरांव, चंद्रशेखर अग्रवाल, ओम गुप्ता, संजय अग्रवाल, पशुपतिनाथ पारस, सरोज प्रजापति, भगवान दास, दीपक कुमार, अशोक चौहान, कामेश्वर सिंह भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुएं में पानी लेने गई महिला पैर फिसलने से कुएं में गिरी, डूबने से हुई मौत

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र की है जहां कुएं में गिरने से एक 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सदर प्रखंड क्षेत्र के भट्ठखिजरी पंचायत से सटे भौवा टोली बस्ती की एक महिला बुधवार की सुबह 9 बजे के आसपास कुएं में पानी भर रही थी।इस दौरान महिला के पैर फिसल जाने से वह कुएं में गिर गई आप पास कोई लोग मौजूद नही होने कारण किसी को पता नही चल पाया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। काफी समय बाद जब घर नही लौटी तो परिजन उसे देखने निकले तो देखा कि महिला कुएं में मृत पड़ी।जिसके बाद परिजन शोर गुल करने लगे शोर सुनकर स्थानीय लोग जुटे और काफी समय बाद महिला को निकाला गया तब तक उसकी सांसे रुक गई थी और उसकी मौत हो गई थी। मृतिका महिला की पहचान गांव के ही दिलदार अंसारी की 22 वर्षीय पुत्री दिलकस प्रवीण के रूप में हुई है। परिवार वालो ने बताया की दिलकस का विवाह पिछ्ले 2 पहले गांव में ही हुई थी और फिलहाल मृतिका का एक 9 माह का बच्चा भी है जो अब मां को खो दिया है। इस घटना के बाद महिला के शव को दोनो परिवार और गांववालो के सहमति से विचार विमर्श के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।इस घटना के बाद परिवार वाले काफी सदमे में है।

## सिमडेगा में हुआ गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम वेबसाईट लॉन्च




**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा पुलिस सभागार में GUEST VERIFICATION SYSTEM वेबसाइट लॉन्च किया गया। पुलिस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्री पलटू महतो तथा अन्य उपस्थित पदाधिकारियों ने वेबसाइट लॉन्च किया। इस वेबसाइट को NIC झारखण्ड राज्य इकाई, राँची द्वारा विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य होटल, गेस्ट हाउस, धर्मशाला इत्यादि जगहों पर ठहरने वाले व्यक्तियों का डाटा पुलिस विभाग को डिजिटल, रियल टाइम और सुलभ तरीके से उपलब्ध कराना है। इससे पुलिस विभाग को ऐसे प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले संधिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर उपायुक्त श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि जमशेदपुर, सरायकेला के बाद ऐसे वेबसाइट लॉन्च होने का श्रेय पुलिस अधीक्षक की सराहना करते हुए कहा कि मुम्बई जैसे बड़े शहरों की तुलना में सिमडेगा गांव जैसा है, यहां शांतप्रिय होटल व्यवसायी हैं फिर भी दूर दृष्टि के लिहाज से ऐसी एप्प का शुरू होना सुविधा दायक है। जिससे होटल, रेस्तरां संचालकों को परेशानी से बचायेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी होटल संचालकों को ठहरने वाले व्यक्तियों की सूचना थाना को देनी पड़ती है।कभी कभी शक के दायरे उत्पन्न होने पर उन्हें जलालत झेलनी पड़ती है जिससे बचने और स्वतः जानकारी पुलिस को उपलब्ध रहने की दिशा में किया गया प्रयास यह वेबसाइट है।उन्होंने एन आई सी के अधिकारोयों से कहा कि गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम की तरह रेन्टर वेरिफिकेशन सिस्टम बनाने पर अपराध नियंत्रण में सुविधा होगी। इस दौरान शहर के होटल और गेस्ट हाउस मालिक मौजूद रहे। साथ ही हृढ्ष्ट झारखण्ड राज्य इकाई, राँची से ऑनलाइन माध्यम से उप निदेशक डॉ0 प्रशांत कुमार सिंहा, संयुक्त निदेशक श्री शिव बनर्जी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक श्री ओमेश प्रसाद सिंहा एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## होली पर्व को लेकर जलडेगा थाना में हुई शांति शामिति की बैठक



**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली को लेकर जलडेगा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में एस. ई. दुर्गेश कुमार ने होली पर्व को शांति पूर्ण तरीके से सभी जाती धर्म के लोगों के साथ मिल जुल कर मनाने को कहा। वहीं किसी तरह का अफवाह नहीं फैलाने को कहा, अगर कोई अफवाह फैलता है तो तुरंत थाना में सुचना करने को कहा गया। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस के द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में एस. आई. सोनू कुमार, एस. ई. राजेश कुमार कुमार दास, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगुन, पतिआम्बा मुखिया बिमला देवी, कोनमेरला मुखिया अनिमल तोपनो, समाजसेवी मोतीलाल साहू, हेमसारण सिंह, राजू साहू, दीपक चीक बडाईक, अमर साहू, मुमताज़ अली, रामअवतार अगरवाल, तथा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की राजस्व संग्रहण की मासिक समीक्षा बैठक

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागवार राजस्व संग्रहण, भू-राजस्व, दाखिल-खारिज, जीएम लैंड सत्यापन, सीमांकन, सैरात संग्रहण, भू-अर्जन, नीलाम पत्र वाद सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि कई विभागों द्वारा राजस्व संग्रहण अच्छा है, पर इसे शत प्रतिशत वसूली करने का निर्देश दिया। वहीं कई विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण में रुचि नहीं दिखाई गई है, जिसका वजह से काफी कम प्रगति है। उपायुक्त महोदय कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी विभाग मार्च माह के अंतिम सप्ताह तक राजस्व वसूली लक्ष्य पूरा करें। उत्पाद विभाग द्वारा शत प्रतिशत राजस्व वसूली की गई। उत्पाद अधीक्षक के ने बताया कि लक्ष्य के विरुद्ध 2 प्रतिशत अधिक राजस्व संग्रहण कर लिया गया। मार्च माह के पूर्ण तक 8-9 वसूली और होने की बात कहीं। उपायुक्त महोदय ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर परिषद, सिमडेगा को 100 प्रतिशत से अधिक राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने की बात कहीं। वहीं खनन पदाधिकारी को राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने हेतु अवैध खनन के प्रति लगातार छापामारी अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नीलाम पत्र वाद की समीक्षा में सभी नीलाम पत्र अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि नीलम पत्र से संबंधित जितने भी मामले हैं यथाशीघ्र नोटिस करें और लक्ष्य के अनुरूप वसूली को पूर्ण करें। इसके पश्चात् उपायुक्त महोदय ने अंचलवार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने को कहा।

## चलते चलते एक नजर

### गन्ना उत्पादक किसानों को मिला कृषि यंत्र



**पूर्वी चम्पारण :** बिहार सरकार के गन्ना उद्योग विभाग द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत गुरुवार को हिन्दुस्तान बायोफ्यूल्स सुगौली के गन्ना उत्पादक किसानों के बीच गन्ना की खेती के लिए उपयोगी कृषि यंत्रो का वितरण किया गया।वितरण कैप का आयोजन सुगौली चीनी मिल के परिसर में की गई।इस दौरान किसानो को खूँटी प्रबंधन यंत्र, सुगर केन कटर प्लांटर, सेट ट्रीटमेंट डिभाईस, इंजिन ऑपरेटेड पावर स्प्रेयर, ट्रैक्टर ऑपरेटेड पावर स्प्रेयर, ट्रैक्टर ऑपरेटेड रीजर, रींग पीट डीगर, ट्रैच ओपनर, सिंगल बड कटर मैन्युल, सिंगल बड कटर पॉवर ऑपरेटेड, हैंड ऑपरेटेड डिवाईस कीट, लैन्ड लेभलर, पावर वीडर आदि उपयोगी कृषि यंत्रों का वितरण किसानो के बीच किया गया। मौके पर गन्ना उद्योग विभाग पटना के संयुक्त ईखायुक्त जयप्रकाश नारायण सिंह एवं सहायक निदेशक ईख विकास, मोतिहारी वेदव्रत कुमार, सुगौली चीनी मिल के उप-महाप्रबंधक गन्ना शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उप-गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार सहित चीनी मिल के अन्य अधिकारी व सैकडों की संख्या में गन्ना उत्पादक किसान उपस्थित थे।

### मरीज हर दिन ले रहे हैं चिकित्सीय परामर्श

**मुरादाबाद** : पंडित दीन दयाल उपाध्याय संयुक्त जिला चिकित्सालय (जिला अस्पताल) में जिला अस्पताल पर हर दिन दबाव बढ़ता जा रहा है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की कमी के कारण मरीज सीधे जिला अस्पताल आते हैं व पर्चा बनवाने और चिकित्सक को दिखाने के लिए घंटों लाइन में लगते है।जिला अस्पताल में आने वाले सबसे ज्यादा करीब 400 मरीज जनरल मेडिसिन विभाग के होते हैं। इन्हें खांसी, बुखार, संक्रमण, पेट में दर्द, डायरिया आदि दिक्कतें होती हैं। इसके बाद सर्जरी व नेत्र रोग विभाग के लगभग 200-200 मरीज हैं। जबकि चौथे नंबर पर ऐसे मरीज हैं जो कुत्तों के हमले के कारण एआरवी लगवाने पहुंचते हैं। ऐसे मरीजों की संख्या औसतन 120 होती है। इसके अलावा ईएनटी, चेस्ट, ऑर्थो, डेंटल व मानसिक रोग विभाग के मरीज आते हैं। जिला अस्पताल में कुल ओपीडी का आंकड़ा प्रतिदिन औसतन 1300 से अधिक रहता है। जबकि इसके विपरीत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पैनल के अनुसार डाक्टर ही नहीं है। किसरौल स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में दिसंबर से डॉक्टर तैनात नहीं हैं। पांच सेंटरों के डॉक्टर तैनाती के दो माह बाद ही इस्तीफा दे गए। शनिवार को इन केंद्रों पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है। ऐसे में पीएचसी के प्रभारी डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाती है। बीते शनिवार को कानून गोयाल, किसरौल समेत कई केंद्रों पर स्वास्थ्य मेले में भी डॉक्टर मौजूद नहीं थे।

# चैनपुर-शाहपुर को जल्द मिलेगा शानदार पार्क : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर चैनपुर में नवनिर्माण हो रहे सूर्य मंदिर पार्क, जो उनके कार्यकाल का चैनपुर शाहपुर की माताओ, बहनों, बुजुर्गों एवं बच्चों को दिया गया शानदार तोहफा है, का निरीक्षण करती नजर आई। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने निगम क्षेत्र के लिए जितनी योजना बनाई थी, वह सब अब धीरे-धीरे पूरा होने जा रहा है। जिसकी गुणवत्ता की निगरानी मैं स्वयं कर रही हूं। आज मुझे खुशी है कि उन्हीं योजनाओं में एक चैनपुर-शाहपुर का प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर पार्क,

*** चैनपुर-शाहपुर की माताओ बहनों से मैंने पार्क देने का किया था वादा**

जो लगभग चार एकड़ में फैला है, जिसे बाउंड्री वॉल देकर सुरक्षित कर दिया गया। साथ ही तालाब का गहरीकरण करते हुए पार्क को सजाया जा रहा है। प्रथम महापौर ने बताया कि पार्क में कोलकाता से ऊंचे क्वालिटी के अमेरिकन कारपेट ग्रास संवेदक द्वारा मंगा कर लगवाई जा रही है। जिससे पार्क की खूबसूरती और बढ़ गई है। इस पार्क



में टहलने के लिए लगभग 1 किलोमीटर 8 फीट चौड़ा ट्रैक भी बनाया गया है। पूरे पार्क के चारों ओर ज्यादा प्रकाश देने वाली आधुनिक एलइडी लाइट लगाई जा रही है। जगह-जगह पर बुजुर्गों को बैठने के लिए सीमेंटेड बेंच लगेंगे और बच्चों के लिए खेलने के कई संसाधन होंगे। प्रथम महापौर ने कहा कि अब चैनपुर शाहपुर की माताओ,बहनों, बच्चों,बुजुर्गों एवं भाइयों को गांधी उद्यान जाना नहीं पड़ेगा। वह सुबह शाम इस पार्क का आनंद लेंगे। महापौर ने कहा कि जल्द शहर के 6 ऐसे ही तालाब का सुंदरीकरण चल रहा है, जो वहां के स्थानीय माता, बहनों और भाइयों को समर्पित की जाएगी। ताकि स्थानीय लोगों के लिए खासकर बुजुर्ग, जो गांधी उद्यान नहीं जा पा रहे थे, अपने नाती पोतों को घुमा सकेंगे। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, चंचला देवी, अनीशा खातून, भोला पांडे, मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### बिलासपुर में नड्डा ने किया भाजपा कार्यालय का शिलान्यास

**बिलासपुर** : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को बिलासपुर में बिरोजा फैक्ट्री के समीप भाजपा कार्यालय का शिलान्यास किया।केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रकाश नड्डा को बिलासपुर पहुंचने पर भाजपा के प्रादेशिक बड़े नेताओं ने स्वागत किया। इनमेंभाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, त्रिलोक जमवाल, जीत राम कटवाल और रणधीर शर्मा शामिल थे। इसके बाद नड्डा ने बिलासपुर में बिरोजा फैक्ट्री के समीप पूजा अर्चना कर भाजपा कार्यालय का शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के साथ भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और सह प्रभारी संजय टंडन भी उपस्थित रहे।

## हिमाचल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति शपथ पत्र भरना अनिवार्य

एजेंसी

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों को अब नशा न करने का शपथ पत्र भरना अनिवार्य होगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय प्रशासन अभिभावकों को भी पत्र या ई-मेल के माध्यम से जागरूक करेगा। यह निर्णय मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की 35वीं बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल ने की। बैठक में राज्यपाल ने वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट को अनुमोदित किया तथा वर्ष 2018-19 का वार्षिक लेखा को भी अनुमोदित किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विकास और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विस्तृत चर्चा




की।राज्यपाल ने कहा कि नशाखोरी एक गंभीर समस्या है और इससे निपटने के लिए कॉलेज स्तर पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया और कहा कि शिक्षण संस्थानों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए आदर्श नागरिक तैयार करने चाहिए।राज्यपाल ने बैठक के दौरान विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्यों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुपस्थित सदस्यों को इस बारे में अवगत कराया जाए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय कोर्ट का मुख्य दायित्व संस्थान की नीतियों और कार्यक्रमों को समय-समय पर निर्धारित करना है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।

## आर्ट और क्राफ्ट में बीकानेर अग्रणी : सिद्धि कुमारी

एजेंसी

**बीकानेर :** महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने एवं राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित राजसखी बीकाणा मेला 2025 का बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक सिद्धि कुमारी और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने उद्घाटन किया। जिला प्रशासन और राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह सात दिवसीय मेला व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में 11 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 10 से रात 9 बजे तक चलेगा।सिद्धि कुमारी ने कहा कि राजस्थान आर्ट और क्राफ्ट के लिए जाना जाता है और बीकानेर इसमें काफी आगे है। कलाकार और राजीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं



को अगर अच्छा प्लेटफॉर्म मिले तो खासा लाभ होता है। आप सब इस मेले के प्लेटफॉर्म का सदुपयोग करें।जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका दिनेश चंद्र मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि उक्त मेले में राज्य भर से 60 महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न हस्त निर्मित उत्पादों की स्टॉल्स लगाई गई है। प्रतिदिन सांय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा तथा महिला सशक्तीकरण, वित्तीय समावेशन, जैविक खेती, व्यावसायिक संवर्द्धन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।मिश्रा ने बताया कि बीकानेर जिले के 768 गांवों में 7220 राजीविका स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। जिनमें से 6265 समूहों को गठन के तीन महीने बाद रिवॉल्विंग फंड के रूप में 15-15 हजार रुपए और 4360 समूहों को कम्यूनिटी इन्वेस्टमेंट फंड के रूप में 75-75 हजार रुपये दिए जा चुके हैं। एसएचजी समूहों के विकास के लिए कुल 42.11 करोड़ का फंड दिया जा चुका है।

# नेपाल के 80 प्रतिशत छात्र केआईआईटी लौटे

एजेंसी

**काठमांडू :** भुवनेश्वर में स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय (केआईआईटी) में एक नेपाली छात्रा की संदेहास्पद अवस्था में मौत के बाद तनावग्रस्त माहौल के कारण नेपाल आए छात्रों में से 80 प्रतिशत ओडिशा लौट चुके हैं। नेपाल से लौटे छात्रों ने दोबारा विश्वविद्यालय के निर्धारित पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू कर दी है। आत्महत्या कांड के बाद नेपाल लौटे बाकी छात्र भी ओडिशा को लौटने को तैयार हैं। ओडिशा के भुवनेश्वर में स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी निजी डीम्ड विश्वविद्यालय है। नेपाल की रहने वाली इंजीनियरिंग कॉलेज में बी-टेक तृतीय वर्ष की छात्रा प्रकृति लामसाल की पिछले माह कालेज के होस्टल में संदेहास्पद अवस्था मौत



हो गई थी। कैम्पस में नेपाली छात्रों के बीच तनाव फैल गया. उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद उनको जबरन हॉस्टल से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद पनपे तनावग्रस्त माहौल के कारण नेपाल के छात्र-छात्राएं नेपाल लौट गए थे। अब कालेज का माहौल शांत होने के बाद छात्र-छात्राओं ने केआईआईटी लौटना शुरू कर दिया है।केआईआईटी के उपकुलपति शरणजीत सिंह ने गुरुवार को कहा कि बुधवार रात 9 बजे तक 80 प्रतिशत नेपाली छात्रों की वापसी हो चुकी है।

इस समय विश्वविद्यालय से बाहर गए 1169 नेपाली छात्रों में 913 छात्र वापस लौट कर नियमित अध्ययन के काम में लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब तक नहीं लौटे छात्रों के अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें वापस बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास में पत्रभेज कर छात्रों की वापसी में सहयोग करने का आग्रह किया है।

### चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अररिया :** फारबिसगंज के रामपुर उत्तर पंचायत स्थित रेड लाइट एरिया में अपने आप वुमेन वर्ल्ड वाइड संस्था की अंत कन्या सेंटर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें रेड लाइट एरिया समेत मेला ग्राउंड के इर्द गिर्द की महिलाओं और बच्चियों ने भाग लिया।गुरुवार को आयोजित प्रतियोगिता के बाद चित्रों की प्रदर्शनी और पुरस्कार वितरण हुआ।जिसमें निजी स्कूल पाठशाला की प्रधानाध्यापिका भारती सिंह,शिशु भारती स्कूल की संस्थापिका ललिता बायवाला और अपने आप वुमेन वर्ल्ड वाइड संस्था की संस्थापिका रुचिरा गुप्ता शामिल हुई।प्रतियोगिता में 22 महिलाओं और बच्चियों ने भाग लिया।महिला वर्ग में रूप खातून को प्रथम,रोहिणी खातून को द्वितीय और गीता देवी को तृतीय स्थान पर रही।वहीं बालिका वर्ग में चांदनी कुमारी पहले,पूजा कुमारी दूसरे और आतिया रशीद तीसरे स्थान पर रही।

# स्वास्थ्य सचिव ने अस्पतालों का लिया जायजा

एजेंसी

**मीरजापुर :** गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सचिव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) उत्तर प्रदेश की प्रबंध निदेशक, पिंकी जोवल ने कछवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जलालपुर गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं, दवा वितरण व्यवस्था और मरीजों की देखभाल की गुणवत्ता का आकलन किया।कछवां सीएचसी पहुंचकर पिंकी जोवल ने सबसे पहले दवा स्टोर की स्थिति जानी और दवाओं के रख-रखाव एवं वितरण व्यवस्था पर संतोष जताया। इसके बाद उन्होंने ओपीडी का निरीक्षण करते हुए डॉक्टरों से मरीजों की संख्या और प्रमुख बीमारियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ईसीजी मशीन के संचालन को लेकर डॉ. श्वेता राय



से चर्चा की, जिन्होंने बताया कि वे स्वयं ईसीजी मशीन ऑपरेट करती है और फार्मासिस्ट को भी प्रशिक्षण दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सीएल वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) विशाल कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुदीप और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. सीबी पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान पिंकी जोवल ने ओटी, प्रसूता वार्ड, दंत चिकित्सा, चर्म रोग विभाग और बच्चों के वार्ड का दौरा किया। उन्होंने कुष्ठ रोगियों के उपचार की स्थिति पर भी जानकारी ली और अस्पताल प्रबंधन से मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देने को कहा।

इस मौके पर उन्होंने अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

# यूपी में लोगों को नहीं मिल रहा बुनियादी सुविधाएं : मायावती



एजेंसी

**नई दिल्ली :** बहुजन समाज पार्टी में उठापटक का दौर जारी है. बसपा प्रमुख एक के बाद एक बड़े फैसले ले रही हैं. मायावती ने मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार पर हमला बोला है. मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने पारंपरिक वोट बैंक को आकर्षित करने की कोशिश की. उन्होंने गरीबों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अन्य वंचित वर्गों के हितों की बात की. मायावती ने कहा कि सरकार को गरीबों के लिए काम करना चाहिए. लेकिन यह सरकार नहीं कर है और सरकार की गरीब विरोधी नीति दिख रही है.

मायावती ने सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बताया जा रहा है, लेकिन लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं. उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी और अन्य क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारें कांग्रेस के नक्शेकदम पर चल रही हैं.बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने यूपी सरकार पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी गरीबों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और पहले भी गरीबों के लिए काम किया है. लेकिन यूपी सरकार विकास के मामले में बड़े दावे करती है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं से दूर है.मायावती ने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार कांग्रेस की राह पर चल रही है और डॉ अम्बेडकर ग्रामीण समग्र विकास योजना को निक्रिय कर दिया है. उन्होंने सरकार पर लोगों के घर उजाड़ने के आरोप भी लगाए हैं.मायावती ने बीजेपी सरकार पर धर्मस्थलों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है. उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार बजट में बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन उन पर अमल नहीं होता है. गरीबों के लिए आंवटित किए गए पैसे का सही तरीके से उपयोग नहीं होने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की है.

### सदन में जन्म प्रमाण पत्र, सहारा इंडिया और दिव्यांगों के पेंशन का उठा मामला

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जिनमें जन्म प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, सहारा इंडिया के निवेशकों की समस्या और किसानों से धान खरीद में कटौती जैसे विषय शामिल रहे। विधायक धनंजय सोरेन ने साहेबगंज जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र में जन्म प्रमाण पत्र बनने में हो रही देरी का मामला उठाया। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि उन्होंने साहेबगंज के डीसी से बात कर अविलंब लंबित जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने और इसे लंबित रखे जाने का कारण पता करने को कहा है। डीसी ने एक सप्ताह में ऐसे सभी लंबित प्रमाण पत्र को निर्गत किये जाने का भरोसा दिया है। इस पर विधायक धनंजय ने पूछा कि सरकार जन्म प्रमाण पत्र नियत समय पर निर्गत कराने की व्यवस्था करे।

# महाकुंभ में आतंकी घटना करना चाहता था बब्बर खालसा का आतंकी : डीजीपी

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर कौशांबी जिले से बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक कथित एक्टिव आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। आतंकवादी की पहचान पंजाब के अमृतसर के रामदास क्षेत्र के कुर्लियान गांव के रहने वाले संदिग्ध आतंकी लजर मसीह के रूप में हुई है। अब आतंकी की गिरफ्तारी को लेकर उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। उन्होंने बताया है कि आंतकी लजर हाल ही में संपन्न हुए प्रयागराज महाकुंभ में आतंकी घटना करने की फिराक में था। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने गिरफ्तार किए गए बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी लजर को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया है कि आतंकी लजर लगातार पाकिस्तान में बैठे आईएसआई के



साथ सम्पर्क में था। पाकिस्तान में बैठे कुछ हैंडलर उसे लगातार ड्रोन से गोला बारूद और असलहे भी भेज रहे थे। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है कि लजर यूपी के प्रयागराज जिले में संपन्न हुए महाकुंभ में कोई बड़ी आतंकी घटना करना चाहता था। इसके बाद आतंकी पुर्तगाल भागने की फिराक में था। हालांकि, पुलिस की मुस्तैदी की वजह से आतंक लजर कुछ नहीं कर पाया। महाकुंभ के दौरान लजर यूपी के कौशाम्बी, लखनऊ और कानपुर में रहा था। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया है कि महाकुंभ शुरू होने के पहले से ही कुछ लोग गड़बड़ी कराना चाहते थे, इसकी जानकारी मिली थी। इसी के तहत बब्बर खालसा इंटरनेशनल और ढ्स्ठ्ठ के लजर मसीह को कौशाम्बी से गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 23 दिसम्बर 2024 को यूपी के पीलीभीत में तीन आतंकवादी मारे गए थे। उनके पास से असलहे भी मिले थे। खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने भी महाकुंभ में आतंकी हमले की धमकी दी थी।